Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश


**मुंबई में हार्दियां पाड्या को करना पड़ सकता है हूटिंग का सामना : मनोज तिवारी**

**सिर्फ चेहरे बदलने लगी बीजेपी, सरकार बदलने के मिशन पर चल रही है कांग्रेस : भूपेन्द्र हुड्डा**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष स्वाति संवत 2080

• औरंगाबाद • गुरूवार • 28 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 106 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66, 930 | ₹77,200 |



## आज का इतिहास

- 2005 : रिक्टर पैमाने पर 8.7 की तीव्रता वाला सुनारतन भूकंप 1965 के बाद दूसरा सबसे बड़ा भूकंप था।
- 2013: रूस ने नाटो की आलोचना की सूचना न देकर काला सागर में सैन्य अभ्यास किया।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में बढ़ेगी गर्मी, बारिश के भी आसार

**पटना (नि.सं.)**। बिहार में होली का पर्व खत्म हो गया है। अब मौसम विभाग ने राज्य में तपिश बढ़ने की आशंका जताई है। अगले दो-चार दिनों के भीतर कुछ इलाकों में बारिश के भी आसार हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं है। अप्रैल महीने से बिहार में लू चलने की आशंका नजर आ रही है। राज्य में बीते 24 घंटे के भीतर मौसम सामान्य रहा। मंगलवार को पटना में बादल छाए रहने के आसार हैं। पटना मौसम केंद्र द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक अररिया और किशनगंज जिले के आसपास के इलाकों में मंगलवार को छिटपुट बारिश हो सकती है। 30 मार्च को उत्तर बिहार एवं कोसी-सीमांचल में बूंदाबांदी के आसार हैं। इस दौरान सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश का अनुमान है। अन्य दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी पटना में मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी से की बातचीत

# नई सरकार बनते ही 3 हजार करोड़ की संपत्तियां गरीबों को लौटाएगी सरकार : पीएम नरेन्द्र मोदी

**एजेंसी** | कोलकाता



केंद्र सरकार अब बंगाल में ईडी द्वारा भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई करीब 3,000 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियों और राशियों को गरीबों को लौटाने की तैयारी कर रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बंगाल के नदिया जिले की कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी कृष्णानगर राजघराने की राजमाता अमृता राय से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। पीएम ने इस संबंध में कानूनी रास्ते खोजने की भी बात कही है। राजमाता के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने महुआ मोइत्रा को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ईडी ने गरीबों से लूटी गई करीब 3,000 करोड़ की संपत्तियां अटैच (जब्त) की है, जिसे उन्हीं गरीबों को वापस लौटाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए कानूनी परामर्श लिए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि वह उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सके कि बंगाल में शिक्षकों, क्लर्क की नौकरी आदि के लिए रिश्वत के तौर पर जिन गरीबों का पैसा लूटा गया है, वो उन भ्रष्टाचारियों की जब्त संपत्तियों के जरिए उन तक वापस पहुंच जाए। एक दिन पहले पीएम ने बशीरहाट सीट से उम्मीदवार बनाई गईं संदेशखाली कांड की पीड़िता रेखा पात्र से भी बात की थी। अमृता राय ने प्रत्याशी बनाए जाने के लिए पीएम का आभार जताया। मोदी ने राजमाता से कहा कि आप महाराजा कृष्णरायचंद जी की विरासत को आगे ले जा रही हैं। इसपर अमृता ने कहा कि मैं एक बात साझा करना चाहती हूं। अमृता राय ने कहा कि हम महाराजा कृष्णरायचंद जी के परिवार से हैं। लेकिन, इसका ये लोग (तृणमूल वाले) विरोध कर रहे हैं। बोलते हैं कि ये (महाराजा) ब्रिटिश के साथ थे। हम लोगों को गद्दार समझते हैं। हमने लोगों की भलाई के लिए जमीन दान में दी और अन्य काम किए, वो नहीं बोल रहे हैं। हमारा कहना है कि महाराजा इतना नहीं करते तो हमारा सनातन धर्म खत्म हो जाता।

### कानून बनाना होगा

प्रधानमंत्री ने भरोसा दिया कि चुनाव के बाद नई सरकार बनते ही इसे वापस लौटाने के लिए जो भी नियम या कानून बनाना होगा, वह सब किया जाएगा। पीएम ने भाजपा प्रत्याशी से यह बात सभी लोगों को बताने को भी कहा। पीएम ने राजमाता अमृता राय से लगभग आठ मिनट की बातचीत में उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पीएम ने भरोसा जताया कि बंगाल में इस बार परिवर्तन के लिए मतदान होगा।

# अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से झटका ईडी की रिमांड में ही रहेंगे दिल्ली के सीएम

- दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हिरासत में हैं मुख्यमंत्री

**एजेंसी** | नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपनी गिरफ्तारी और ट्रायल कोर्ट के आदेश (जिसमें केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की रिमांड) को चुनौती दी थी। जिस पर उन्होंने तत्काल सुनवाई की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने 27 मार्च के लिए मामले को सूचीबद्ध कर दिया था। हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी और रिमांड के संबंध में कानूनी वैधता और वैधता के मुद्दे को उठाने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्य याचिका के साथ-साथ याचिकाकर्ता की अंतरिम रिहाई की अर्जी पर 2 अप्रैल तक ईडी से जवाब मांगा है। ईडी ने अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार यानी 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें शुक्रवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने छह दिन की रिमांड दी। अब सीएम केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। ईडी की रिमांड भी कल खत्म हो जाएगी, इसके बाद ईडी कोर्ट में पेश कर फिर से मुख्यमंत्री की रिमांड की मांग कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को आईएनडीएए की रैली में तृणमूल कांग्रेस अपने प्रतिनिधियों को भेजेगी। 21 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में विपक्षी पार्टियों का गठबंधन दिल्ली के रामलीला मैदान में 'महा रैली' की घोषणा करेगा।

# लोस चुनाव : बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अपनी सातवीं उम्मीदवार सूची जारी की। इस सूची में महाराष्ट्र के अमरावती और कर्नाटक के चित्रदुर्ग लोकसभा सीट से उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। भाजपा सातवीं सूची के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 407 नामों का ऐलान कर चुकी है। अमरावती सीट से नवनीत राणा को टिकट दिया गया है। जबकि, कर्नाटक के चित्रदुर्ग (एससी) सीट से दोविंद करजोल को उम्मीदवार बनाया गया है। मुंबई में जन्मी नवनीत राणा भाजपा की कद्दावर नेता हैं। उन्होंने 2019 लोकसभा चुनाव में अमरावती सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को लोकसभा टिकट देने के बाद भाजपा ने करनाल विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उम्मीदवारी भी फाइनल कर दी है। भाजपा ने आंध्र प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 10 नामों की लिस्ट के साथ हरियाणा के करनाल सीट पर भी उम्मीदवार का ऐलान किया। इस सीट पर लोकसभा चुनाव के साथ ही 25 मई को मतदान होगा।

# होली में मायके जा रही मां-बेटी सहित तीन की मौत

**निज संवाददाता** | बछवाड़ा (बेगूसराय)



थाना क्षेत्र के झमटिया चौक के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ पर रविवार की रात्रि ओवरटेकिंग के दौरान एक वाहन से चकमा खाकर तेज रफ्तार अनियंत्रित मारुति सुजुकी डिजायर कार लोहे के बिजली के पोल से टकराकर करीब 30 फीट नीचे गड्ढे में पलट गई। इस दुर्घटना में मां, बेटी एवं नौकरानी की मौत हो गई। वहीं पिता, पुत्र एवं कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान मुजफ्फरपुर गायघाट निवासी राम श्रेष्ठ सिंह के 40 वर्षीय पुत्र सुधीर सिंह, सुधीर सिंह के 12 वर्षीय पुत्र ओम कुमार उर्फ पीयूष कुमार एवं कार चालक मरहूम सखिर मियां के 40 वर्षीय पुत्र मो. हुसैन के रूप में हुई है। मृतक की पहचान सुधीर सिंह की 35 वर्षीय पत्नी अर्चना कुमारी, उनकी 16 वर्षीय पुत्री नम्रता कुमारी एवं 16 वर्षीय नौकरानी काजल कुमारी के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही बछवाड़ा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं सभी घायलों को उपचार के लिए बछवाड़ा सीएचसी में भर्ती कराया। बछवाड़ा सीएचसी में चिकित्सक ने नम्रता को मृत घोषित कर दिया। वहीं अर्चना कुमारी की मौत उपचार के लिए बेगूसराय ले जाने के दौरान हो गई। काजल कुमारी की मौत सदर अस्पताल, बेगूसराय में उपचार के दौरान हो गई। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घायल सुधीर सिंह, उनके पुत्र ओम कुमार उर्फ पीयूष कुमार एवं कार चालक को उपचार के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय रेफर कर दिया।

# कांग्रेस के पप्पू के साथ हो गया खेला, लालू ने पूर्णिया से बीमा भारती को दिया टिकट



**निज संवाददाता** | पटना

पूर्णिया लोकसभा सीट पर सियासी घमासान मचा हुआ है। जदयू छोड़ राजद में आईं बीमा भारती को लोकसभा चुनाव टिकट मिल गया है। लालू यादव ने खुद बीमा भारती को पार्टी का सिंबल दिया है। इस सबके बीच अब पप्पू यादव को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, पप्पू यादव ने पिछले दिनों ही अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय किया था। उन्होंने साफ कर दिया था कि वह महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वे शुरुआत से ही इस सीट पर अपनी दावेदारी पेश करते आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में विलय करने से एक दिन पहले उन्होंने लालू यादव से भी मुलाकात की थी।

# अरुण भारती बने जमुई से लोजपा उम्मीदवार

**निज संवाददाता** | पटना



**पटना**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने जमुई सीट से अपने उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है। रामविलास पासवान के दामाद अरुण भारती को चिराग पासवान ने अपनी सीट दी है। अरुण भारती जमुई से एनडीए की ओर से मैदान में उतरेंगे। इससे पहले चिराग पासवान ने खुद की उम्मीदवारी हाजीपुर संसदीय सीट से घोषित कर दी थी। ऐसे में पांच में से दो सीटों पर चिराग पासवान ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। अरुण भारती ने चिराग पासवान से सिंबल लेते हुए फोटो शेयर कर यह जानकारी दी है कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के केंद्रीय संसदीय बोर्ड ने जमुई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से उनको प्रत्याशी घोषित किया है। अरुण भारती ने सोशल मीढिया साइट पर लिखा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चिराग पासवान ने उनको सिंबल प्रधान किया है।

### कौन है अरुण भारती

रामविलास पासवान और रीना पासवान के दो बच्चे हैं, एक चिराग पासवान और दूसरी निशा पासवान। अरुण भारती निशा पासवान के पति हैं और पेशे से इंजीनियर हैं। चाचा पशुपति कुमार पारस और चचेरे भाई प्रिंस राज को झटका देने वाले लोजपा-रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान जमुई सीट से अपने बहनोई अरुण भारती को राजनीति में लॉन्च कर दिया है। वैसे अरुण भारती कांग्रेस परिवार से आते हैं।

# संपत्ति कर 31 तक भुगतान नहीं किया तो देना होगा अतिरिक्त शुल्क

**पटना (नि.सं.)**। संपत्ति कर का भुगतान 31 मार्च तक नहीं करने पर 1.5 फीसदी अतिरिक्त शुल्क पटना नगर निगम को देना होगा। यह अतिरिक्त शुल्क जुर्माने के तौर पर लगेगा। निगम ने पहले ही 400 संपत्तियों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा चुकी है और उन भवनों पर नोटिस भी चिपकाया गया है, जिनके मालिकों पर निगम का ज्यादा बकाया है। वहीं जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 का अबतक संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है वे 31 मार्च तक राशि का भुगतान कर दें। वहीं बकायेदार जिन्होंने अबतक अपना शुल्क जमा नहीं किया है उनके लिए भी यह आखिरी मौका है। संपत्ति शुल्क भुगतान के लिए नगर निगम लगातार अभियान चला रहा है, लेकिन अब भी कई बकायदारों ने भुगतान नहीं किया है। आम लोगों की सुविधा के लिए रविवार एवं अवकाश के दिन भी पटना नगर निगम के सभी काउंटर खुले रहेंगे, ताकि वे छुट्टी के दिन भी संपत्ति कर का भुगतान कर सकें। 31 मार्च से पहले रविवार के अलावा सामान्य अवकाश वाले दिन भी यह सेवा जारी रहेगी। हेल्प लाइन नंबर पर करें संपर्क : पटना नगर निगम की टीम की ओर से संपत्ति कर संग्रहण के साथ-साथ नई संपत्ति का कर निर्धारण भी ऑन स्पॉट किया जा रहा है। संपत्ति कर का निर्धारण अथवा पुनर्निधारण के लिए शहरवासी निगम की ओर से जारी टोल फ्री नंबर 155304 पर कॉल करके अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं। स्लॉट बुक कराए जाने के बाद पटना नगर निगम की टीम उनके घर-प्रतिष्ठान पर जाकर कर का निर्धारण और पुनर्निधारण का काम पूरा करेगी।


BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com





## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की किया हत्या

**पत्नी के अबैध संबंध का विरोध करना पति को पड़ा भारी**

**नवादा।** जिले के उग्रवाद प्रभावित रोह थाना क्षेत्र के अनैला बधार से पिछले 12 मार्च को बरामद सुनील रजक के शव मामले से पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। पत्नी का दो युवकों से अबैध संबंध का विरोध करना पति को जान देकर कीमत चुकानी पड़ी। उक्त मामले में पत्नी समेत दोनों प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ प्रथम अनोज कुमार ने हत्या का खुलासा करते हुए कहा कि सरिता देवी ने 12 मार्च को थाने में पति सुनील रजक के 09 मार्च से गायब होने की सूचना दी। पुलिस ने इस बात कांड संख्या 81/24 दर्ज कर अनुसंधान आरंभ किया। सुनील का सर- धड़- हाथ आदि अलग अलग शव अनैला बधार से बरामद होने तथा पत्नी के द्वारा शव का पहचान करने के बाद पुलिस ने खोजी कुत्ता के अलावा वैज्ञानिक अनुसंधान आरंभ किया। वैज्ञानिक अनुसंधान के क्रम में पता चला कि सरिता का अबैध संबंध दो व्यक्ति से चल रहा था जो उसे मुम्बई ले जाना चाहता था। पति उसका विरोध किया करता था। सरिता व उसके प्रेमी ने मिलकर हत्या की योजना बनाई तथा रोह बाजार के रजनीश कुमार उर्फ रजनीश विश्वकर्मा ने अपने मुम्बई के दोस्त सुजीत कुमार के साथ मिलकर बेल्डिंग दुकान में शरीर के टुकड़े टुकड़े कर शव को बोरे में बंद कर अनैला के बधार में फेंक दिया। वैज्ञानिक अनुसंधान के बाद मुम्बई से सुजीत की गिरफ्तारी व स्वीकारोक्ति बयान के बाद पुलिस ने हत्यारी पत्नी समेत तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इस क्रम में हत्या में प्रयुक्त धारदार छुरा, ब्लेड व हथौड़ा समेत 04 मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नारायणपुर गांव में मारपीट की घटना में सात बने आरोपित

**नरहट(नवादा)।** थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में सोमबार की रात्रि पुरानी रंजिश के कारण मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना में जदयू नेता अयोध्या शरण घायल हो गए। उनका ईलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट में कराया गया। इस बाबत जख्मी अयोध्या शरण ने थाना में आवेदन देकर इस घटना में शामिल सात लोगों को आरोपित बनाया है। फायरिंग की भी बात बतलाई जा रही है। घटना स्थल से पुलिस ने दो खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुरानी रंजिस में मारपीट की घटना हुई है। बताया जाता है दोनों पक्ष में बराबर विवाद होते रहता है। पहले भी लड़ाई झगड़े हुए हैं। पुलिस इन सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

### छिटपुट घटनाओं के बीच होली का त्योहार सम्पन्न

**नरहट।** छिटपुट घटनाओं के बीच रंगों का त्योहार होली प्रखण्ड क्षेत्रों में शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई। होली पर खूब उड़े अबीर गुलाल ढोल-मजीरे के धुन पर लोगों ने हर्षोल्लास के साथ जमकर होली खेली। हुड़दंगियों पर लगाम के लिए थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह एसएसबी के जवानों के साथ पेट्रोलिंग करते दिखे। होली को लेकर पुलिस प्रसाशन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। होली और रमजान पर्व को देखते हुए पैट्रोलिंग कर रहे थानाध्यक्ष ने शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लोगों से पर्व को शांति व भाईचारें के साथ मनाए जाने की अपील भी कर रहे थे। थानाध्यक्ष ने लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी से होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारा के बीच मनाने की अपील की वहीं इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि अगर किसी ने भी पर्व में खलल डालने की कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा, पुलिस उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी।

### ससुराल में विवाहिता की छत से गिर कर मौत, माइके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**नरहट(नवादा)।** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक विवाहिता क्रो प्रताड़ित करते हुए छत से धक्का देकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। यह आरोप मृतका क्रे मायके वालों ने लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने शव क्रो अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव क्रो परिजनों को सौंप दिया है और मामले की अनुसंधान में जुट गई है। घटना क्रे अंजाम देने क्रे बाद पति समेत सभी ससुराल वाले घर छोड़कर फरार है। मिली जानकारी क्रे अनुसार विवाहिता क्रो ससुराल में हत्या कर देने का मामला सामने आया है। यह आरोप मृतका क्रे मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर लगाते हुए कहा गया कि दहेज क्रो लेकर अक्सर प्रताड़ित और मारपीट किया जाता था ,अंततः उसे मौत के घाट उतार दिया गया है। यह मामला जिले क्रे नरहट थाना क्षेत्र क्रे पंडिबिगहा गांव की है, जहां अमित कुमार की पत्नी पिंकी कुमारी की हत्या छत से धक्का देकर कर दिया गया है। गिरियक नालन्दा निवासी मृतका क्रे पिता रामसागर चौधरी ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों से यह सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। जहां ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करते हुए छत से धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। मृतका क्रे पिता ने बताया कि पूरे हिंदू रीति रिवाज के साथ अप्रैल 2019 में उसकी शादी की गई थी। शादी में अपने क्षमतानुसार दहेज में नगद क्रे साथ-साथ आवश्यक सामग्रियां दी गई थी। उसके बाद भी ससुराल वालों ने लगातार दहेज में दो लाख नगद और फ़ोर वीलर गाड़ी की मांग करते और प्रताड़ित करते रहते थे। उसी को लेकर आज उसकी हत्या कर दी गई। मृतका के शव को आज पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा है। इस घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गए हैं। पीड़ित पिता द्वारा स्थानीय नरहट थाने में लिखित रूप से आवेदन देकर पति समेत ससुराल के 9 लोगो क्रो नामजद अभियुक्त बनाया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि मृतक के पिता के द्वारा दिये गए आवेदन पर दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल, होली का रंग हुआ बदरंग गांव में पसरा मातम

**पकरी वर्मा।** थाना क्षेत्र के मेघीपुर यादव टोली के निकट सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल होगया । प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया ईलाज के दौरान घायल युवक राजेंद्र यादव का पुत्र सनी कुमार का मौत हो गई जबकि 32 वर्षीय नवलेश कुमार पिता रामानंद यादव का पावापुरी में इलाज चल रहा है। दोनो घायल युवक एक ही गांव मेघिपुर के रहनेवाला है । मृतक के परिजन के द्वारा बताया जाता है की मंगलवार को दोपहर कीचड़ होली खेलने के क्रम में पकड़ी बारमा से नवादा की ओर जा रही अज्ञात वाहन चालक कीचड़ से बचने को लेकर तेज रफ्तार से दोनो युवक को रौंदते हुए भाग निकला इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आपस में बाईक के धक्का लगने से घटना हुई जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गया और इलाज के लिए नवादा ले जाया गया जहां डॉक्टर एक को मौत घोषित कर दिया जिसको पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थाना में किसी प्रकार का शिकायत दर्ज नहीं कराई गई बताया जाता है परजनों के द्वारा आपसी सहमति पर मेल मिलाप कर लिया गया। युवक दिल्ली में रहकर काम करता था होली मनाने घर आया था।

### मजदूर का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम, गांव में मातम

**भगवानपुर/बेगूसराय।** हरियाणा के पानीपत में मृतक मजदूर युगेश्वर पासवान का शव मंगलवार को घर ग्राम तेलन पहुंचते ही कोहराम मच गया। शव को देखते ही पत्नी राम विराजी देवी,पुत्र रम्ण व दिवांशु सहित परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। घर पर इस हृदय विदारक दृश्य देख शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसकी आंखें नम नहीं हुई हों। वहीं असामयिक मौत से मर्माहत माता उर्मिला देवी ने अपने बुढ़ापे का सहारा छिन जाने की बात बताई।बताया जाता है कि मृतक हरियाणा के पानीपत में मजदूरी का कार्य करता था। कार्य के दौरान ही वह हादसे का शिकार हो गया।

**रंग, अबीर, गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी होली पर्व की शुभकामनाएं**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली पर्व

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में होली पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को रंग, अबीर गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। वैसे कहीं से भी किसी प्रकार का अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है। लेकिन पर्व के दौरान कई गांवों में हल्की झपड़ होकर ही रह गयी। समझौते के बाद आपसी भाईचारा के साथ लोगों ने होली पर्व को मनाया। पर्व के दौरान क्षेत्र में अमन, शांति,सौहार्दपूर्ण तरीके से बहाल करने के उदेश्य से पुलिस हर वक्त मुस्तैद रही। पर्व को लेकर सुबह से लोग इसकी तैयारी में जुट गये। परम्परागत तरीके से होली पर्व मनाया गया। इस अवसर पर लोग ढोल, बाजे के साथ गाते बजाते झुमते हुए काफिला होलिका दहन स्थल पर पहुंचे, और राख उड़ाकर गाते बजाते गांव की ओर टोली पहुंची,और एक दूसरे को कादो,मिटटी लपेटकर होली की शुभकामनाएं दिया,उसके उपरांत रंग,बिरंगी अबीर गुलाल लगाकर गले से गले मिलकर पर्व की बधाई दिया। बच्चे व महिलाओं ने भी परम्परागत तरीके से होली पर्व मनाया। सब लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान घरों में पुआ, पुड़ी, मटर पनीर, आलूदम समेत अन्य प्रकार के व्यंजनों को बनाकर इष्ट मित्रों के साथ खाने खिलाने का दौर देर रात तक जारी रहा। वही कई घरों में मांसाहारी भोजन भी बनाकर लोगों ने रसास्वादन की। इस अवसर पर बुधवार को नारदीगंज बाजार, नारडीडीह, ओड़ो, कहुआरा, परमा, पनछेका, कोशला, हंडिया आदि गांवों में मटका फोड़ो कार्यक्रम चलाया गया। आयोजक मंडल के लोगों ने सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया रंगों का पर्व होली शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न हुआ। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

## शांतिपूर्ण माहौल में मना तीन दिवसीय होली का त्यौहार,पुलिस रही मुस्तैद



निज संवाददाता। **रजौली**

नगर पंचायत समेत प्रखण्ड क्षेत्र में तीन दिवसीय होली शांतिपूर्ण ढंग से बिता।इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस पदाधिकारियों एवं बल की मुस्तैदी रही।वहीं कई जगहों पर होली मिलन समारोह किया गया।इस दौरान रजौली दवा विक्रेता संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष दिनेश कुमार पिंकु के नेतृत्व में होली मिलन समारोह किया गया।जिसमें जिलाध्यक्ष ब्रजेश राय,अशोक कुमार पिन्टू,भोला प्रसाद के अलावे दर्जनों दवा विक्रेता शामिल रहे।सोमवार को कुछ लोगों द्वारा आतर कहकर छिटपुट होली मनाई गई जबकि मंगलवार एवं बुधवार को होली के रंग में सभी लोग अबीर,गुलाल एवं रंगों में डूबे रहे।वहीं होली के साथ-साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ मौजूद रहे।थाना क्षेत्र में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रही।वहीं जहां डीजे वगैरह बजाते हुए लोग पाए गए,वहां से पुलिस ने मशीन आदि भी जब्त किया।क्षेत्र में कम उम्र के बच्चे सुबह से ही होली को ले विभिन्न प्रकार के रंग घोलकर पिचकारी से एक-दूसरे को रंगों में नहाते दिखे।सभी घरों में पुआ-पकवान की खुशबू आती रही।कहीं-कहीं कीचड़ के साथ भी लोगों ने होली खेली।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार,अपर थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार,एसआई गौतम कुमार एवं पुलिस बल के साथ सुबह से ही गश्ती के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील करते दिखे।

## खोदावंदपुर के मजदूर की कोलकाता में इलाज के दौरान हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

निज संवाददाता। **खोदावन्दपुर/ बेगूसराय**





खोदावंदपुर के मजदूर की कोलकाता में इलाज के दौरान मौत हो गयी. मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया. मृतक मजदूर बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड 09 स्थित गोगल टोल निवासी रामजपो महतो के 22 वर्षीय पुत्र शिवजी महतो है. घटना के संदर्भ में मृतक के परिजनों ने बताया कि गत सात मार्च को शिवजी मसाला कंपनी में मजदूरी कर वापस अपने कमरा लौट रहा था, तभी मछुआ तबला पट्टी शॉपिंग मॉल के सामने कोलकाता में काम करके पैदल अपने बारी लौट रहे मजदूर को यात्री सवार बस ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे मजदूरी गंभीर रुप से जख्मी हो गया. जख्मी मजदूर को उसके परिजनों ने इलाज के लिये एस एस के एम हॉस्पिटल कोलकाता में भर्ती करवाया, जहां उसकी इलाज चल रही थी. इसी दौरान 24 मार्च को इलाज के दौरान ही अचानक उसने अपना दम तोड़ दी. तब जाकर इसकी सूचना कोलकाता के पोस्ता थाना को दी गयी और थाने के पुअनि सुभजित गोष ने मजदूर के शव को पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया. इस मामले में 24 मार्च को पोस्ता थाने में कांड संख्या- 29/024 दर्ज की गयी. तथा मृतक के परिजनों ने 25 मार्च की रात्रि में मजदूर शिवजी के शव का अंतिम दाह संस्कार कोलकाता में ही कर दिया गया.

**शिवजी की मौत से उसके परिजनों का है रो-रोकर बुराहालः-** मजदूर शिवजी की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है. मृतक की मां लीला देवी, वृद्ध दादी महजनिया देवी, जवान पत्नी प्रीति कुमारी, बहन ललिता देवी, चांदनी कुमारी व फूलकुमारी दहाड़ मारकर रो रही थी. तथा उसके पिता राम जपो महतो, भाई राजेश महतो, राजकुमार, भाभी सोनिया देवी व माला देवी के आंखों में आंसू भी थमने का नाम नहीं ले रहा था. मृतक अपने तीन भाइयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था.

## कला ज्योति संस्कारशाला" साप्ताहिक प्रशिक्षण शिविर में रंगा रग होली मिलन समारोह में पहुंचे मंत्री प्रेम कुमार

निज संवाददाता। **गया**



कला ज्योति संस्कारशाला" साप्ताहिक प्रशिक्षण शिविर ,जो रंगकर्मी शम्भू सुमन के निर्देशन में 2003 से प्रतिवर्ष संचालित है जिसमे"होली आयो रे" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें बिहार सरकार के माननीय सहकारिता एवं वन पर्यावरण मंत्री माननीय डॉ प्रेम कुमार की बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए. कार्यक्रम का विषय प्रवेश एवं स्वागत, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत रंगकर्मी शम्भू सुमन ने कराया। साथ ही स्थापित, युवा व नवोदित कलाकारों के अभ्यास हेतु शहर में स्थान उपलब्ध कराने व मंचन हेतु दूरदर्शन व रेडियो स्टेशन के अलावे राज्य स्तर पर "शुक्र गुलजार शनिवार बहार "कार्यक्रम आयोजन व कला संस्कृति हेतु राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित संगीत नाट्य अकादमी नई दिल्ली एवं उत्तर में सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज उत्तर प्रदेश के लिए जिला स्तरीय अनुशंसा नवोदित युवा स्थापित कलाकारों को करने हेतु , आग्रह किया गया ।साथ ही कलाकारों की प्रस्तुति खास कर कला ज्योति संस्कारशाला के बच्चों की प्रस्तुति हेतु दुबारा आने का आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर रंगकर्मी शम्भू सुमन, रोशनी कुमारी ,अंजली कुमारी, सुधांशु कुमार, प्रियांशु कुमार, अंशु कुमार ,प्रिंस कुमार आराध्या नयन,अदिति कुमारी ,रोशनी कुमारी, श्रुति कुमारी, दीपिका कुमारी ,शिल्पा कुमारी ,संभावना कुमारी, कसक कुमारी ,संजना कुमारी ,राधिका कुमारी, रश्मि कुमारी रावत ,मुस्कान कुमारी रावत ,आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉक्टर अरुण कुमार प्राचार्य विराजमोहिनी कन्या मध्य विद्यालय ने आगत अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया यह कार्यक्रम स्थानीय विराजमोहिनी कन्या मध्य विद्यालय में संचालित हुआ ।

## सिघोल से गयाब छात्रा की लाश कुआ से मिली

निज संवाददाता। **बेगुसराय**

बेगूसराय में 3 दिन से लापता इंटर की छात्रा की शव को कुआं से पुलिस ने बरामद किया है। वही इंटर की छात्रा का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं छात्रा का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के सिंघौल वार्ड नंबर एक की है। मृत छात्रा की पहचान सिंघौल वार्ड नंबर 1 के रहने वाले आनंद ठाकुर की पुत्री मुस्कान कुमारी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले अचानक घर से छात्रा लापता हो गई। घर वालों के द्वारा छात्रा को काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई अता-पता नहीं चल सका। फिर बाद में परिजनों के द्वारा थकहार कर सिंघौल थाना में गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया। आज जब लोगों ने कुआं के पास गया तो काफी बदबू उसे कुआं से निकल रहा था। जब लोगों के द्वारा नजदीक पहुंचकर उस कुंआ में झांखकर देखा तो छात्रा का शव उसे कुएं में पड़ा मिला। तभी इसकी सूचना सिंघौल थाना पुलिस को दी।

**बुधवार को मनेगी बुढ़वा होली, जगह जगह होगा मटका फोड़ होली**

# पुलिस की भारी सुरक्षा के बीच पहले दिन की होली में खूब उड़े अबीर-गुलाल, -ढोल-मंजीरे के धुन पर जमकर झूमे लोग

निज संवाददाता। **नवादा**



होली का त्यौहार पहला दिन जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। होली पर्व को देखते हुए पुलिस शांति व्यवस्था को ध्यान में रखक्षलगातार पैदल गश्त करती रही। जिलेवासियों से पर्व को शांति व भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील भी करती रही। नगर में भारी फ़ोर्स के साथ पैदल मार्च के दौरान बुंदेलखंड थानाध्यक्ष अखलेश कुमार सहित सभी थानाध्यक्षकोंने पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी से होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारा के बीच मनाने की अपील की। इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि अगर किसी ने भी पर्व में खलल डालने की कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस उसके विरुद्ध कार्रवाई करेगी। पैदल मार्च निकालकर आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया गया । बुधवार को बुढ़वा होली के साथ जगह जगह मटका फोड़ने का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही होली की विदाई व चैता गायन शुरू होगा जिसका समापन चैत पूर्णिमा को होगा।

## बरौनी में फसल अवशेष जलाने के दौरान लगी भीषण आग

निज संवाददाता। **बरौनी/ बेगूसराय**



बरौनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिपरा देवस बाबा स्थान वो मालती चौर में किसानों द्वारा फ़सल अवशेष जलाने के दौरान भीषण आगजनी की घटना घटित हुई। वहीं घटना की सूचना पाते ही बरौनी थाना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड के तत्परता से तत्क्षण ही आग पर काबू पा लिया गया है। आगजनी के संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सरसों के फ़सल अवशेष को जलाने के दौरान ही आग लगा गई, और वह विकराल रूप धारण कर रही थी। तभी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सुचना मिली, जिस पर फायर ब्रिगेड के साथ-साथ बरौनी थाना पुलिस के संयुक्त कार्रवाई से आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 500 एकड़ में लगी फ़सल जलने से बचा लिया गया। विदित हो कि पांच वर्ष पहले भी इस तरह की आगजनी से हजारों एकड़ भूमि में लगी फ़सल लोगों के आंखों के सामने धू- धू कर जल गया था। वहीं इस संबंध में जानकारी देते फायर ब्रिगेड स्टेशन बरौनी के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि फ़सल अवशेष नहीं जलाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है। लेकिन लोग समझ नहीं पाते ।इसके लिए कृषि विभाग द्वारा भी जांच होना अति आवश्यक है । बरौनी प्रखण्ड क्षेत्र में किस परिस्थिति में फ़सल अवशेष जलाई जाती है। जिस कारण खेतों में लगे फसल का नुकसान होता रहता है ।

# बुज़ुर्गों के सादर सम्मान में बूढ़वा होली धूमधाम से सम्पन्न

निज संवाददाता। **नवादा**



काफी दिनों से चली आ रही परंपरा के अनुसार पूरे देश ब्रज, गोकुल, मथुरा, बरसाने, अवध,मिथिला और मुम्बईया होली मनाई जाती है। इसी तरह मगध में बुढ़वा होली बहुत धूमधाम मनाई जाती है। यह मुख्य होली के दूसरे दिन शानदार तरीके से मनाया जाता है। मगध प्रमंडल गया,जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा,नालंदा और जमुई ईलाका में बुढवा होली का प्रचलन जमिंदारी जमाने से आरंभ हुआ जो आज भी जारी है। विदित हो कि बुधवार को बूढ़वा होली के दिन सरकारी तौर पर छुट्टी नहीं रहती बावजूद मगध में अघोषित तौर पर न केवल छुट्टी बल्कि कर्फ्यू की स्थिति रहती है। सरकारी और गैर सरकारी संस्थान प्रायः बंद रहता है। हरेक सङक मुहल्ला और गांव की गलियों में होली के दिन से भी व्यापक तौर पर मनाया जाता है। वरीय नागरिक संघ के महासचिव महेन्द्र प्रसाद सिंह कहते हैं कि यह होली बुजुर्गों के मान सम्मान की होली कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। आम तौर पर बुजुर्गों की अनदेखी होती आ रही है। लेकिन बुढवा होली एक मात्र अकेला पर्व है ,जो बुजुर्गों के नाम से चर्चित व उल्लेखनीय है। इसमें समाज के सभी वर्गों के लोग मिलजुल कर उत्साहित होकर मनाते हैं। बूढ़बा होली में महिलाएं ,बुजुर्ग युवा और बच्चे सभी तन मन धन से शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते आ रहे हैं। मगध में बुढबा होली मनाने के पीछे अनेक कहानियां रही है। इसमें से एक सर्वविदित कहानी है कि एक राजा होली के दिन बीमार पङ गये थे। वह राजा जनप्रिय था,लिहाजा आम जनता ने भी होली नहीं मनाई थी। पिछले दिन जब राजा को पता चला तो राजा ने दूसरे दिन होली खेली।

**शिव पुराण में भी है बुढवा होली का जिक्रः-** बुढबा होली की प्रासंगिकता शिव पुराण से भी मेल खाता है।वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर गावं में पारम्परिक तरीके से कुल देवता का पूजा के साथ बुढ़वा होली मनाई गयी. गावं में ग्रामीण कीर्तन टोली घूम घूम कर पारम्परिक होली गीतों से झूम रहे थे मान्यता हैं की आदिकाल में होली के दिन भगवान विष्णु और महालक्ष्मी होली खेल रहे थे तब नारद मुनि ने इसकी चर्चा भगवान शिव से की थी। भगवान शिव ने अपने प्रमुख गण बीरभद्र को बताया था कि मंगल का दिन हो और अभिजीत नक्षत्र हो उस दिन यह होली खेलते हैं। बिषुणदेव पाण्डेय ने कहा कि पंचागों में भी बुढबा मंगल का जिक्र मिलता है। बदलते समय के साथ लोग मंगल दिन का इन्तज़ार करने बजाय होली के अगले दिन होली धूमधङाके के साथ खेलने लगे।

**कस्बे , टोले और मुहल्लों होली गाते हैं :-** मगध में जो लोग जो पहले दिन होली नहीं खेल खेलते हैं ,उन्हें बुढबा होली के दिन सराबोर होने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्य होली के दिन आम तौर पर दोपहर के पहले कादो और मिट्टी से खेलने की परम्परा रहीं है । समय की आपाधापी मे लोग शाम की होली से जो बच जाते हैं, उन्हें बुढवा होली में बचना मुश्किल हो जाता है। बुढ़वा होली के दिन होली गाने वाले की टोली जिसे झूमटा कहते है। अराध्य स्थलों पर निकलकर कस्बे, टीले और मुहल्ले में होली गाते हुए गुजरता है। फिलहाल जिले में बच्चों द्वारा मटका फोड़ने की एक नयी परंपरा की शुरुआत की गयी है जिसकी तैयारी आरंभ कर दी गयी है। बुधवार को नगर के हर मुहल्ले, कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बुढ़वा होली के साथ मटका फोड़ होली की धूम रही मौक़े पर लाल कीर्तन समाज के सुरेश राम, सुधीर प्रसाद सिंह, राजेंद्र प्रसाद, सरोज दास, देवनंदन प्रसाद, बृजनन्दान पंडित, संजीत कुमार, विनोद कुमार, भागवत महतो, अनिल सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे.

## मां के डांटने से गुस्सा में आकर बेटी ने कर ली खुदकुशी

निज संवाददाता। **वीरपुर,बेगुसराय**

वीरपुर प्रखंण्ड के पर्रा पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव वार्ड संख्या 6 में मंगलवार को अनिल मोची की 13 वर्षीया पुत्री वर्षा कुमारी ने गले में फंदा लगा जान दे दी। यह घटना उस समय हुई जब लोग होली के पर्व में मशगूल थे। इसी दौरान होली में संयमित तरीके से रहने को लेकर किशोरी की मां ने उसे डांट-फटकार लगा दी थी। इसी गुस्से में आकर वह घर स्थित बांस के बल्ले में रस्सी बांध कर फांसी लगा ली। उसकी मां जब खेत से लौटी तो बेटी को फंदे से झूलते देख अवाक रह गई। उसे फंदे से नीचे उतार इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक को बुलाया। पर तबतक देर हो चुकी थी। उसका दम टूट चुका था। सूचना पर वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani |com ई-पेपर sonvarshavani |com/epaper



मृतक के परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

# दो सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद-एकंगरसराय सड़क पर काको के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि बराहरा गांव निवासी कौशलेंद्र कुमार जहानाबाद जा रहा था। जैसे ही सड़क पर पहुंचा तो दूसरी दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। परिजनों ने कहा कि डॉक्टर ने लापरवाही की और उसकी जान चली गई। हम लोगों ने बार-बार मरीज को ऑक्सीजन लगाने को कहा लेकिन डॉक्टर ने कहा कि ऑक्सीजन नहीं है। इसके कारण मरीज को ऑक्सीजन नहीं मिला और जान चली गई। वहीं दूसरी घटना इस्लामपुर फतुहा सड़क पर नारायणपुर गांव के पास की है। जहां पर घोसी थाना क्षेत्र के चीरी गांव निवासी मनीष कुमार को भी नारायणपुर गांव के पास पुल पर टक्कर मार दिया। इसके कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना फतुहा थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

## सड़क हादसे में पुलिस जवान की मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में राजपुर नासरीगंज पथ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से डायल-112 में कार्यरत एक पुलिस जवान की मौत हो गई। वे अपनी ड्यूटी के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। मृतक पुलिस जवान की पहचान पकड़ी गांव निवासी मनोज तिवारी के रूप में की गई। सूचना पर राजपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बुधवार अहले सुबह पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। होली की रात मौत की सूचना के बाद मनोज तिवारी के घर मातम है। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे मृतक के रिश्तेदार ने बताया कि आर्मी से सेवानिवृत्त के बाद मनोज तिवारी डायल 112 पुलिस टीम में कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां चिंताजनक स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल सासाराम में लाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## व्यवसायी की इलाज के दौरान हुई मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के धौडाढ़ थाना क्षेत्र में व्यवसायी की गोली मार कर हत्या कर देने बाद दहशत का माहौल है। दरअसल होलिका दहन के दिन गोली से घायल व्यवसाई की मौत इलाज के क्रम में हो गई। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक व्यवसायी का शव जब मेंदनीपुर गांव पहुंचा तो मौके पर बड़ा संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों में घटना को लेकर अक्रोश देखा गया। धौडाढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गोली से धायल युवक बजरंगी सिंह 27 साल की मौत इलाज के क्रम में हो गई है। उसे दो गोली लगी थी, एक हाथ में दूसरा पेट में, शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक मेदनीपुर गांव के महेंद्र सिंह का बेटा बताया जाता है। ज्ञात हो कि जिले के धौडाढ़ थाना थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव में रविवार रात अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी थी। घायल युवक मेंदनीपुर गांव का बजरंगी सिंह को दो गोली लगी थी। रात को गोलीबारी के बाद गांव में हड़कंप मच गया था।

# खलिहान में लगी आग, लाखों की संपत्ति राख, पीड़ित ने की मुआवजे की मांग

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद घोसी थाना क्षेत्र के देहुनी गांव में अनिल शर्मा के खलिहान में आग लग गई। अगलगी में 6 पुंज जल गए। जिस कारण लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ। अनिल शर्मा ने बताया कि जब सुबह हम उठे तो देखा कि मेरे नेवरी के पुंज से आग की लपटें निकल रही है। सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी की आग बुझ नहीं पा रही थी। सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर फायर ब्रिगेड दो गाड़ियां पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। अनिल शर्मा ने कहा कि किसी असामाजिक तत्व ने आग लगाई है। जिसके कारण मुझे काफी नुकसान हुआ है। मेरा साल भर का पूंजी जलकर खाक हो गया। अगर सरकार ने मुझे मुआवजा उपलब्ध नहीं कराया गया तो मुझे कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। आग कैसे लगी, जांच की जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि होलिका दहन होने के कारण आग लग सकती है, लेकिन जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आग कैसे लगी।

## नशे में हंगामा करते आठ शराबी गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले की भभुआ, भगवानपुर व सोनहन थाने की पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा करते बदमाश उत्तम पटेल सहित आठ शराबियों को गिरफ्तार किया है। नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में गई पुलिस टीम ने सिकठी गांव के उत्तम पटेल, चैनपुर के रुपापटी निवासी रामाश्रम प्रसाद, भभुआ के चांदोरुइया निवासी बनारसी बिंद, अखलासपुर के रामअवतार बिंद, विनोद कुमार, मोकरी का अदालत अंसारी व शहबाज अंसारी को पकड़ा है। शराब के नशे में उत्तम पटेल को नगर थानाध्यक्ष की सूचना पर भगवानपुर पुलिस ने बोलेरो गाड़ी के साथ पकड़ा है। सोनहन थानाध्यक्ष राहुल कुमार दिनकर ने क्षेत्र के नारायणपुर गांव के पंकज कुमार पांडेय को शराब के नशे में पकड़ा है। भभुआ व सोनहन थाने की पुलिस ने आठों शराबियों की सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराते हुए कोर्ट के समक्ष पेश किया।

# महिलाओं ने खेली मटका फोड़ होली

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में होली के त्योहार के आज दूसरे दिन मगध क्षेत्र में मटका फोड़ का आयोजन किया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मटका फोड़ने की प्रथा काफी लंबे समय से चली आ रही है। इसको लेकर जहानाबाद में कई स्थानों पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, शहर के मलहचक इलाके में महिलाओं के लिए मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले 10 सालों से आसपास की महिलाएं इकट्ठा होकर मटका फोड़ती हैं। होली का पर्व मनाती हैं। उन लोगों का कहना है कि 10 सालों से हम लोग मटका फोड़ने का कार्यक्रम आयोजन कर रहे हैं। आसपास के लोग इसमें भाग लेते हैं, जो महिलाएं मटका फोड़ देती है उसे आयोजकों द्वारा पुरस्कार भी दिया जाता है। महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधे मिलाकर चल रही है। पहले मटका फोड़ने का काम पुरुष किया करते थे। लेकिन महिलाएं भी अपनी भागीदारी निभा रही है। महिलाएं कीचड़ में पानी की बौछार को सहते हुए मटका फोड़ रही है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के लोग इकट्ठे हो जाते हैं। कई जगहों पर पुरुषों द्वारा भी मटका फोड़ने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। लेकिन जिस तरह से महिलाएं इस तरह का आयोजन में बढ़-चढ़ कर भाग ले रही है। इससे प्रतीत हो रहा है कि महिलाएं सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही है। पुरुष के कदम से कदम मिलाकर महिलाएं चल रही है। जहां होली के पर्व में महिलाएं घर से निकलने में डरती थी, वहीं आज महिला मटका फोड़ने कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

## क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर मामले में 3.50 लाख जुर्माना

**भभुआ (कैमूर)(नि.सं.)।** शहर के वार्ड छह में ट्रैक्टर व बोलेरो की टक्कर से क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर मामले में विद्युत बोर्ड ने 3.50 लाख रुपए का जुर्माना करते हुए नगर थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में सहायक विद्युत अभियंता राकेश प्रभाकर द्वारा नगर थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया कि भभुआ वार्ड 6 में डीएम आवास के पास ट्रैक्टर व बोलेरो की टक्कर से विद्युत ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों को जब्त कर थाना लाया। आवेदन में कहा गया है कि विद्युत बोर्ड द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त मामले में 3 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर थाना में केस दर्ज कराया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में नौ लोग घायल, चार रेफर

निज संवाददाता



**कुदरा (कैमूर)।** कुदरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्ष के नौ लोग घायल हो गए। चार लोगों की स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी देते हुए घायल के परिजन रवि रंजन कुमार, रोशन कुमार और विनोद शाह ने बताया कि घर के अंदर बैठे थे तभी एक पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान घर का सारा सामान भी तोड़ दिया। जब हालत और खराब हो गई तो हमने भी डंडे से पिटाई शुरू कर दी।

आसपास के लोगों ने फिर मामला शांत कराया और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों में स्वर्गीय दशरथ चौधरी का 52 साल का बेटा राम चौधरी, राम चौधरी का साल का बेटा पंकज कुमार और 23 साल का बेटा धनंजय कुमार, स्वर्गीय मोती शाह का 67 साल का बेटा सहदेव शाह, सहदेव शाह का 47 साल का बेटा विनोद शाह, विनोद शाह की पत्नी सरोज देवी, विनोद शाह का 19 साल का बेटा कुंदन कुमार और विनोद जायसवाल का 25 साल का बेटा रवि रंजन कुमार और रोशन कुमार शामिल है। वहीं कुदरा थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि रामपुर गांव में दो पक्ष में मारपीट की सूचना मिली है। इसमें कई लोग घायल हो गए है। सब का इलाज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे खड़ी पुलिस वैन में स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

निज संवाददाता




सासाराम (रोहतास)। रोहतास के अगरेर थाना क्षेत्र में सासाराम-आरा स्टेट हाईवे पर मंगलवार को पुलिस की 112 नंबर गाड़ी में विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना के समय 112 नंबर की गाड़ी स्टेट हाइवे के किनारे खड़ी थी, और उसके पुलिसकर्मी भी बाहर खड़े थे। वहीं इस हादसे में किसी पुलिसकर्मी हताहत नहीं होने की सूचना है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 112 गाड़ी नंबर की वैन पीछे से भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं पुलिस ने स्कार्पियो को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। अगरेर थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सोमवार को ही अगरेर थाना को 112 नंबर की गाड़ी विभाग से थाने को मिली थी। आज होली को ले 112 नंबर की गाड़ी पेट्रोलिंग के लिए निकली थी। इस क्रम में वह गाड़ी को सासाराम-आरा स्टेट हाइवे पर सेमरा स्कूल के पास सड़क किनारे लगा, यातायात पर नजर रख रहे थे। इसी क्रम में एक तेज गति से आ रहे स्कार्पियो ने पुलिस के वाहन में टक्कर मार दी। बताया कि इस हादसे में दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई है। स्कार्पियों में एक मात्र चालक था, जिसे हिरासत में लिया गया है। स्कार्पियों को जब्त कर लिया गया है।

## मुंबई पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर)(नि.सं.)।** कैमूर पहुंची महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। मुंबई के मलवार होल थाना के सब इंस्पेक्टर मारुति लोहरे ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के नंदना निवासी केरा राम के पुत्र शिव कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसपर भवन निर्माण का सामान लेकर भागने का आराप है। गिरफ्तार आरोपित का सिविल न्यायालय भभुआ से ट्रांजिट परमिशन लेकर सदर अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई गई। इसके बाद मुंबई पुलिस उसे अपने साथ लेकर चली गई। बताया गया है कि आरोपी के खिलाफ दिगम्बर हनुमत कानीटकरा कंपनी के इंजीनियर क्वाटी हाइटन ने मलवार थाना में आपीसी की धारा 408 में केस दर्ज कराया है। मुम्बई कोर्ट के वारंट पर आरोपी को कैमूर पुलिस की सहायता से गिरफ्तार किया गया।

# अपराधियों ने युवक को गोली मारकर किया घायल ग्रामीणों ने गोली मारके भागते एक संदिग्ध को पकड़ा

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम के धौडाढ़ थाना थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव में अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक मेंदनीपुर गांव का बजरंगी कुमार बताया गया है। रात को गोलीबारी के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने गोली मारके भागते एक संदिग्ध को पकड़ लिया। घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए एनएमसीएच, जमुहार ले जाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताते हैं कि घायल को दो गोली लगी है। घायल का इलेक्ट्रिक दुकानदार है और उसकी दुकान धौडाढ़ बाजार में है। होलिका दहन की रात हुई वारदात की सूचना पाते ही पुलिस-प्रशासन भी तत्परता से मौके पर पहुंचा। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों द्वारा पकड़े गए संदिग्ध को कब्जे में ले लिया और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले गए।

वारदात की सूचना पाते ही सासाराम एसडीएम आशुतोष रंजन और एसडीपीओ दिलीप कुमार भी ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। प्राथमिक इलाज के बाद पुलिस ने गोली मारने वाले संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि धौडाढ़ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को गोली मारी गई है जो एनएमसीएच जमुहार में भर्ती है। ग्रामीणों द्वारा एक संदिग्ध को पुलिस को सौंपा गया है। मामले की जांच जारी है।

हाथी, घोड़ा व बैंडबाजा के साथ निकली यात्रा में काफी श्रद्धालु हुए शामिल

# शीव गांव में जलभरी यात्रा के साथ शीव में श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ शुरू

निज संवाददाता

**चांद (कैमूर)।** प्रखंड के शीव गांव में शुरू होनेवाले श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए बुधवार को जलभरी यात्रा निकाली गई। भक्तजन एक साथ दुर्गावती प्रखंड के धड़हर गांव के पोखरा के पास पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 1051 कलश में जलभरी की। इससे पहले विद्वानों द्वारा गो पूजन, अनुज्ञा पूजन, गज (हाथी) पूजन किया। जलभरी यात्रा में हाथी, घोड़ा, बैंडबाजा, वाहन के साथ हजारों महिला, पुरुष, युवा, बच्चे शामिल थे। ऑडियो कैसेट पर भक्ति गीत भी बज रहे थे। तीखी धूप के बीच तीन किमी. की पैदल यात्रा कर श्रद्धालु जयकारा लगाते शिव गांव स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञ मंडप में विद्वानों के प्रवेश के साथ वेदियों पर पूजा-अर्चना कर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। परम पूज्य मनीषी संत त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्रीश्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ प्रारंभ हुआ। विद्वानों द्वारा मंदिर व सरोवर का प्रधान यजमान सेवानिवृत एडीजे ओमप्रकाश पांडेय व अन्य द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। यज्ञ समिति द्वारा कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। प्रधान यजमान ओम प्रकाश पांडेय ने बताया कि विगत 25 मार्च से ही श्रीमद्भागवत कथा शुरू है। यह यज्ञ पहली अप्रैल को संपन्न होगा। यज्ञ समिति द्वारा जानकारी दी गई कि जलभरी कलश यात्रा के समय तक संत श्रीश्री जीयर स्वामी जी नहीं पहुंच पाए थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने करमचट थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इसमें शामिल पुलिस अधिकारी व जवानों ने सबार, अमांव, भीतरीबांध, लेवाबांध सहित कई गांवों का भ्रमण किया। थानाध्यक्ष ने चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर लगाम कसने के लिए और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के उद्देश्य से क्षेत्र में बीएसएफ अफसरों व जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

# गबन के आरोप में फंसे जैतपुर एवं कटरा के पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**भभुआ(कैमूर)।** किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की मिलिंग कराकर राज्य खाद्य निगम के पास चावल (सीएमआर) जमा नहीं करना भगवानपुर प्रखंड के जैतपुर कला एवं मोहनियां प्रखंड के कटरा कला पैक्स अध्यक्ष को महंगा पड़ गया है। सरकारी राशि गबन करने के आरोप में जिला सहकारिता पदाधिकारी नयन प्रकाश के निर्देश पर के मामले में भगवानपुर के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राकेश कुमार गुप्ता व मोहनियां के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राकेश कुमार ने स्थानीय थानों में मुकदमा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। भगवानपुर थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के आवेदन पर जैतपुर कला के पैक्स अध्यक्ष रामकेश्वर सिंह व प्रबंधक हिमांशु सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि मोहनियां थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने कटरा कला के तत्कालीन पैक्स अध्यक्ष बबन सिंह व प्रबंधक कमलेश शर्मा के विरुद्ध सरकारी राशि गबन करने के मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद जल्द मुकदमा दर्ज किया जाएगा। दो पैक्स अध्यक्षों पर सरकारी राशि गबन के मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने व जांच शुरू करने के बाद जिले के पैक्स अध्यक्षों में हड़कंप मच गया है। जानकार सूत्रों की माने तो पैक्स अध्यक्ष इस साल किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की मिलिंग कराकर राज्य खाद्य निगम के पास चावल जमा करने की कार्रवाई में जुटे हुए हैं। उन्हें भी इस बात का डर सता रहा है कि अगर सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा तक चावल जमा नहीं किया तो हमलोग भी प्रशासनिक कार्रवाई के जद में आ सकते हैं।

## जैतपुर पैक्स 90 किसानों से खरीदा था धान

निज संवाददाता

**भभुआ(कैमूर)।** प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा भगवानपुर थाने में मुकदमा के लिए दिए गए आवेदन के अनुसार, जैतपुर कला पैक्स अध्यक्ष द्वारा वर्ष 2022-23 में 90 किसानों से 12138 क्वींटल धान की खरीदारी की गई थी। इसमें कुल 2111.25 क्वींटल धान पैक्स से संबद्ध मां कमाख्या मिनी राइस मील रामगढ़ को मिलिंग के लिए दिया गया, जिसके समतुल्य 1450 क्वींटल चावल राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति की गई थी। शेष 10026.75 क्वींटल धान पैक्स के जिम्मे था। धान का समर्थन मूल्य 2040 रुपये प्रति क्वींटल के अनुसार 10026.75 क्वींटल धान का मूल्य 2 करोड़ 4 लाख 54 हजार रुपया गबन किया गया है। विभाग द्वारा बार-बार पत्र दिए जाने के बाद भी पैक्स अध्यक्ष द्वारा न तो चावल जमा किया गया और न ही विभाग के पास राशि जमा की गई।

# सहरसा एवं पटना से आनंद विहार/नई दिल्ली के लिए तथा गोरखपुर से डिमापुर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** होली के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर सहरसा से आनंद विहार तथा दिल्ली के लिए अनारक्षित होली स्पेशल, पटना से नई दिल्ली के लिए तथा गोरखपुर से हाजीपुर-बरौनी-कटिहार-गुवाहाटी के रास्ते डिमापुर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार अनारक्षित होली स्पेशल (खगड़िया-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार होली स्पेशल सहरसा से 31 मार्च, 2024 को 09.30 बजे खुलकर 11.35 बजे बरौनी, 13.30 बजे हाजीपुर रूकते हुए सोमवार को 05.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 2. गाड़ी सं. 04087 सहरसा-दिल्ली अनारक्शित होली स्पेशल (खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 04087 सहरसा-दिल्ली होली स्पेशल सहरसा से 30 मार्च, 2024 को 07.30 बजे खुलकर 10.50 बजे बरौनी, 14.30 बजे हाजीपुर रूकते हुए अगले दिन 13.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 3. गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली आरक्शित सुपरफास्ट होली स्पेशल (आरा-बक्सर-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते)- गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली होली स्पेशल पटना से 30 मार्च, 2024 को 15.00 बजे खुलकर 18.35 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 4. गाड़ी सं. 05013 गोरखपुर-डिमापुर होली स्पेशल (हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी-कटिहार-कामाख्या-गुवाहाटी के रास्ते) - गाड़ी सं. 05013 गोरखपुर-डिमापुर होली स्पेशल गोरखपुर से 28 मार्च (गुरूवार) को 19.50 बजे खुलकर शुक्रवार को 01.05 बजे हाजीपुर, 04.30 बजे बरौनी रूकते हुए शनिवार को 03.45 बजे डिमापुर पहुंचेगी।

## आपसी विवाद में दो घायल

**भभुआ (कैमूर)(नि.सं.)।** विभिन्न गांवों में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। घायलों में भभुआ थाना क्षेत्र के मनिहारी गांव निवासी विजय शर्मा के पुत्र मनोज कुमार शर्मा, मोहनियां थाना क्षेत्र के मोहरो कला जयपुर गांव निवासी नगीना यादव के 46 वर्षीय पुत्र रामजतन यादव शामिल हैं।

# आप कार्यकर्ता महासभा में भाग लेने दिल्ली जाएंगे

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रामलीला मैदान दिल्ली में 31 मार्च को इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित महासभा में भाग लेने कैमूर के कार्यकर्ता 30 मार्च को जाएंगे। जिला प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में बुधवार को पार्टी कार्यालय में हुई बैठक यह निर्णय लिया गया। इसमें आमजनों को भी शिरकत कराने के लिए कार्यकर्ताओं को गांवों में जाने की बात कही गई है। बैठक में जिला सह प्रभारी नरेंद्र सिंह, भभुआ विधानसभा प्रभारी राजू सिंह, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अरविंद कुमार, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी नंदनी सिंह, चैनपुर विधानसभा प्रभारी राकेश बारी, संजू देवी मुखिया, राजेश कुमार, हरिश्वर दयाल सिंह आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में वृद्ध महिला की हत्या, गया में गोतिया में हुई हाथापाई, घटना के वक्त बड़ा बेटा घर पर था

**गया।** गया के अति नक्सल प्रभावित बाराचट्टी प्रखण्ड अंतर्गत धनगाई थाना क्षेत्र के कदल गांव में आपसी विवाद में एक महिला की हत्या कर दी गई। सोमवार की देर रात आपसी विवाद में सुकर मांझी की पत्नी कलवा देवी (56) की हत्या उसके ही गोतिया ने कर दी है। यह घटना तब हुई जब लोग आपस में होली पर्व को लेकर खाना-पीना खा रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार आपस में गोतिया के साथ कहा सुनी होते-होते लोग हाथापाई करते-करते हत्या तक की घटना को अंजाम तक पहुंच गए। किसी ने कलवा देवी को डंडे से पजंडे पर एक साथ कई वार कर दिए। इसकी वजह से उसकी मौत हो गई। आपसी विवाद का कारण जमीन विवाद बताई जा रही है। दोनों पक्षों के बीच पैतृक जमीन को लेकर पूर्व से विवाद चला आ रहा था। गांव के लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। बावजूद इसके दोनों के बीच विवाद चल रहा था। वहीं हत्या की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद से आरोपी पक्ष के सभी लोग गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष आंनद राम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हत्या आपसी विवाद में गोतिया ने किया है। कौन किया किस लिए और कैसे घटना को अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। कलवा देवी की हत्या के वक्त उसका बड़ा बेटा टेक नारायण मांझी घर पर था। उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अभी आवेदन नहीं दिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेजा गया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।



### गया में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, बाइक सवार एक युवक जख्मी

**गया।** गया में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक अधेड़ की मौत हो गई है। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार को गुरारू प्रखंड के कोंची गांव के पास हुई। मृतक की पहचान गुरारू थाना क्षेत्र अंतर्गत मलपा गांव के रहने वाले रामपति प्रसाद के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीण रवि कुमार ने बताया गुरारु के कोंची गांव के पास स्टेट हाइवे-69 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मलपा गांव के रामपति प्रसाद पिता किशुन महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बगडीहा गांव निवासी मदन रविदास बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को आनन-फानन में गुरारू बजार स्थित स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने रामपति प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मदन रविदास की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल को रेफर कर दिया। इधर, गुरारू थाना के थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया कि घटना करने वाला ड्राइवर गाड़ी समेत भाग निकला।



### जेनरेटर नहीं देने पर मारी गोली हायर सेंटर रेफर, साथियों के साथ घर पर आकर की गोलीबारी

**नालंदा।** जख्मी को इलाज के लिए लाया गया हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल नालंदा में जनरेटर को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति को गोली मार जख्मी कर दिया गया। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत मलविगहा गांव का है। जख्मी मालविगहा निवासी विनोद बिन्द हैं। जिन्हें बाएं पैर में गोली लगी है। घटना के संबंध में जख्मी के परिजन ने बताया कि विनोद बिन्द डेकोरेशन की दुकान चलाता है। मंगलवार की रात गांव का ही टूल्ली यादव जनरेटर मांगने के लिए पहुंचा। उन लोगों ने जनरेटर देने से मना कर दिया। इसके बाद टूल्ली यादव तब घर गया और बंदूक लाकर घर पर चढ़ अपने सहयोगियों के साथ फायरिंग कर दी। फायरिंग की घटना में विनोद बिन्द के पैर में आकर एक गोली लग गई। आनन फानन में जख्मी को इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वहीं इस घटना के बाद विनोद बिन्द का परिजन डरा सहमा हुआ हैं। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पुलिस जख्मी के फर्द ब्यान लेने के प्रयास में जुट गई है। बदमाशों के द्वारा मामूली बात को लेकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। बदमाश घर छोड़ फरार है पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई हैं।



### नालंदा में 175 गांव में जलसंकट का खतरा, 40 छोटी बड़ी नदियों से पानी गायब

**नालंदा।** नालंदा में गर्मी की दस्तक के साथ पानी तेजी से पाताल की ओर जा रहा है। इसी के साथ ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट भी गहराने लगा है। खासकर गिरते जलस्तर के साथ हैंडपम्प जवाब देने लगे हैं। भले ही जिले का औसत जलस्तर 40.8 है। लेकिन, 35 पंचायतों के करीब 175 गांव में 50 फीट से नीचे पानी चला गया है। पीएचईडी के अनुसार ये सभी गांवों डेंजर जोन में शामिल हो गये हैं। चिंता यह कि मार्च में ऐसी नौबत है तो मई और जून में जब भीषण गर्मी पड़ेगी तो पानी के लिए हाहाकार मचना तय है। गिरते जलस्तर के लिए पीएचईडी के अधिकारी बरसात के मौसम में जरूरत से कम बारिश का होना और नदियों में पानी न आना को मान रहे हैं। इसबार जिले की 40 में से महज सात नदियों में ही पानी आया था। इसकी वजह से वाटर रिचार्ज की समस्या उत्पन्न हुई। नतीजा, भू-जलस्तर ऊपर नहीं आया। पीएचईडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अजीत कुमार बताते हैं कि इसबार जरूरत से कम बारिश होने की वजह से भू-जलस्तर में गिरावट की समस्या बन रही है। नालंदा में पीएचईडी के दो डिविजन हैं। हिलसा डिविजन में 8 तो बिहारशरीफ डिविजन में 12 प्रखंड आते हैं। भू-जलस्तर की गिरावट की समस्या सबसे अधिक हिलसा डिविजन के गांवों में है। हिलसा के एकंगरसराय और परवलपुर प्रखंड ऐसे हैं, जहां की सभी पंचायत व गांव डेंजर जोन की श्रेणी में आ गये हैं। में 50 फीट से भी नीचे जलस्तर है। जबकि, इस्लामपुर की 20 में से सात पंचायतों में 50 फीट से नीचे पानी है। वहीं बिहारशरीफ डिविजन के बेन प्रखंड की नौ में से तीन पंचायतें इस श्रेणी में आ गयी हैं। नालंदा में सबसे नीचे भू-जलस्तर बेन प्रखंड की अरावां पंचायत में है। यहां 60 फीट पर पानी है। इस्लामपुर के हरसेनी में 59.3 फीट तो बेन बाजार में 59.2 फीट पर भू-जलस्तर है। एकंगरसराय प्रखंड के गांवों में कहीं 58.5 तो कहीं 56.3 फीट पर पानी है। पीएचईडी के अनुसार वर्तमान में बिहारशरीफ डिविजन के प्रखंडों का औसत जलस्तर 39.3 फीट है। पिछले साल इस सीजन में 37.10 फीट था। जबकि, हिलसा डिविजन मीं औसत जलस्तर 42.2 फीट है। पिछले साल 36.08 फीट था। जलस्तर में गिरावट होने के कारण गांवों में गाड़े गये चापाकल खराब हो रहे हैं। खासकर उन गांवों में जलसंकट की समस्या अधिक हो रही है, जहां नल-जल का मोटर तकनीकी खामियों के कारण बेकार पड़ा है। फजीहत गांवों के लोगों को उठानी पड़ रही है। नूरसराय के किसान धनंजय कुमार, चंडी के वीरेन्द्र कुमार, अस्थावां के पप्पू कुमार बताते हैं कि अभी तो गर्मी शुरू ही हुई है, अगर जलस्तर में गिरावट इसी तरह जारी रही तो आने वाले दिनों में जलसंकट की समस्या काफी गंभीर हो जाएगी। बेन प्रखंड की अरावां, बेन बाजार व अकौना।



# जमीन की लड़ाई में काट दिए टांग और हाथ, पुलिस बोली- झूठी है कहानी

निज संवाददाता। गया

गया के टिकारी प्रखण्ड के दुला बिगहा के रहने वाले वार्ड पार्षद शशिकांत कुमार पर हमला कर ने टांग और हाथ काट दिए। यही नहीं उसे तड़प तड़प कर मरने के लिए झाड़ियों में छोड़कर फरार हो गए। फिलहाल वार्ड पार्षद एएमएमसीएच में भर्ती हैं। उसकी यादाश्त चली गई है। इस दर्दनाक घटना के पीछे दो कट्ठा जमीन का विवाद है। विवाद भी सगे चाचा से बताया जा रहा है। इस घटना के पहले भी दोनों पक्षों के बीच 5 मार्च को जमकर मारपीट हुई थी। पीड़ित पक्ष ने उसी समय दोनों पैर काट देने की धमकी दी थी। वार्ड पार्षद के परिजन कटी हुई टांग अभी अपने ही कब्जे में अस्पताल में रखे हुए हैं। वहीं इस घटना की भनक लगते ही टिकारी नगर परिषद के सभी वार्ड पार्षद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष एमएमसीएच में डेरा डाले हैं।



**पीड़ित पक्ष की जुबानी घटना की कहानी:** वार्ड पार्षद के भाई चंदन कुमार ने बताया कि शशिकांत मंगलवार की शाम अपनी ससुराल सदोपुर जा रहा था। वह अपनी बाइक से जा रहा था। इसी बीच रास्ते मे घात लगाकर बैठे अपराधियों उसके सिर पर हमला बोल दिया। इससे शशिकांत जमीन पर गिर गया। इसके बाद अपराधियों ने शशिकान्त को कब्जे में ले लिया और झाड़ियों में ले जा कर उसकी टांग काट और हाथ काट दिए। यही नहीं उसका कॉलर बोन भी तोड़ दिया और वे शशिकान्त को अधमरा छोड़ कर फरार हो गए। करीब आठ बजे रात में किसी जानकार ने सूचना दी कि तुम्हारी पल्सर मोटरसाइकिल सड़क पर लावारिस गिरी पड़ी है। कोई दुर्घटना हुई है क्या। यह बात सुनते ही पूरा परिवार सकते में पड़ गए। शशिकान्त को फोन लगाया तो उससे सम्पर्क नहीं हो सका। इस पर जब घर के लोग मौके पर पहुंच कर देखा तो बाइक सड़क पर पड़ी थी और शशिकान्त झाड़ियों के बीच कराह रहा था और उसकी टांग और हाथ कटे हुए दूर पड़े थे। आननफानन में उसे टिकारी सरकारी अस्पताल ले गए। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे एमएमसीएच में देर रात भर्ती कराया गया। चंदन ने बताया कि उसके भाई की यादाश्त भी चली गई है।

**टिकारी पुलिस के मुताबिक यह है मूल कहानी:** टिकारी थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद से बताया कि किसी ने भी किसी की टांग नहीं काटी है। झूठ बोल रहे हैं। ऑटो और बाइक की हुई आमने सामने की टक्कर में वार्ड 20 के पार्षद की टांग बुरी तरह से जख्मी हो गया था। उसे ही काटकर हटाया गया है। ऑटो चालक पुलिस हिरासत में है। घटना के दौरान गांव वाले ऑटो चालक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थिति को काबू में किया है। पीड़ित पक्ष को केस दर्ज कराने के लिए थाने में सुबह से बुलाया जा रहा पर वे नहीं आ रहे। अब वे लोग एक नई कहानी गढ़ रहे हैं। यह गलत है।

# सोमवार से लापता युवक का नदी किनारे मिला शव

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 2 दिन से लापता युवक का शव नदी किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान कॉलेज के पीछे एवं पंचाने नदी के तट पर का है। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बीच बाजार निवासी स्व.दिलीप साव के (20) वर्षीय पुत्र कारू कुमार के रूप में की गई है। शव मिलने की सूचना पर मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना के संबंध में मृतक के भाई सूरज कुमार ने बताया कि किसान कॉलेज के पीछे पंचाने नदी के बगल से भाई का शव बरामद किया गया। सोमवार की शाम से उनका भाई लापता हो गया था। खोजबीन करने के उपरांत भी कहीं अता-पता नहीं चल रहा था। परिवार-दोस्त सभी के यहां पता लगाया गया। बावजूद कारू का कहीं पता नहीं चल सका। कॉलेज के पीछे जब जाकर देखा तो शव नदी किनारे झाड़ी में पड़ा हुआ था।



**घटनास्थल से मिला नशीले पदार्थों का रैपर:** परिजन उचित जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि कारू के शरीर पर जख्मी के निशान हैं और आंख भी फूटा हुआ है। मौत कैसे हुई है यह उन्हें नहीं पता है। वहीं शव मिलने के उपरांत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जहां से युवक का शव बरामद किया गया है वहां पर भारी संख्या में सुई, नीडल एवं अन्य नशीले पदार्थों के खाली रैपर पड़े हुए हैं। वहीं सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि युवक के लापता होने की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मनोकामना पूर्ण होने पर करना होता है छठ पर्व

निज संवाददाता। गया

गया ज़िला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर बांके बाजार प्रखंड के बांके धाम पहाड़ी पर स्थित सूर्य मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सूर्य मंदिर में पौराणिक प्रतिमा स्थापित है। छठ महापर्व के मौके पर काफ़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए बांके धाम के सूर्य मंदिर पहुंचते रहते हैं। यहां सालों भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मंदिर के निकट स्थित तालाब में छठ पर्व करने वाले श्रद्धालु अर्घ्य देते हैं। बांकेबजार में बांके धाम स्थित पहाड़ी की चोटी पर भगवान सूर्य मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए पुजारी विजय पांडेय ने बताया कि बांके बजार प्रखंड के बांके धाम की पहाड़ियों पर भगवान सूर्य का मंदिर है। इस मंदिर में अलौकिक प्रतिमा स्थापित है। यहां बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ व उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते रहते हैं। जो श्रद्धालु बांके धाम के इस सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं यहां पूरी होती है। मन्नतें पूरी होने के बाद मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ-साथ छठ पर्व करना होता है। वहीं मंदिर के नीचे एक तलाब है, उस तालाब में अर्घ्य देना होता है। ऐसे खास कर बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पर्व के समय बांके धाम पहाड़ी पर स्थित सूर्य मंदिर में छठ पर्व करने आते हैं क्योंकि, श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होती है। जिसके बाद वे यहां छठ पूजा में अर्घ्य देने आते हैं।



# फिल्म 'ठौर' में गया कॉलेज के टीचर स्टूडेंट्स का जलवा, दलित समाज के प्रतिरोध पर आधारित है मूवी

निज संवाददाता। गया

चुनाव के दौरान सवर्ण समाज की धूर्तता और दलित समाज के प्रतिरोध पर आधारित फिल्म "ठौर" इन दिनों यूट्यूब चैनल- mitropur junction पर धूम मचा रही है। खास बात यह है कि इस फिल्म के सभी कैरेक्टर, लेखक और निर्देशक गया कॉलेज से जुड़े हैं। कोई प्रोफेसर है तो कोई कर्मी तो कोई स्टूडेंट्स। सभी ने रचनात्मक प्रतिभा का बखूबी परिचय दिया है। खास बात यह भी फ़िल्म पटकथा उस कहानी का हिस्सा है जिसे गया कॉलेज की स्टूडेंट ने लिखा था और वह कहानी साहित्यिक पत्रिका के वार्षिकांक में छपने के बाद चर्चा में आई थी। हालांकि इस फिल्म की भाषा हिन्दी है, लेकिन मगही भाषा की देशजता की छौंक लिए है। मगही टोन की लोक धुन वाले गीत संगीत भी। हाल में ही इस फिल्म की स्क्रीनिंग गया कॉलेज के प्रेमचंद सभागार में हुई है। इस फिल्म का निर्देशन हिन्दी विभाग, गया कॉलेज गया के सहायक प्रोफेसर डॉ. श्रीधर करुणानिधि ने किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर हिन्दी विभाग, गया कॉलेज गया के वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ. अभय नारायण सिंह और पूर्व विभागाध्यक्ष और परीक्षा नियंत्रक डॉ आनंद कुमार सिंह हैं। इस फिल्म में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के छात्र-छात्राओं एवं रिसर्च स्कॉलर का भी महत्वपूर्ण योगदान है। फिल्म के निर्देशक डॉ. श्रीधर करुणानिधि का कहना है कि इस फिल्म की पूरी यात्रा रोमांचक अनुभव का उदाहरण है। इस फिल्म के निर्माण से जुड़ा कोई भी सदस्य प्रशिक्षित नहीं था। फिल्म निर्माण का ख्याल तब आया जब हिन्दी विभाग की छात्रा ट्विंकल रक्षिता की कहानी 'कमिनिया' 2022 में साहित्यिक पत्रिका दीपावली विशेषांक में छपी और चर्चित हुई। मगही टोन के कारण हिन्दी विभाग के शिक्षकों को यह कहानी खूब पसंद आई और यहीं से इस पर फिल्म निर्माण का ख्याल भी आया। इसकी शूटिंग के लिए कुजापी, गया के पास स्थित नेयाजीपुर गांव को चुना गया। वहां के ग्रामीणों ने इसमें काफी सहयोग किया। इसके अलावा, बोधगया, सिकरिया मोड़ स्थित पहाड़ी के लोकेशन का भी इसमें उपयोग किया गया। फसल कटाई के लिए नेयाजीपुर स्थित किसान के खेत का इस्तेमाल हुआ। लगभग 15 दिनों की शूटिंग हुई। फिर डबिंग आदि का काम पटना के स्टूडियो में संपन्न हुआ। इस फिल्म की पूरी पटकथा ट्विंकल रक्षिता की कहानी से थोड़े परिवर्तन के साथ एक दलित भुईंया समाज की एक तेज तर्रार स्त्री पर केन्द्रित है। फिल्म में पंचायत चुनाव, उसमें वर्चस्व के लिए किसी भी हद तक गुजरना, धनबल का उपयोग, कमियां मजदूरों की दशा, उसका शारीरिक मानसिक उत्पीड़न तथा स्वर्ण समाज की चालाकी, प्रशासन के साथ उसकी सांठ-गांठ और उसके बल पर अपना वर्चस्व बनाए रखने की कोशिश आदि अंतर्कथाओं को फिल्म के एक-एक शॉट द्वारा असरदार ढंग से दिखाया गया है। फिल्म में दलित समाज का प्रतिरोध भी दर्ज होता है। चेहरे पर एसिड अटैक की हिंसा का प्रयोग प्रायः स्त्रियों के खिलाफ ही किया जाता रहा है लेकिन इस फिल्म में सामंती पुरुष और उसकी मानसिकता के खिलाफ एक स्त्री एसिड अटैक करती है।



# गया के धनंजय बने JNU छात्रसंघ अध्यक्ष, जीत के बाद बोले-सरकार छात्र-युवाओं के साथ छलावा कर रही

निज संवाददाता। गया

गया के गुरारू थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरारू बाजार के रहने वाले धनंजय कुमार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र संघ JNUSU में आइसा से छात्र संघ अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए हैं। चुनाव जीतते ही धनंजय कुमार ने कहा कि यह जीत जेएनयू के छात्रों की जीत है। सरकार छात्रों-युवाओं के साथ छलावा कर रही है। इस कैंपस के छात्र देश के तमाम राज्यों और शहरों से आते हैं। उन्होंने सरकार को बता दिया है छात्रों के साथ लगातार धोखा कर रहे हैं या फिर सीट कट कर रहे हैं। उसके खिलाफ छात्रों ने लेफ्ट को जीत दी है। जेएनयू के छात्रों ने मुझ पर भरोसा कर जीत दिलाया है। धनंजय कुमार ने कहा कि इस कैंपस में लाइब्रेरी है, 80% हमारे फंड्स कट किया जा रहे हैं। इस कैंपस की सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। हॉस्टल भी जर्जर जब तक हॉस्टल का छत किसी के सिर पर नहीं गिरता तब तक रिपेयरिंग नहीं की जाती। इन्हीं सब को लेकर मुझे छात्रों ने चुना है और इसके लिए संघर्ष होगा। पिछली बार 2019 में छात्रसंघ चुनाव हुए थे। फिर कोरोना की वजह से चुनाव नहीं हो सका था। अब चार साल बाद फिर से चुनाव हुआ तो लेफ्ट से छात्र संघ के अध्यक्ष धनंजय चुनें गए। यूनाइटेड लेफ्ट पैनल के अध्यक्ष छात्र समुदाय के बीच काफी चर्चा में रहे हैं।



**28 साल बाद दलित बना अध्यक्ष:** 1996-97 में जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे बत्ती लाल बैरवा के बाद से जेएनयू में कोई दलित अध्यक्ष नहीं बना है। इसके अलावा धनंजय कुमार ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) से जुड़े हैं। दिसंबर 2014 से छात्र राजनीति में सक्रिय हैं, जब दिल्ली विश्वविद्यालय में चार साल स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी) के खिलाफ संघर्ष शुरू हुआ था। फिलहाल वह स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड एस्थेटिक्स, जेएनयू से पीएचडी कर रहे हैं। छह भाई-बहनों में सबसे छोटे धनंजय गया के गुरारू से आते हैं। उनके पिता एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबिंदो कॉलेज में राजनीति विज्ञान में साल 2014 में बीए में प्रवेश लिया। इसके बाद उन्होंने 2019 में दिल्ली के अंबेडकर विश्वविद्यालय से परफ़ॉर्मेंस स्टडीज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। बाद में उन्होंने जेएनयू के आर्ट्स एंड एस्थिटिक्स स्कूल से थिएटर और परफॉर्मेंस स्टडीज में एम.फिल पूरा किया। अपने शुरुआती दिनों में ही उन्होंने डीयू में आइसा के आंदोलनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाया। जब डीटीसी के लाल बस में छात्र-छात्राओं के लिए बस पास मान्य कराने के लिए जबरदस्त आंदोलन हुआ। उन्होंने सैकड़ों छात्रों को इकट्ठा सफल आंदोलन का नेतृत्व किया। आइसा के नेतृत्व में यह एक विजयी आंदोलन रहा। धनंजय कहते हैं कि ''मैंने लेफ्ट की राजनीति इसलिए की क्योंकि मेरा मानना है कि वर्ग और जाति का संघर्ष एक साथ लाकर ही हम अपने समाज से जाति को खत्म कर पाएंगे। मैं नहीं चाहता कि मेरे साथ जो भेदभाव हुआ, वह बरकरार रहे।

# 12 साल से फरार चल रहा कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की मानपुर पुलिस ने जिले के टॉप 10 अपराध कर्मियों की सूची में शामिल एक कुख्यात को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया अपराधी पिछले 12 सालों से फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत नोवामा गांव निवासी द्वारिका प्रसाद का बेटा राजू कुमार उर्फ भजु है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मामले की जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की कुख्यात अपराध कर्मियों की टॉप 10 सूची में शामिल राजू कुमार रंजन उर्फ भजु मानपुर थाना क्षेत्र में घूम रहा है। इसके प्राण तत्काल मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार के द्वारा घेराबंदी कर बैद्यनाथपुर पुल के समीप खदेड़कर राज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस कुख्यात को लेकर थाना लौटने लगी तो मानपुर बाजार में उसके सहयोगियों द्वारा 7-8 मोटरसाइकिल से पुलिस टीम को घेर कर उसे छुड़ाने का प्रयास किया गया। तत्काल पुलिस द्वारा अतिरिक्त बल मंगा कर कुख्यात को छुड़ाने वाले बदमाशों को खदेड़ दिया गया। वहीं पुलिस ने मौके से 3 मोटरसाइकिल जब्त कर लिया गया। जबकि मौके से अंजनी कुमार और रजनीश कुमार को कुख्यात के छुड़ाने के प्रयास में गिरफ्तार कर लिया गया।



# इंजीनियरिंग छोड़ एप्पल बेर की शुरू की खेती, सालाना 4 लाख तक की कर रहे कमाई, कोलकाता से मंगाए जाते हैं पौधे

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के किसान खेती-बाड़ी में नए प्रयोग करने से हिचकते नहीं हैं। यही वजह है कि उनकी कामयाबी का ग्राफ भी हमेशा ऊपर रहता है। धान, गेहूं और सब्जियों की खेती में यहां के कई किसान अपनी मेहनत के बूते कामयाबी का झंडा गाड़ चुके हैं। अब फलों की खेती में भी काफी आगे बढ़ रहे हैं। खास यह भी कि प्रगतिशील किसानों में पढ़े-लिखे भी शामिल हैं। इनमें इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर खेती में जुटे सरमेरा प्रखंड के हुसैना के अमेश विशाल भी हैं। इन्होंने जिले में पहली बार एप्पल बेर की खेती शुरू की है। उनका कहना है कि एक सीजन में इसकी खेती से तीन से चार लाख रुपए तक की कमाई हो जाती है। दिसंबर में फूल-फल लगते हैं और जनवरी और फरवरी तक तैयार फलों की हार्वेस्टिंग की जाती है। बाजार में डिमांड भी खूब होती है।

**एक एकड़ में 300 पेड़:** अमेश बताते हैं कि तीन साल पहले उन्होंने एक एकड़ में 300 पेड़ लगाये थे। उनके बाग में एप्पल बेर के दो प्रभेदों के पेड़ हैं। एक में हरा तो दूसरे में लाल रंग के फल लगते हैं। कोलकाता से पेड़ मंगाये गये हैं। पानी की बचत करने के लिए पेड़ों की सिंचाई ड्रीप एरिगेशन सिस्टम से करते हैं। जबकि, फल अच्छी क्वालिटी का हो, इसके लिए ऑर्गैनिक खाद का इस्तेमाल करते हैं।

**एक सीजन में 3 टन तक फल:** किसान बताते हैं कि सबकुछ ठीकठाक रहा और मौसम का साथ मिलता है तो एक सीजन में ढाई से तीन टन तक फल मिल जाते हैं। खर्चा काट के तीन से चार लाख तक की आमदनी हो जाती है। खास यह कि नालंदा में पहली बार इन्हीं के द्वारा एप्पल बेर की खेती शुरू की गयी है। अच्छी बात यह भी कि एप्पल बेर की खेती के लिए वे अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रहे हैं।

**बाजार में है अच्छी मांग:** अमेश बताते हैं कि बदलते समय के साथ परंपरागत खेती की जगह फलों की खेती कर अच्छी कमाई की जा सकती है। जरूरत है इसके लिए आगे आने की। खासकर एप्पल बेर की बाजार में मांग खूब होती है। खास यह भी कि समान्य बेर के मुकाबले एप्पल की कीमत प्रति किलो 20 से 25 रुपए तक अधिक मिलती है। एप्पल बेर अन्य बेर की तुलना में काफी बड़े होते हैं। इसमें विटामिन ए, बी, सी व अन्य पोषक तत्व पाये जाते हैं। एप्पल बेर की खासियत यह है कि इसमें हर साल फल आता है। पेड़ एक सीमित लंबाई तक बढ़ता है। बेहतर देखभाल किया जाए तो एक पेड़ से 25 साल से अधिक समय पर फल लिया जा सकता है। दिसंबर में फल-फूल लगने लगते हैं। जबकि, जनवरी और फरवरी हार्वेस्टिंग का मुख्य सीजन होता है।



## संक्षिप्त समाचार

### होली में एक्सीडेंट से घायल हुए युवक की मौत, बक्सर जाने के दौरान अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

**बक्सर**। होली के दिन रोड एक्सीडेंट में घायल हुए युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। युवक प्राइवेट एम्बुलेंस चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।



होली की शाम बाइक से बक्सर जाने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटना हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया था और परिजनों को सूचित किया था। वहीं गंभीर हालत को देखते हुए उसे वाराणसी रेफर किया गया था। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दानी कुटिया के पास हुई थी। मृतक की पहचान चौसा गांव निवासी गंगा सागर मिश्रा उम्र 35 साल के रूप में की गई थी। वहीं उसकी 10 साल पहले शादी भी हुई थी। फिलहाल सभी लोग बनारस में है और पोस्टमॉर्टम के बाद वहीं पर अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। आज मौत की खबर मिली है। अज्ञात वाहन के खिलाफ आगे की करवाई की जाएगी।

### होली में मिलने आए दोस्त की शिक्षक ने की हत्या, शराब पार्टी में दोनों के बीच हुआ था विवाद



**बक्सर**। बक्सर में एक सरकारी शिक्षक ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। होली के मौके पर दोस्त मिलने के लिए शिक्षक के घर पहुंचा था। पहले सब कुछ ठीक रहा। शराब की पार्टी चल रही थी। बाद में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच तनाव काफी बढ़ गया। जिसके बाद शिक्षक ने अपने दोस्त पर रॉड से हमला कर दिया। घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, पर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामला नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड इलाके का है। आरोपी शिक्षक के भाई मिथिलेश पांडेय ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। फिलहाल विवाद किस बात को लेकर हुआ इस बात की जानकारी नहीं मिली है। पुलिस का कहना है जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा होगा। मृतक की पहचान महेश कुमार (45) के रूप में हुई है। हत्यारे शिक्षक के भाई मिथिलेश ने कहा कि नगर के स्टेशन रोड में डीएवी स्कूल के सामने आरोपी शिक्षक द्वारिका पांडेय रहता है। शराब पार्टी में आपसी विवाद के दौरान मारपीट हुई है। मैंने ही घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। नगर थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि शराब पार्टी की बात गलत है। मारपीट में मौत की बात सामने आई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिस अस्पताल में घायल को ले जाया गया वहां के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि घायल युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत्यु हो गई थी।

### सगे भाइयों समेत तीन की पिटाई, एक कमरे को लेकर 60 साल से चल रहा था विवाद

**आरा(भोजपुर)**। भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव में मंगलवार को एक कमरे के के विवाद को लेकर पाटीदारों ने सगे भाइयों समेत तीनों की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी।



मारपीट की घटना में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद आनन–फानन में तीनों ज़ख्मियों को पड़ोसियों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया। ज़ख्मियों में पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी स्वर्गीय शंभू सिंह के 30 वर्षीय पुत्र कमलेश सिंह उनका 26 वर्षीय भाई विमलेश कुमार और ब्रह्मदेव सिंह के 45 वर्षीय पुत्र संतोष सिंह शामिल है। इधर,संतोष सिंह ने बताया कि उनके पाटीदारों से कई सालों से विवाद चल रहा था। पिछले 60 सालों से मकान में एक कमरे का किराया ले रहे थे। फिर उसे तोड़कर नए सिरे से बनाया जा रहा था। इसी बात को लेकर उनके पाटीदारों ने कहा कि यह हिस्सा हम लोगों का है। जब हम लोगों ने इस बात का विरोध किया तो पाटीदार अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर जानलेवा हमला करते हुए लाठीडंडे से जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद अन्य लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामूली विवाद को लेकर चाकू से हमला, घायल बोला- दोस्तों के साथ ब्रहपुर गांव से लौटने दौरान साढ़ू ने किया अटैक

**आरा(भोजपुर)**। भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर गांव के समीप मंगलवार को मामूली विवाद को लेकर साढ़ू ने अपने ही साढ़ू को चाकू मार दी। जख्मी युवक को चाकू दाहिने साइड पेट में दो जगह पर लगी है।



इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक बिहिया थाना क्षेत्र के अंधारी गांव निवासी जोगिंदर यादव का 26 वर्षीय पुत्र संटू कुमार है। इधर संटू कुमार ने बताया कि वह बाइक से अपने दोस्तों के साथ बक्सर जिला के ब्रह्मपुर गया था। जब ब्रह्मपुर से वापस गांव लौट रहा था। लौटते क्रम में सभी दोस्त रानीसागर गांव के समीप कुछ देर रुक गए। तभी उनके बीच किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया। जिसके बाद उसके साढ़ू द्वारा उसे पेट में चाकू मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी संटू कुमार ने अपने ही साढ़ु भुटेली यादव उर्फ सत्येंद्र यादव पर मामूली विवाद को लेकर खुद को चाकू मारने का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले में शाहपुर थानाध्यक्ष रजनीकांत ने बताया कि घटना की सूचना मिलते मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भुटेली यादव उर्फ सत्येंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

# पंखे से लटका मिला महिला शव, पति से छोटी-छोटी बातों पर होता था झगड़ा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में बुधवार को पंखे से लटका एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका के परिजन आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।इ दरअसल, मृतका की पहचान गड़हनी थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी रितेश कुमार की पत्नी संजीता कुमारी (26) के रूप में हुई है। इधर, मृतका के बड़े भाई महेंद्र साह ने बताया कि उनके पिता भगवान साह की मृत्यु 20 वर्ष पहले हो गई थी। उनके मौत के बाद उन्होंने ही अपनी बहन संजीता कुमारी की शादी गड़हनी थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी जय मंगल साह के बेटे रितेश कुमार से वर्ष 2013 में लेनदेन और पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था।

**पत्नी-पति के बीच होता था विवादः** इधर करीब दो वर्षों से पत्नी-पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था और बराबर झगड़ा भी होता था, लेकिन झगड़ा किस कारण होता था। यह हम लोगों को नहीं मालूम। इसी बीच उसके जीजा रितेश कुमार द्वारा फोन कर उन्हें सूचना दी कि तुम्हारी बहन ने पंखे से लटक कर फांसी लगा ली है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल शिवपुर गांव पहुंचे इसके बाद उनके द्वारा उसके शव को जमीन पर उतारा गया। वहीं दूसरी ओर मृतका के भाई महेंद्र साह ने अपने जीजा या उसके ससुराल के परिवार के किसी भी सदस्य पर किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। वहीं पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसारमौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और तीन बहन में छोटी थी। उसे सिर्फ एक बेटा सागर (08) है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला के शांति नगर निवासी युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास मिला है। मृतक की पहचान शशि भूषण राम उम्र 35 साल के रूप में की गई है। परिजनों ने कहा कि होली की शाम घर से निकला था, लेकिन फिर लौटा नहीं। बुधवार की सुबह उसका शव मिला और सिर में गहरे जख्म मौजूद थे। मृतक का साला विनोद राम ने बताया कि कान के पास गोली मारकर हत्या की की गई है। हत्या का आरोप शशि यादव, अटल यादव और लालू यादव पर लगाया। साला ने आगे कहा कि वह लोग मंगलवार की सुबह से ही मारने पीटने के लिए खोज रहे थे, लेकिन दिनभर यह घर से नहीं निकला। शाम में दूध देने के लिए गया तो वापस नहीं लौटा। पैसा को लेकर उन लोगों से विवाद था। शशि भूषण राम वैसे यूपी के जोगा मुसाहिब का रहने वाले है। कुछ दिनों से बक्सर के शांति नगर में झोपड़ी डाल कर मजदूरी का काम करता था। घटना के बाद ग्रामीणों ने बक्सर बाईपास रोड को जाम कर दिया। मौके पर दल बल के साथ पहुंचे डीएसपी धीरज कुमार ने सब लोगों को समझा बुझाकर हटाया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं डीएसपी ने कहा कि मामला आपसी रंजिश का लह रहा है। परिजनों ने आवेदन नहीं दिया है। हालांकि परिजनों की ओर से जिन लोगों पर आरोप लगाया गया है, इसमें से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। आवेदन देने पर आगे की करवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में जीजा की मौत, साला गंभीर

निज संवाददाता। आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के गिरजा मोड़ स्थित पड़ी गैस एजेंसी के पास मंगलवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एफसीआई कमी व उसके साले को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एफसीआई कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा उसका साला गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी साले को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी स्व.जितेंद्र प्रसाद सिंह के बेटे राहुल कुमार सिंह(28) के रूप में हुई है। वह एफसीआई में फील्ड ऑफिसर के पद पर सहरसा जिले में अनुबंध पर कार्यरत थे। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के समीप किराए का मकान लेकर रहते थे।



जबकि जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस निवासी अनिल सिंह का 30 वर्षीय पुत्र व मृतक का साला नीरज कुमार सिंह है। इधर मृतक के बड़े भाई राजेश कुमार सिंह ने बताया कि वह दोनों बाइक से दोस्तों के साथ अबीर-गुलाल खेलकर वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान गिरजा मोड़ स्थित पकड़ी गैस एजेंसी के समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनके छोटे भाई राहुल कुमार सिंह की घटनास्थल भारी मौत हो गई। जबकि उनका साला नीरज कुमार सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# 50 सालों से ऊंट के भरोसे परिवार, घर का राशन से लेकर बच्चों की पढ़ाई का सहारा ऊंट

निज संवाददाता। आरा

ऊंट शादियों की शोभा बढ़ाने तो कभी किसी पार्टियों कि रैली में नजर आते हैं। ऐसा ही एक परिवार है जो 150 साल से ऊंट के भरोसे अपने भरण पोषण कर रहा है। भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के गजियापुर मरहा गांव के रहने वाले नन्हें मियां का पूरा परिवार एक ऊंट के भरोसे रह रहा है। नन्हें मियां के परिवार में छह सदस्य हैं। जिनमें पति पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है। नन्हें मियां अपने साथ पांच लोगों का भरण पोषण इसी ऊंट के सहारे करते हैं। नन्हें अपने महगिन नामक ऊंट को अपने बच्चों से कम नहीं रखते। नन्हें मियां ने बताया कि हमारे घर में ऊंट से कारोबार हमारे दादा और परदादा के जमाने से चला आ रहा है। लगभग 150 वर्ष पहले ऊंट के सहारे कारोबार की शुरुआत हुई थी। जो अब तक चली आ रही है। इसी



ऊंट के भरोसे पूरा परिवार चल रहा है। उन्होंने बताया कि शादियों में ऊंट को बुक किया जाता है। किलोमीटर पर ऊंट का साटा होता है। सबसे कम कीमत दो हज़ार रुपए होती है। शादियों के साथ - साथ किसी अन्य महोत्सव में बुलाया जाता है, पार्टियों में, रैलियों की बुकिंग होती है। इन्हीं सब से वो अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उन्होंने बताया कि जब हमारे पास काम नहीं होता है तो हमें मजदूरी करनी पड़ती है। क्योंकि नन्हें मियां के घर में उनकी पत्नी नुरैसा तीन बेटियां सिमरन,आशिया, जिन्नत और एक बेटा शाहिद है। छह लोगों का भरण पोषण करना पड़ता है। वहीं नन्हें मियां की बेटी सिमरन ने बताया कि उसके पिता ऊंट से कारोबार करते हैं। उसी के जरिए सभी को पढ़ाना, खिलाना, कपड़े खरीदना सब उसी ऊंट के सहारे चल रहा है। वहीं इस गांव में केवल नन्हें मियां ही नहीं है बल्कि ऐसे 20 परिवार है जो केवल ऊंट के सहारे अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। वहीं नन्हें मियां ने बताया कि जब से उनका जन्म हुआ है ऊंट से ही घर परिवार को चलते देखा है। ऊंट को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से 40 से 50 हजार में खरीदकर लाते हैं।उसके बाद उत्तर प्रदेश से सड़क के रास्ते वो अपनी ऊंट को लेकर भोजपुर पहुंचते हैं। जहां शादियों में, किसी पार्टी में या रैलियों में जाते है। इन्हीं सब के भरोसे पूरा परिवार उनकी देख भाल करना खाना पीना रहना कपड़ने खरीदना पढ़ाई का खर्च सब करते है।

## बीजेपी की स्टार प्रचारक की लिस्ट से पवन सिंह आउट, 40 प्रचारकों की जारी की गई सूची, राजनाथ, योगी आदित्यनाथ भरेंगे हुंकार

निज संवाददाता। आरा

बिहार में भारतीय जानता पार्टी ने लोकसभा चुनावम में उम्मीदवारों की लिस्ट के बाद चुनाव प्रचार के लिए भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। भाजपा द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को स्टार प्रचारकों की सूची सलंग्न कर आवेदन दिया गया था, जिसे मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकार कर लिया है। वहीं इस सूची में पहले नंबर पर पीएम मोदी का नाम है। दूसरे नंबर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का नाम है। वहीं तीसरे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चौथे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हैं। इन स्टार प्रचारकों के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्रियों तो कुछ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी जगह



मिली है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भाजपा ने बिहार लोकसभा चुनाव में प्रचारक बनाया है। स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भोजपुरी स्टार पवन सिंह का नाम नहीं है। वहीं भाजपा ने एक बार फिर से पवन सिंह को बिहार से आउट कर दिया है। बिहार के आरा से लोकसभा से चुनाव की बात करने वाले पवन सिंह को भाजपा ने बिहार में कहीं टिकट नहीं दिया था। उसके बाद अब पवन सिंह को स्टार प्रचारक के लिस्ट से भी बाहर कर दिया गया है। भाजपा द्वारा जारी किए गये 40 स्टार प्रचारक के लिस्ट से पवन सिंह को जगह नहीं दिया गया है। वहीं पूरी लिस्ट की बात करें तो नरेंद्र मोदी, जगत प्रकाश नडडा, योगी आदित्यनाथ, विनोद तावड़े, विजय कुमार सिन्हा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गड़करी, सम्राट चौधरी, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, अश्विनी कुमार चैबे, दीपक प्रकाश, सुशील कुमार मोदी, नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, भीखूभाई दलसानिया, संजय जयसवाल, मंगल पांडे, रेनू देवी, डॉ. प्रेम कुमार, स्मृति ईरानी, मनोज तिवारी, सैयद शाहनवाज हुसैन, नीरज कुमार सिंह (बबलू), जनक, अवधेश नारायण सिंह, नवल किशोर यादव, कृष्ण नंदन पासवान, डॉ. मोहन यादव, मनन कुमार मिश्रा, सुरेंद्र मेहरा, शम्भू शरण पटेल, मिथिलेश तिवारी, राजेश वर्मा, धर्मशाला गुप्ता, कृष्ण कुमार ऋषि, अनिल शर्मा, प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, निवेदिता सिंह और निक्की हेम्ब्रोम शामिल है।

## जमीन विवाद को लेकर 6 लोगों की पिटाई, घायल बोला- घर के बाहर गाना बजाकर नाच रहे थे

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव में मंगलवार की देर शाम गाली-गलौज के दौरान उपजे विवाद को लेकर रिश्तेदारों ने मां,पिता समेत आधा दर्जन लोगों की बेरहमी में से पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में सभी बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद सभी ज़ख्मियों को इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया । ज़ख्मियों में पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी स्वर्गीय धुना राउत के 67 वर्षीय पुत्र विद्या शंकर राउत, उनकी पत्नी तीतर देवी (60), दो बेटे पप्पू राउत(40),एवं पिंटू कुमार (19) उनकी बहू पप्पू रावत की 35 वर्षीय पत्नी अनीता देवी और साढ़ू का बेटा नेहाल कुमार शामिल हैं। इधर जख्मी पप्पू राउत ने बताया कि उनके पिता की बहन के परिवार से जमीन को



लेकर पूर्व से विवाद चल आ रहा था। करीब 20 साल पूर्व गांव में ही एक कट्ठा जमीन खरीदकर उसपर घर बनाकर रहते हैं। इसी बात को लेकर उनकी फुआ फूफा से मन मुटाव चल रहा था । बराबर गांव छुड़वाने की धमकी भी दिया करते थे। पप्पू ने बताया कि मंगलवार की देर शाम घर के आगे गाना बजाकर नाच रहे थे, तभी फुआ के परिवार वालों ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी । अन्य पड़ोसियों के मदद से मामले को शांत कराया गया।

## भोजपुर में चलती होली स्पेशल ट्रेन में लगी आग, ट्रेन के रुकते-रुकते जल गया पूरा एसी कोच, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

निज संवाददाता। आरा

बिहार के भोजपुर में देर रात 12 बजकर 45 मिनट पर 01410 होली स्पेशल ट्रेन के एसी M–9 (इकोनॉमी) कोच में आग लग गई। आग चलती ट्रेन में लगी। आनन-फानन में रेलवे ने ट्रेन को रुकवाया। तब तक आग ने कोच को चपेट में ले लिया था। ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में सभी यात्री सुरक्षित हैं। यह ट्रेन दानापुर से मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस जा रही थी। हादसा करीसाथ स्टेशन के पास हुआ। दानापुर से यह ट्रेन मंगलवार रात 11:12 बजे चली थी। यह आरा होते हुए बक्सर, डीडीयू की ओर जा रही थी, तभी M–9 (इकोनॉमी) कोच से चिंगारी उठने लगी। कुछ ही देर में पूरे कोच में आग लग गई। गनीमत रही कि जिस कोच में आग लगी उसमें किसी भी यात्री का



रिजर्वेशन नहीं था। कुछ लोकल यात्री ट्रेन में सवार थे। जिन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि पहले एसी कोच से चिंगारी उठी जिसने पूरे कोच को चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि पहले एसी कोच से चिंगारी उठी जिसने पूरे कोच को चपेट में ले लिया। कुछ देर में आसपास के गांव वालों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद जलते कोच को अलग करके ट्रेन को रवाना कर दिया गया। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना की जांच की जा रही है। मेन लाइन पर आग लगने से एक दर्जन ट्रेनों के की आवाजाही में बदलाव किया गया है। डीआरएम जयंत कुमार ने बताया कि देर रात करीब 12 बजकर 45 मिनट के आसपास सूचना मिली कि एसी बोगी में आग लगी है। रेलवे मास्टर ने गार्ड को सूचना दी, इसके बाद ट्रेन को रोका गया। जली हुई बोगी को आइसोलेट किया गया, आगे पीछे की बगियों को निकाला गया है। स्टेट गवर्नमेंट की मदद से 15 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाकर आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंचना काफी मुश्किल था, लेकिन हमारी टीम ने पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पाया।

**जसीडीह-दुमका खंड में मानवयुक्त समपार फाटकों को बंद करने की सूचना**

**चंदनपहाड़ी एवं बासुकीनाथ के बीच**

जसीडीह-दुमका खंड में चंदनपहाड़ी एवं बासुकीनाथ स्टेशनों के बीच जसीडीह से किमी 47/12-13 पर मानवयुक्त समपार फाटक सं. **16/सी/ई** को **दिनांक 31.03.2024 से** सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। सड़क यातायात का मार्ग परिवर्तन कर नवनिर्मित संपर्क सड़क होकर जसीडीह-दुमका खंड में चंदनपहाड़ी एवं बासुकीनाथ स्टेशनों के बीच जसीडीह से किमी. 48/01-02 पर समपार फाटक सं. 17/सी/ई होकर कर दिया जाएगा।

**बासुकीनाथ एवं दुमका के बीच**

एप्रोच रोड के साथ निर्मित सीमित ऊंचाई वाले सबवे के संबंध में, जसीडीह-दुमका खंड में बासुकीनाथ और दुमका स्टेशनों के बीच जसीडीह से किमी 59/01-02 (किमी 59.046) पर मानवयुक्त समपार फाटक सं. **18/सी/ई** तथा जसीडीह से किमी 69/09 10 (किमी. 69.313) पर **19/सी/ई** को **दिनांक 30.03.2024 से** सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। सड़क यातायात का मार्ग परिवर्तन कर पास में स्थित नवनिर्मित सीमित ऊंचाई वाले सबवे की ओर कर दिया जाएगा।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत, दो लोग घायल

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत एक महिला बुरी तरह से घायल



निज संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों रिश्ते में साला-बहनोई थे। हादसे में एक महिला बुरी तरह से घायल हो गई है। घटना SH-55 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजौड़ा और हरदिया के बीच की है। मृतक की पहचान नावकोठी थाना क्षेत्र के छतौना निवासी शिवदानी रजक का बेटा संतोष रजक (19) और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पन्हास निवासी राम बालक रजक का बेटा भरत रजक (30) के रूप में की गई है। इस हादसे में भरत रजक की पत्नी मृदुला देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृदुला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में करीब एक साल का लड़का बाल-बाल बच गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक भरत रजक के भाई रतन रजक ने बताया कि 2 साल पहले भरत रजक की शादी छतौना में हुई थी। चार महीने का एक लड़का है। भारत का साला बाइक से तन्हा सैया और अपने बहनोई और भांजा को मोटरसाइकिल से लेकर छतौना जा रहा था। बाइक संतोष ही चल रहा था। हरदिया और रजौड़ा के बीच तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के प्रयास से तीनों को उठाकर एक निजी अस्पताल लाया गया। लेकिन तब तक संतोष और भरत की मौत हो चुकी थी। जबकि मृदुला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज चल रहा है। घटना के दौरान मृदुला के गोद में रहा उसका बच्चा दूर जा गिरा और उसकी जान बाल-बाल बच गई।

## दो साल के बच्चे और उसके मां की हुई मौत

निज संवाददाता

**सीतामढ़ी।** परसौनी थाना क्षेत्र के अंडहारा गांव में दो साल के बच्चे और मां की हत्या का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला के ससुराल वालों ने उसके दो साल के बच्चे और महिला की गला दबाकर कर दिया। मृतका की पहचान राजेश पासवान की 25 साल की पत्नी अर्चना कुमारी और उसके दो साल के बेटे अक्षित कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना की पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर, मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल मृतका के परिजनों ने थाना को कोई आवेदन नहीं दिया है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच की जा रही है। घटना के बाद से ससुराल के लोग घर छोड़कर फरार है। पुलिस उन्हें खोजने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक युवक घायल

निज संवाददाता

**दरभंगा।** दरभंगा में सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक बलराम की मौत हो गई। वहीं एक युवक वशीर अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शिव शक्ति पेट्रोल पंप के नजदीक की है। घायल शख्स वशीर अहमद ने बताया कि वह दोस्त बलराम के साथ बाइक पर सवार होकर किसी से मुलाकात करने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस के कैदी वाहन ने टक्कर मार दी। वहीं इस घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि ऑटो से टकराने के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर जाते हैं। इस दौरान दोनों मौके से गुजर रहे कैदी वाहन के नीचे आ जाते हैं। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीण खांटी गांव के पास SH- 56 बिरौल-कुशेश्वरस्थान मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बलप्रयोग भी किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। फिलहाल मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ बिरौल SDPO मनीष चंद्र चौधरी, बेनीपुर SDPO आशुतोष कुमार दल-बल के साथ मौजूद हैं।

# घर का ताला तोड़कर जेवरात समेत पांच लाख का सामान लेकर भाग निकले चोर

निज संवाददाता



**समस्तीपुर।** शहर के बहादुरपुर वार्ड 35 मोहल्ला में चोरो ने बंद मकान को अपना निशाना बनाया है। होली के मौके पर परिवार के साथ गांव गए आरएसएस कर्मी अरविंद्र कुमार के किराये के मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत करीब पांच लाख रुपए मूल्य के जेवरात आदि की चोरी कर ली। घटना की जानकारी रेलवे कर्मी को तब हुई जब वह मंगलवार शाम नाइट ड्यूटी के लिए समस्तीपुर पहुंचे। जब वह अपने क्वार्टर पर गए तो दंग रह गए। चोर उनके क्वार्टर के किचन का दरवाजा तोड़कर घर का सामान ले भागे। घटना की सूचना नगर पुलिस को दी गई। घटना के संबंध में आरएमएस कर्मी अरविंद्र कुमार ने बताया कि उनका पैतृक घर कल्याणपुर थाने के अकबरपुर गांव में हैं। वह परिवार के साथ 23 मार्च को ही होली मनाने के लिए गांव चले गए थे। 26 को उनकी नाइट ड्यूटी थी। जिस कारण समस्तीपुर पहुंचे तो क्वार्टर देखने के लिए बहादुरपुर पहुंचे। बाहर से ताला लगा हुआ था। लेकिन जब वह अंदर गए तो देखा उनके मकान के किचन का गेट खुला हुआ है। जिसके बाद वह कमरा के अंदर गए तो कमरे का आलमारी टूटी हुई थी। घर में रखा नगदी के साथ ही पत्नी का जेवरात आदि कीमती सामान गायब था। जिसके बाद वह नगर थाना पहुंच कर मामले की जानकारी दी। घटना को लेकर उन्होंने आवेदन दिया है। यहां बतादें कि इन दिनों नगर व मुफस्सिल थाना क्षेत्र में चोर बंद घरों को अपना निशाना बना रहे हैं। हाल ही में मुफस्सिल थाने जितवारपुर गांव में रिटायर्ड एएसएम व शिक्षक के घर से चोरों ने 30 लाख से अधिक का गहना आदि की चोरी कर ली थी। इन घटनों का अबतक खुलासा नहीं हो पाया है। इस बीच शहरी इलाके में चोरी की घटना ने पुलिस की परेशानी बढा दी है। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आशितोष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

## गहने, 20 हजार कैश और सीसीटीवी का डीवीआर लेकर भागे चोर

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पुलिस के तमाम प्रयास के बाद बेखौफ चोरों का आतंक जारी है।चोरी की घटना का नया मामला कांटी थाना क्षेत्र के साइन चौक से सामने आया है। जहां देर रात बेखौफ चोरों ने एक किराना दुकान और घर को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कांटी थाना क्षेत्र में हुई भीषण चोरी की घटना साइन के महावीर चौक की बताई जा रही है।जहां चोरों ने चौक पर स्तिथ एक दुकान और घर को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान चोरी कर लिया गया है। सुबह में चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। चोरी की इस घटना के सम्बंध में पीड़ित किराना दुकानदार अर्जुन कुमार ने बताया कि चोरों ने घर में पिछले हिस्से में मौजूद एक रौशनदान को तोड़कर दुकान और घर मे प्रवेश किया है। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के डिवीआर को चुरा ले गए। वहीं दुकान में लगे कैमरे को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। वही चोरों ने उनके दुकान में रखी गई 20 हजार नगदी समेत उनकी मां और पत्नी के लाखों के जेवर की चोरी हुई है।

# आर्म्स एक्ट के एक आरोपी समेत 29 अभियुक्त गिरफ्तार, पूछताछ के बाद भेजा गया जेल

निज संवाददाता



**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया में पुलिस ने अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम के एक आरोपी समेत 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर अंजेश कुमार ने बताया कि 35.5 लीटर देसी शराब भी जब्त किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी के निर्देश पर फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी और मद्य निषेध कानून को पूरी तरह से लागू कराने का आदेश है। इसलिए जिला भर में विशेष समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि छापेमारी कर कुल 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत एक अभियुक्त, आर्म्स एक्ट के तहत एक अभियुक्त और पशु क्रूरता एक्ट के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना के रूप में 76 हजार पाँच सौ रुपया भी वसूला गया है।

## 40 बोतल शराब बरामद आरोपी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नि.सं.)।** स्थानीय सदर अस्पताल में तैनात एक सुरक्षा प्रहरी को उत्पाद विभाग के छापामार दल ने 40 बोतल विदेशी शराब के साथ घर से गिरफ्तार करने में सफलता पाई। गिरफ्तार सुरक्षा प्रहरी की पहचान कोरमा थे थाना क्षेत्र अंतर्गत चाड़े गांव निवासी अशोक कुमार के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में की गई। छापेमारी का नेतृत्व प्रभारी उत्पाद अधीक्षक सह उत्पाद निरीक्षक प्रकाश कुमार ने की। छापेमारी दल में उत्पाद दरोगा श्रीनिवास पटेल और उत्पाद जमादार अनिल कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में सशस्त्र बल शामिल थे। इस बाबत उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि होली के त्योहार में शराब खपाने हेतु गिरफ्तार कारोबारी द्वारा घर के अहाते में एक पुराने जर्जर मकान में छिपाकर रखा गया था।

# बिहार में नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के बाद अब योगी की एंट्री

- स्टार प्रचारकों में शाहनवाज के साथ कैसे चेहरे शामिल
- हर चरण में पीएम मोदी, शाह और योगी करेंगे प्रचार

निज संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनाव में बिहार के 40 सीटों पर कब्जे को लेकर बीजेपी ने धुंआधार प्रचार करने की रणनीति बनाई है। बिहार में प्रचार के लिए बीजेपी के प्रदेश स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर के कई बड़े चेहरे शामिल होंगे। बीजेपी ने प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची घोषित कर दिया है। बिहार में प्रचार के लिए आने वाले स्टार प्रचारकों में पीएम मोदी के साथ अमित शाह शामिल हो गई हैं। जो पहले ही बिहार के कई दायरे लगा चुके हैं । दोनो के अलावा बिहार में अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी एंट्री होने वाली है। बिहार मे हिंदुत्व और कानून के मुद्दे पर यूपी के सीएम योगी बिहार में घूमेंगे और प्रचार करेंगे। वहीं भाजपा ने एक बार फिर से पवन सिंह को बिहार से आउट कर दिया है। बिहार के आरा से लोकसभा से चुनाव की बात करने वाले पवन सिंह को भाजपा ने बिहार में कहीं टिकट नहीं दिया था। इसके बाद अब पवन सिंह को स्टार प्रचारक के लिस्ट से भी बाहर कर दिया गया है। भाजपा द्वारा जारी किए गये 40 स्टार प्रचारक के लिस्ट से पवन सिंह को जगह नहीं दिया गया है। बिहार के 40 सीटों पर कब्जे को लेकर बीजेपी ने अपने स्टार प्रचारकों को चरणबद्ध तरीके से उतारने की रणनीति बनाई है। पीएम मोदी, अमित शाह और योगी बिहार में सभी सात चरणों में अलग अलग जिलों में प्रचार के लिए पहुचेंगे। बीजेपी की रणनीति के मुताबिक पीएम मोदी जहां सभा करेंगे। उसके दूसरी जगह पर अमित शाह और योगी प्रचार के लिए पहुचेंगे। जानकारी के मुताबिक सीमांचल के इलाको मे योगी आदित्यनाथ का प्रचार के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम लगाने की तैयारी है। चुनाव निर्वाचन आयोग को भाजपा द्वारा भेजी गई लिस्ट के अनुसार भाजपा के 40 स्टार प्रचारक बिहार में कैंपेन करेंगे। इनके नाम कुछ इस प्रकार है:नरेंद्र मोदी जेपी नड्डाराजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ, विनोद तावड़े, सम्राट चौधरी विजय कुमार सिन्हा, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, अश्विनी कुमार चौबे, दीपक प्रकाश, सुशील कुमार मोदी, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, भीखू भाई दलसानिया, संजय जायसवाल, मंगल पांडे, रेणु देवी, प्रेम कुमार, स्मृति ईरानी, मनोज तिवारी, सैयद शाहनवाज हुसैन, नीरज कुमार सिंह, जनक चमार, अवधेश नारायण सिंह, नवल किशोर यादव, कृष्णनंदन पासवान, मोहन यादव, मनन कुमार मिश्रा सुरेंद्र मेहरा शंभू शरण पटेल मिथिलेश तिवारी राजेश वर्मा धर्मशिला गुप्ता कृष्ण कुमार ऋषि अनिल शर्मा प्रमोद कुमार चंद्रवंशी निवेदिता सिंह निक्की हेंब्रम शामिल हैं।

# 1.5 लाख भारतीय करेंसी के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**सुपौल।** सुपौल जिले के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी-45 वीं बटालियन के जवानों ने डेढ़ लाख भारतीय मुद्रा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इंडो नेपाल बॉर्डर के सीमा चौकी भीमनगर चेकपोस्ट से व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्त में आए व्यक्ति की पहचान नेपाल के मूल निवासी के रूप में हुई है। बता दें चेक पोस्ट ड्यूटी के दौरान एसएसबी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी भीमनगर ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर अवैध 1 लाख 50 हजार मिले हैं। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी भीमनगर सीमा स्तम्भ 206/7 के सामने भारत-नेपाल जाने-आने का एक पारंपरिक मार्ग है। जहां से दोनों देशों के नागरिकों का आवागमन होता है। इस रास्ते पर एसएसबी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी भीमनगर का एक चेक पोस्ट है। इस चेक पोस्ट के रास्ते आने जाने वालों की चेकिंग चेक पोस्ट पर तैनात कार्मिकों द्वारा करने के पश्चात ही आने-जाने की अनुमति दी जाती है।

बताया कि इस क्रम में बुधवार को एक व्यक्ति होंडा शाइन मोटरसाइकिल से भारत से नेपाल जा रहा था। जिसे सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में चेक पोस्ट पर तैनात अन्य 6 कार्मिकों के दल द्वारा रोककर पूछताछ के साथ तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में उनके पास से 1 लाख 50 हज़ार भारतीय रुपए पाये गए। जिनका कोई भी वैध दस्तावेज़ उक्त व्यक्ति के पास नहीं था। प्राप्त हुए भारतीय रुपयों को जब्त किया गया। वहीं हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान नेपाल देश के सुनसरी जिला के लेटाग मोरंग गांव निवासी 49 वर्षीय दिनेश चौधरी के रूप में की गयी। इधर आवश्यक कागजी कार्यवाही के उपरांत जब्त रुपयों, तथा होंडा शाइन मोटरसाइकिल नेपाल पंजीकृत संख्या को 11पी 6012 तथा हिरासत में लिए गए व्यक्ति को सीमा शुल्क विभाग, भीमनगर, सुपौल के सुपुर्द किया गया।

## 4.3 लाख कैश के साथ तीन गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर कुचायकोट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार एक कार की तलाशी ली। कार सवार के पास से 4 लाख 30 हजार रुपए बरामद हुए। जिसके बाद इस पुलिस ने कार सवार तीन लोगों को हिरासत में ले लिया और तीनों से पूछताछ कर रही है। तीनों अभियुक्तों में दरभंगा के बहेरीथाना क्षेत्र के ठाठोपुर अदावन गांव निवासी मुकेश शर्मा, मध्य प्रदेश के पोरसा जिले के किचोल निवासी शिव सिंह का बेटा जीतू सिंह और बेगूसराय भगवानपुर निवासी दयानंद सहनी का बेटा नारेन्द्र सहनी है। कुचायकोट थाना पुलिस नियमित कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच कर रही थी। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली की एक कार पर सवार कुछ लोग बलथरी चेक पोस्ट पार करने वाले हैं। जिनके पास कुछ कैश है। सूचना के आधार पर कुचायकोट थाना पुलिस हरकत में आई और वाहनों की जांच तेज कर दी। इसके बाद एक कार मौके पर पहुंची। तलाशी में कार सवार के पास 4 लाख 30 हजार नगद बरामद हुए। पुलिस कार सहित नगद राशि को जब्त कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के दौरान एक कार से 4 लाख 30 हजार रुपए बरामद किए गए। कार सवार से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में बरामद रुपए के बारे में कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। इसके बाद विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए विधिवत न्यायिक हिरासत में लिया गया।

हेलीकॉप्टर का खर्च जोड़ा जाएगा प्रत्याशी के खर्च में

# नई गाइडलाइन जारी : हेलीकॉप्टर उतारने के लिए जिला प्रशासन से लेना होगा एनओसी

- जिस जमीन पर हेलीकॉप्टर उतरेगा उसकी जानकारी देनी होगी



निज संवाददाता

**सीवान।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो चुकी है। चुनाव में इस्तेमाल होने वाले हेलीकॉप्टर के लिए चुनाव आयोग ने नई गाइडलाइन जारी की है। हेलीकॉप्टर उतारने और हेलीपैड बनाने के लिए राजनीतिक दलों को जिला प्रशासन से अनापती प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना होगा। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से अंतिम रूप से अनुमति मिलने के बाद ही राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के दौरान हेलीकॉप्टर उतार सकते है। अगर चुनाव सभा किसी विद्यालय परिसर में है तो पहले उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक से अनुमति लेनी होगी कि चुनाव सभा के दिन विद्यालय की छुट्टी है या नहीं। अगर छुट्टी नहीं है तो चुनाव सभा के दिन विद्यालय में पठन-पाठन प्रभावित तो नहीं हो रहा है। जहां हेलीकॉप्टर उतारना होगा उस क्षेत्र के अंचल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। जिसमें हेलीकॉप्टर का नाम, उसका रजिस्ट्रेशन संख्या, क्षमता आदि की जानकारी देनी होगी। साथ ही जिस स्थान पर हेलीकॉप्टर को उतरना होगा उस जगह की जमीन की खाता संख्या, खेसर संख्या आदि की जानकारी देनी होगी। हेलीकॉप्टर का खर्च संबंधित राजनीतिक दल और प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जाएगा। साथ ही संबंधित थाना अध्यक्ष से भी विधि व्यवस्था को लेकर अनापती प्रमाण पत्र लेना होगा। बिजली विभाग से हाईटेंशन तार की लचर व्यवस्था तो नहीं है, इसका एनओसी लेना होगा। भवन प्रमंडल से हैलीपैड के अक्षांश और देशान्तर को लेकर एनओसी लेना होगा। अग्निशमन विभाग से आगलगी की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को लेकर एनओसी लेना होगा।

# पटना एयरपोर्ट पर शुरू हुआ एम्बुलिफ्ट सुविधा, 100 रुपए में ले सकेंगे लाभ

निज संवाददाता




**पटना।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से दिव्यांग यात्रियों और आसानी से चलने में समस्या वाले यात्रियों के लिए एक सुविधा पटना एयरपोर्ट पर शुरू कर दी गई है। अब हवाई जहाज में चढ़ने या उतरने में दिव्यांग यात्रियों या मरीजों को कोई दिक्कत नहीं होगी। बाधा मुक्त आवाजाही करने के लिए AAI हवाई अड्डों पर एम्बुलिफ्ट सुविधा की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत पटना में भी इसकी शुरुआत हो गई है। कम गतिशीलता वाले यात्रियों को सुविधाजनक हवाई यात्रा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। AAI मामूली टोकन शुल्क पर ऑपरेटिंग एयरलाइंस को यह सुविधा प्रदान कर रही है। समाज में सभी को बराबरी और किसी भी कारणवश चलने में असमर्थ यात्रियों को सशक्त बनाने के लिए, पटना हवाई अड्डे के माध्यम से सभी यात्रियों को यह सुविधा दी गई है। पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे पर एम्बुलिफ्ट सेवा उपलब्ध किया गया, जिसका उपयोग सामान्य यात्री नाम मात्र शुल्क पर करेंगे। इसके लिए टोकन मनी रखा गया है। टोकन शुल्क केवल एक सौ रुपए रखा गया है, जिसमें GST भी शामिल है। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए सुगम्य भारत अभियान के हिस्से के रूप में इन एम्बुलिफ्टों को कम गतिशीलता वाले यात्रियों की सहायता के लिए उन एयरपोर्टों पर खरीदा गया है, जहां एयरोब्रिज की सुविधा नहीं है। ऐसे यात्रियों में दिव्यांग यात्री, व्हीलचेयर वाले यात्री और स्ट्रेचर पर यात्रा कर रहे यात्री शामिल हैं।

# अपराधियों ने तीन लोगों को तलवार से मारकर किया घायल



निज संवाददाता

**जमुई।** जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के हैदरा गांव में मंगलवार की देर शाम होली को लेकर गाना-बजाना के दौरान शराब के नशे में धुत्त बदमाशों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को तलवार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना की जानकारी चंद्रदीप थाना की पुलिस को दी गई। तीनों घायलों को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान हैदरा गांव निवासी संतोष कुमार, राजकुमार यादव और शंभू कुमार के रूप में हुई है। घायल संतोष कुमार ने बताया कि वे लोग होली पर्व को लेकर गांव में गाना-बजाना कर रहे थे। इसी दौरान सुनील चौधरी, गणपत चौधरी, कारू चौधरी, राम चौधरी, नन्हे चौधरी, हीरा चौधरी सहित आधा दर्जन से अधिक लोग शराब के नशे में धुत्त होकर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो सभी लोगों ने तलवार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। चंद्रदीप थाना अध्यक्ष राजेंद्र शाह ने बताया कि होली के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पीड़ित के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में दोनों पक्षों की ओर से तनाव की स्थिति उत्पन्न है।

## मधुबनी में दो पक्षों में मारपीट, छह लोग घायल

निज संवाददाता

**मधुबनी।** मधुबनी में 13 नंबर गुमटी पर बुधवार को दो पक्ष के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसमें 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के चकदह गांव के 13 नंबर गुमटी की है। घायल व्यक्ति मोहमद अली ने बताया कि ननती को साथ लेकर 13 नंबर गुमटी पर सामान लेने के लिए जा रहे थे। तभी सत्रुधन यादव गाली गलौज करने लगा। जब उसे गाली गलौज देने से मना किया तो वो लोग धारदार हथियार से मेरे ऊपर हमला कर दिया। मौके पर मारपीट करते देख घायल मोहमद अली ने कहा कि जब परिवार के लोग उस ओर दौड़े तो उन लोगों ने उसके ऊपर भी धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की घटना में घायल सभी लोगों को उठाकर इलाज के लिए मधुबनी सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर द्वारा सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घायल मोहमद अली से मारपीट का कारण पूछने पर बताया कि वो लोग शराब का कारोबारी करते हैं। इसी को लेकर पूर्व में जब शराब बेचने को लेकर मना किया और इसको लेकर जब मैंने पुलिस में शिकायत की। तभी से ये लोग हमलोगों के साथ गाली गलौज करता रहता था। वहीं, मारपीट के संबंध में जब थाना में आवेदन देने को लेकर पूछा तो बताया कि अभी थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया है। वहीं, दूसरे पक्ष के मोहमद साबिर ने बताया कि ये लोग झूठ बोल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गुमला में पिकअप चालक को अपराधियों ने किया अगवा, गूगल पे पर लिया 1.3 लाख रुपये की फिरौती

**गुमला, एजेंसी।** अज्ञात अपराधियों द्वारा गुमला में पिकअप चालक को अगवा कर उसके मोबाईल से गूगल पे पर बतौर फिरौती 1.3 लाख रूपये लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीडित चालक ने इस आशय की लिखित शिकायत गुमला थाना में की है। जानकारी के मुताबिक गुमला थाना क्षेत्र मुरकुंडा के समीप गुमला की ओर से समान लेने जा रही पिकअप को रास्ते में कुछ लोगो द्वारा रोक कर अगवा कर लिया। यह घटना रविवार अहले सुबह तीन बजे की है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के लिप्टस बगीचा निवासी सुमन महतो अपने पिकअप से कांसा पीतल का बर्तन लाने के लिये रविवार अहले सुबह तीन बजे गुमला से बाहर जा रहा था। इसी दौरान मुरकुंडा के समीप अपराधियों ने रास्ते पर बड़े बड़े पत्थर रख दिखा था। रास्ते ने पत्थर होने के कारण पिकअप जैसे ही वहां पर रूका। अपराधी युवक आ धमके और पिकअप चालक को वाहन से उतर कर वाहन की चाभी छीन ली और इसके अपनी बाइक में बैठा कर मरदा नदी के समीप ले गये और गूगल पे में पैसे डालने को बोला। भयवश चालक सुमन ने गूगल पे के नंबर पर 1.3 लाख रूपये भेज दिया। गुगल पे पर रूपये के बाद चालक को छोड़ दिया गया। जिसके बाद चालक सुमन भाग कर गुमला थाना पहुंच कर पुलिस के समक्ष अपनी पूरी कहानी बताई।

### सड़क क्रॉस कर रहे अपाची बाइक सवार का बेकाबू अवेंजर बाइक से हुई भिड़ंत, दो की हालत गंभीर

**जैनामोड़, एजेंसी।** बोकारो जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई। इस टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं एक व्यक्ति बाल-बाल बचा। सड़क हादसे की यह घटना स्वागत होटल के पास की है। इस जबरदस्त सड़क दुर्घटना में पेटरवार थाना क्षेत्र के अंबाडीह निवासी 28 वर्षीय देवान महतो एवं जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह निवासी 30 वर्षीय रफीक अंसारी घायल हुए हैं। जबकि 25 वर्षीय तनवीर बाल-बाल बचा। यह दुर्घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। घटना दिन के लगभग तीन बजे की है। स्वागत होटल के पास देवान महतो अपने आपाची बाइक पर सवार होकर सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी बीच रांची से बोकारो की ओर तेज रफ्तार से जा रही अवेंजर बाइक से उसकी सीधी भिडंत हो गई। इस हादसे में अपाची पर सवार देवान महतो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका एक पैर टूट गया है और सिर पर भी गंभीर चोट लई है। वहीं अवेंजर बाइक पर सवार दो युवकों में से एक युवक रफीक गंभीर रूप से जख्मी हुआ। जिसका माथा ही धंस गया। वहीं दूसरा युवक बाल-बाल बचा। घटना के तुरंत बाद सड़क पर गुजर रहे कसमार के मधुकरपुर निवासी मानिक चंद्र झा एवं स्वागत होटल के मालिक आकाश कुमार बरनवाल ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। वहीं जरीडीह पुलिस को भी सूचना दी। हालांकि 108 एंबुलेंस पहुंचने के पहले ही पहुंच चुकी जरीडीह पुलिस की जीप से दोनों घायल युवक को इलाज के लिए ले जाया गया। यह दुर्घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।

### चतरा पुलिस ने नहीं मनाई होली : जवान की याद में लिया गया फैसला, उग्रवादी हमले में शहीद हो गया था जवान

**चतरा, एजेंसी।** चतरा में उग्रवादी हमले में शहीद हुए जवानों के याद में इस बार चतरा पुलिस ने होली नहीं मनाने का निर्णय लिया है। विगत 07 फरवरी को सदर थाना पुलिस व वशिष्टनगर जोरी थाना पुलिस की टीम पोस्ता (अफीम) नष्ट करने गम्हारतरी गयी थी। पोस्ता की खेती को नष्ट कर लौटने के दौरान पहले से घात लगाये टीएसपीसी उग्रवादियों ने सदर थाना क्षेत्र के बैरियो के पास सुरक्षाबलों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। जिसमें दो जवान शहीद हो गये थे। वहीं एक अन्य जवान घायल हो गया था। घायल जवान आकाश सिंह का दिल्ली में ईलाज चल रहा है। शहीद जवानो में बिहार के गया जिला अंतर्गत वजीरगंज थाना क्षेत्र के खिरियांवा निवासी सिकंदर सिंह व पलामू जिला तरहसी थाना क्षेत्र के तरहसी गांव निवासी सुकन राम शामिल थे। शहीद सुकन राम व सिकंदर सिंह की शहादत को देखते हुए चतरा पुलिस परिवार ने इस वर्ष उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए होली नहीं मनाने का निर्णय लिया है। डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के आदेश पर इस बाबत महकमे को अपील भी जारी किया गया है।

# 29 को प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के आसार इंडी गठबंधन ने अभी तक नहीं उतारे उम्मीदवार




**रांची, एजेंसी।** 16 मार्च को चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा कर दी। झारखंड में चौथे चरण में चुनाव होने हैं। भाजपा की ओर से 13 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया गया है। पार्टी के उम्मीदवारों के नाम भी घोषित कर दिए हैं। चुनाव की तारीखों के ऐलान को 10 दिनों से अधिक बीत जाने के बाद भी इंडी गठबंधन के बीच तालमेल नहीं बैठक सका है। यही वजह से है कि आज तक गठबंधन ने नाम नहीं जारी किए हैं।

रांची से लेकर दिल्ली तक कई राउंड की बैठक हो चुकी है। लेकिन नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इधर गठबंधन के सूत्र बता रहे हैं कि गठबंधन की पार्टियों के बीच नाम फाइनल हो चुका है, अब घोषणा करना बाकि है। ऐसे में सूत्र की मानें तो 29 को इंडी गठबंधन नाम की घोषणा कर सकती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस और जेएमएम साझा कार्यक्रम में नामों की घोषणा कर सकती है।

हालांकि इंडी गठबंधन उम्मीदवारों के नाम घोषित करने की बात जरूर कर रहा है पर जो सात-पांच-एक-एक जो फॉर्मूला पार्टियों ने तय किया है, उसमें जिच अब भी है। अब तक के तय फॉर्मूले के मुताबिक कांग्रेस सात, जेएमएम पांच, आरजेडी एक और वामदल एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

सूत्र बता रहे हैं कि फॉर्मूला भी तय है और कुछ स्पष्ट भी नहीं। ऐसा इसलिए कि लोहरदगा, चतरा और पलामू तीन ऐसे सीट हैं, जहां पार्टियां दावेदारी कर रही हैं। आरजेडी पलामू औ चतरा चाह रही है तो लोहरदगा में कांग्रेस और जेएमएम दोनों अपने-अपने दावे कर रही है।

लोहरदगा सीट को लेकर किए जा रहे दावे के पीछे दो तर्क है। एक तो कि कांग्रेस इसे अपना परंपरागत सीट मानती है तो दूसरी ओर जेएमएम के चमरा लिंडा चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं।

तमाम राजनीति उठापटक के बीच भाजपा के कांग्रेस और जेएमएम के एक-एक उम्मीदवार को अपने खेमे में लेकर मैदान में उतार दिया है। इसमें सिंहभूम से कांग्रेस कोटे की सांसद गीता कोड़ा अब भाजपा से उम्मीदवार बनाई गई हैं। वहीं दुमका से जेएमएम कोटे से जामा की विधायक रही सीता सोरेन को भाजपा ने मैदान में उतारा है।

इन दोनों के मैदान में उतरने के बाद से दोनों की सीटों पर कांग्रेस और जेएमएम को उम्मीदवारों का टोटा हो गया है। दुमका की बात करें तो यहां से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नाम की चर्चा चल रही है तो कभी भाजपा से जेएमएम आए हेमलाल मुर्मू को टिकट दिया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर सिंहभूम में कांग्रेस यह तय नहीं कर पा रही है कि यहां के गीता कोड़ा के मुकाबले किसे मैदान में उतारा जाए। इस सीट से डॉ अजय कुमार और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा है। जहां एक ओर इंडी गठबंधन नाम तय करने में जुटी है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा के उम्मीदवार उतार कर ऐसा कार्ड खेला है कि विपक्षी उहापोह की स्थिति में आ गए हैं। संभवना जताई जा रही है कि यही वजह है कि इंडी गठबंधन अब तक नाम सामने नहीं ला सकी है।

### अधिवक्ता गुड्डू हैदर बने राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मो. जमीरउद्दीन अंसारी ने अधिवक्ता सैयद आयाज हैदर उर्फ गुड्डू हैदर को संगठन का नया प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। अध्यक्ष ने उम्मीद जताया कि अधिवक्ता गुड्डू आम लोगों को संगठन से जोड़कर मजबूत करने के साथ जनसेवा कार्य करेंगे। इधर अधिवक्ता गुड्डू हैदर को प्रदेश महासचिव मनोनीत करने पर मंजर अमीन, बलदेव सिंह मेहरा, अजित यादव, शुभम सिन्हा, ब्रह्मदेव मंडल व अन्य हर्ष जताया और कहा कि अधिवक्ता गुड्डू हैदर की सक्रियता से पार्टी मजबूत होगी।

## चंपई सोरेन की सरकार से नाराज झारखंड के होमगार्ड जवान, अब चुनाव के दिन नोटा को देंगे वोट



**धनबाद, एजेंसी।** राज्य के गृह रक्षक यानी होमगार्ड जवान झारखंड सरकार से नाराज हैं। उनकी नाराजगी का कारण समान कार्य के लिए समान वेतन देने संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का राज्य सरकार की ओर से पालन नहीं करना है। ऐसे में होमगार्ड जवानों ने होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नोटा के पक्ष में करेंगे। इस मामले को लेकर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी घोषणा कर दी है।

**होमगार्ड जवानों में इस बात की है नाराजगी :** झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव राधेश्याम प्रसाद के आदेश पर जिला समादेष्टा केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा हरिकर सिंह मुंडा ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की है। इसमें समान कार्य के लिए समान वेतन देने संबंधी आदेश पर पुर्नविचार करने का आग्रह किया गया है।

इसी आदेश को लेकर होमगार्ड जवानों में राज्य सरकार के प्रति नाराजगी है। धनबाद निवासी और झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के उपरोक्त आदेश को झारखंड में जल्द लागू कराने के लिए संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मुलाकात की थी।

इस मुलाकात के दौरान संघ ने अपनी मांगों से अवगत कराते हुए न्यायालय के आदेश को यथाशीघ्र लागू करने की बात रखी थी। इस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक पहले करने की बात कही थी, लेकिन अब राज्य के अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पालन करने की जगह उसकी समीक्षा के लिए कोर्ट में याचिका दायर करने जा रहे हैं। यह राज्य के होमगार्ड जवानों के साथ विश्वविसघात है।

## खूंखार जंगली सूअर के खौफ से थर्राया सिमडेगा, प्रशासन ने लागू किया धारा 144;



**सिमडेगा, एजेंसी।** जंगली सूअर द्वारा नौ लोगों को घायल करने व एक की जान लेने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पिथरा पंचायत में धारा 144 लगा दिया है।

अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की ने इस बाबत आदेश जारी करते हुए निर्देश दिया है। इसके तहत पंचायत में पांच या पांच से अधिक लोगों को एक जगह नहीं जमा होने, ध्वनि-विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करने, हरवे हथियार या किसी तरह के अस्त्र-शस्त्र के साथ नहीं चलने तथा किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, रैली का आयोजन नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

विदित हो कि पत्र में आशंका व्यक्त की गई है कि ग्रामीण जंगली सूअर को ढूंढने अथवा भगाने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में जान-माल की क्षति की संभावना से इनकार नही किया जा सकता। इधर वन विभाग ने अभी तक उक्त जंगली सूअर का पता नहीं लगा पाया है। वन विभाग के कर्मी सुबह से ही क्षेत्र में निकले हुए हैं।

वन क्षेत्र पदाधिकारी एसएस चौधरी ने कहा कि ऐसी संभावना है कि ग्रामीणों ने जंगली सूअर को चोट पहुंचाई होगी, जिस कारण वह इतना आक्रमक हुआ। उन्होंने कहा कि करीब 30 साल पहले भी जंगली सूअर ने एक व्यक्ति को मार डाला था।

हालांकि, उसके बाद इतने बड़े स्तर पर नुकसान नहीं पहुंचा पहुंचा था। बता दे कि क्षेत्र में लोग जंगली सूअर का भी यदा-कदा शिकार करते रहे हैं। परंतु जंगली नर सुअर काफी ताकतवर व खतरनाक होते हैं। हाथी के जैसे ही उसका दांत निकला होता है, जिसे वे हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

## पलामू में नृशंस हत्याकांड : पहले पिलाई शराब, फिर धारदार हथियार से किया हमला; आखिर में गोलियों से भून युवक की हत्या



**चैनपुर (पलामू), एजेंसी।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। युवक को पहले शराब पिलाई गई। उसके बाद तेज धारदार हथियार से हमला किया गया और बाद में उसकी गोली मार कर हत्या कर दी गई।

शराब पीने के दौरान हुआ विवाद

घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना की पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। घटना मंगलवार रात दस बजे की बताई जाती है। जब मृतक मनोज कुमार चौधरी अपने गोतिया और परिवार के साथ बैठकर शराब पी रहा था।

शराब पीने के दौरान विवाद हुआ। उसके बाद बहस हुई। इसी बहस के दौरान आरोपियों ने पहले तेज धारदार हथियार से मनोज चौधरी पर हमला किया और उसे जख्मी कर दिया। उसके बाद में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। मनोज चौधरी के शरीर में दो गोली मारी गई थी।

घटना के बाद मनोज चौधरी को स्वजन मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल ले गए गए, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे हैं और पूरे मामले की छानबीन की। उन्होंने बताया कि आपसी विवाद में मनोज चौधरी की हत्या हुई है। मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है।वह गढ़वा जिला के अनराज घाटी में लूटपाट और अपहरण का आरोपी था। पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

उन्होंने बताया कि एमएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम पर स्वजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के स्वजनों ने पुलिस को आवेदन दिया है। उसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

## 70 हजार जावा महुआ और 350 लीटर शराब बरामद



**चौपारण, एजेंसी।** चौपारण थाना से 26 किमी दूर अतिउग्रवाद प्रभावित झारखंड-बिहार के सीमा पर नदी-नालो व जंगल-पठार के बीच टापू के रूप में बसा भगहर में उत्पाद विभाग एवं चौपारण पुलिस ने संयुक्त छापामारी किया। उक्त जानकारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देशन में भगहर पंचायत में चल रहे अवैध रूप से महुआ शराब की कुटीर उद्योग एवं अंग्रेजी शराब की तस्करी के खिलाफ छापामारी कर करवाई किया गया।

शराब की तस्करी करना है बंद

उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चुनाव से पूर्व महुआ शराब की भट्ठियां और अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी को बंद किया जाएगा। उत्पाद विभाग के साथ चौपारण पुलिस ने करवाई कर 73 हजार जावा महुआ और दर्जनों प्लास्टिक ड्राम को विनष्ट किया गया। जबकि 350 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। वहीं उत्पाद पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि जंगल, नदी एवं नालो के किनारे अवैध रूप संचालित महुआ शराब चुलाई की भट्ठियों की पहचान ड्रॉन कैमरा उड़ा कर किया गया। उन्होंने कहा कि ड्रॉन कैमरे से देखने पर महुआ शराब भट्ठियों का चैन बना हुआ है। साथ ही जंगलों में जावा महुआ फुलाने के लिए प्लास्टिक ड्राम को वन भूमि में गड्ढा कर गाड़ कर रखे जाने का दृश्य दिखता है। जिस पर करवाई करके समाप्त किया जाएगा।

अवैध तरीके से चल रही भट्ठियां

जंगल के पेड़ो को काट कर वन भूमि को सरपट कर अवैध रूप से सैकड़ो भट्ठियां संचालित है। जिसमें दिन दहाड़े जंगली पेड़ धधक धधक कर जल रहे हैं और वन विभाग मूकदर्शक बन कर अवैध कारोबारियों को मौन समर्थन कर रहे हैं। अब सवाल उठता है कि सरकार वन एवं पर्यावरण बचाने के लिए हर माह लाखो रुपये वन अधिकारियों और कर्मियों को देती है। जो व्यर्थ में जा रही है। इस पर वन विभाग के आलाधिकारी को जगने की आवश्यकता है।

## दो बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर, दो की हालत गंभीर



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई। इस टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं एक व्यक्ति बाल-बाल बचा। सड़क हादसे की यह घटना स्वागत होटल के पास की है। इस जबरदस्त सड़क दुर्घटना में पेटरवार थाना क्षेत्र के अंबाडीह निवासी 28 वर्षीय देवान महतो एवं जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह निवासी 30 वर्षीय रफीक अंसारी घायल हुए हैं। जबकि 25 वर्षीय तनवीर बाल-बाल बचा। यह दुर्घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। घटना दिन के लगभग तीन बजे की है।

स्वागत होटल के पास देवान महतो अपने आपाची बाइक पर सवार होकर सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी बीच रांची से बोकारो की ओर तेज रफ्तार से जा रही अवेंजर बाइक से उसकी सीधी भिडंत हो गई। इस हादसे में अपाची पर सवार देवान महतो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका एक पैर टूट गया है और सिर पर भी गंभीर चोट लई है। वहीं अवेंजर बाइक पर सवार दो युवकों में से एक युवक रफीक गंभीर रूप से जख्मी हुआ। जिसका माथा ही धंस गया। वहीं दूसरा युवक बाल-बाल बचा।

घटना के तुरंत बाद सड़क पर गुजर रहे कसमार के मधुकरपुर निवासी मानिक चंद्र झा एवं स्वागत होटल के मालिक आकाश कुमार बरनवाल ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। वहीं जरीडीह पुलिस को भी सूचना दी। हालांकि 108 एंबुलेंस पहुंचने के पहले ही पहुंच चुकी जरीडीह पुलिस की जीप से दोनों घायल युवक को इलाज के लिए ले जाया गया। यह दुर्घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।

# क्या गोड्डा सीट पर चौथी बार जीत हासिल कर पाएंगे निशिकांत दुबे



**गोड्डा, एजेंसी।** झारखंड के 14 लोकसभा सीटों में से एक गोड्डा लोकसभा सीट है। साल 2000 तक गोड्डा भी बिहार का ही एक हिस्सा था। यह संसदीय क्षेत्र कई मायनों में खास है। इस क्षेत्र में वैदिक काल की सभ्यता के निशान मिले हैं।

गोड्डा खनिज संपदाओं से भरा जिला है। यहां का ललमटिया कोयला खादान एशिया में प्रसिद्ध है। बसंतराय यहां का प्रमुख दर्शनीय स्थल है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र जब से अस्तित्व में आया है तब से लेकर आज तक कुल 15 लोकसभा के चुनाव हुए हैं, जिनमें से 7 बार भारतीय जनता पार्टी का कब्जा रहा है तो 6 बार इस सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। वहीं एक बार भारतीय लोक दल और एक बार झारखंड मुक्ति मोर्चा को जीत मिली है। साल 1962 और 1967 के चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के प्रभु दयाल सांसद चुने गए थे तो 1971 में कांग्रेस के जगदीश मंडल चुनाव जीते थे। आपातकाल के बाद साल 1977 में हुए चुनाव में जगदीश मंडल भारतीय लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत कर संसद पहुंचे।

वहीं 1980 और 1984 में कांग्रेस के टिकट पर मौलाना समीनुद्दीन सांसद चुने गए। 1989 में इस सीट पर बीजेपी के जनार्दन यादव चुनाव जीतने में कामयाब रहे। 1991 में यह सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास चली गई और सूरज मंडल चुनाव जीते। इसके बाद बीजेपी ने एक बार फिर से वापसी की और लगातार तीन बार यानि की 1996, 1998 और 1999 में जगदंबी प्रसाद यादव सांसद चुने गए। साल 2000 में भी यह सीट भारतीय जनता पार्टी के पास ही रही और प्रदीप यादव सांसद बने। 2004 में इस सीट पर कांग्रेस के पास फुरकान अंसारी चुनाव जीतने में कामयाब रहे लेकिन इसके बाद 2009 और 2014 में बीजेपी के निशिकांत दुबे सांसद चुने गए। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भी निशिकांत दुबे ने ही जीत हासिल की थी। इस बार भी बीजेपी ने निशिकांत दुबे पर ही भरोसा जताया है।

गौरतलब है कि गोड्डा लोकसभा सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा सीटें जिनमें गोड्डा जिले की पोड़ैयाहाट, गोड्डा और महगामा विधानसभा दुमका जिले की जरमुण्डी और देवघर जिले की मधुपुर और देवघर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

**एक नजर 2019 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर :** 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी कैंडिडेट निशिकांत दुबे ने ही जीत हासिल की थी। दुबे ने 6 लाख 37 हजार 610 वोट लाकर जीत का परचम लहराया था। वहीं जेवीएम के प्रदीप यादव ने 4 लाख 53 हजार 383 वोट लाकर दूसरा स्थान हासिल किया था तो 18 हजार 683 वोट के साथ नोटा तीसरे स्थान पर रहा था।

**एक नजर 2014 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर :** अब एक नजर पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर डालें तो साल 2014 में इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के निशिकांत दुबे को 3 लाख 80 हजार 500 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस के फुरकान अंसारी 3 लाख 19 हजार 818 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं जेवीएम के प्रदीप यादव 1 लाख 93 हजार 506 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे थे।

**एक नजर 2009 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर :** साल 2009 में हुए लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो भारतीय जनता पार्टी के निशिकांत दुबे ने 1 लाख 89 हजार 526 वोट हासिल कर जीत का परचम लहराया था तो वहीं कांग्रेस के फुरकान अंसारी 1 लाख 83 हजार 119 वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि छ्ड्कूल्के प्रदीप यादव को 1 लाख 76 हजार 926 वोट मिले थे और वे तीसरे स्थान पर रहे थे।

**एक नजर 2004 लोकसभा चुनाव के नतीजों पर :** साल 2004 में हुए लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो कांग्रेस के फुरकान अंसारी ने 3 लाख 73 हजार 138 वोट हासिल कर जीत का परचम लहराया था तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप यादव 3 लाख 46 हजार 384 वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि जेडीयू के सूरज मंडल को 43 हजार 837 वोट मिले थे और वे तीसरे स्थान पर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नामांकन से पहले जितिन ने मां यशवंतरी का लिया आशीर्वाद

**पीलीभीत, एजेंसी।** पीलीभीत संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने नामांकन से पहले मां यशवंतरी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उनके साथ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एमएलसी सुधीर गुप्ता, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बीसलपुर विधायक विवेक गुप्ता और बरेली के प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार भी उनके साथ मौजूद रहे।

### हादसे में दो बेटों-पिता के साथ 4 की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर में हुए भीषण सड़क हादसे में चार की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था की कार सवार चार की मौत हो गई। हाईवे पर तेज रफ्तार कार लटने से हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार के ड्राइव को झपकी आने से हादसा हुआ है। हादसे के समय कार की रफ्तार बेहद तेज थी जिस कारण ड्राइवर कार को संभाल नहीं पाया। कार तेजी से दौड़ रही थी और चालक संभाल नहीं पाया। कार बिजनौर में पलटी। उमेश पाल के घर के पीछे बनी गोशाला में मंगलवार दोपहर तेज धमाके से हड़कंप मच गया। सुरक्षाकर्मी हरकत में आए और मौके पर पहुंचकर जांच की। सीसीटीवी फुटेज में कोई नजर नहीं आया। पुलिस ने जांच के बाद दावा किया कि कूड़े में किसी ने ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया था। उसी में आग लगी थी। वहीं उमेश पाल की पत्नी जया ने पड़ोसी संजय पटेल, उसके भाई अजय और रवि और दो अज्ञात के खिलाफ धूमनगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है।

### अयोध्या में पीएसी जवान रहस्यमय हालात में गोली लगने से घायल



**अयोध्या, एजेंसी।** प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) के एक जवान को मंगलवार को यहां राम मंदिर परिसर में रहस्यमय हालात में गोली मार दी गई। सूचना मिलते ही आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि पीड़ित पर किसी और ने गोली चलाई थी या उसे उसकी ही बंदूक से गोली लगी थी। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया है कि 53 वर्षीय जवान राम प्रसाद मंदिर परिसर में तैनात थे, उसी समय उन्हें गोली लगी। उनके साथियों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।पुलिस इलाके में तैनात अन्य पुलिसकर्मियों से पूछताछ कर रही है।

### नोएडा प्राधिकरण ने 9 संस्थानों पर लगाया 27 लाख का जुर्माना, 24 घंटे का अल्टीमेटम

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण ने बिना शोधित पानी नाले में बहाने वाले रेस्टोरेंट समेत 9 संस्थानों पर 27 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण की टीम ने इन संस्थानों का निरीक्षण भी किया, जिसमें सात संस्थानों में ईटीपी नहीं लगा मिला, जबकि दो संस्थान बंद मिले। इन सभी संस्थानों को जुर्माना जमा करने के लिए महज 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर सभी को सीज कर दिया जाएगा। प्राधिकरण ने शिकायत के आधार पर सेक्टर-18 और 53 में स्थित नौ होटल, रेस्तरां और वाणिज्यिक संस्थानों पर छापेमारी की थी। टीम ने संस्थानों का पुनः निरीक्षण किया। टीम को सात संस्थानों में शोधित पानी को लेकर व्यवस्था नहीं मिली, जबकि दो संस्थान बंद मिले। टीम ने संस्थानों को 24 घंटे में जुर्माना जमा करने का आदेश दिया है। यदि संस्थान बुधवार तक जुर्माना जमा नहीं करते हैं, तो उन्हें सील कर दिया जाएगा। वहीं, बंद मिले संस्थानों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। प्राधिकरण ने जिन संस्थानों पर जुर्माना लगाया है उनमें सेक्टर-18 स्थित सागर रत्ना पर 5 लाख, सेक्टर-18 स्थित द पटियाला किचन पर दो लाख, चाऊमेन पर दो लाख, सेक्टर-53 स्थित मिठास स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट पर दो लाख, सेक्टर-18 स्थित देसी वाइब्स पर 2 लाख, ढाबा ऐट अट्टा पर दो लाख, सेक्टर-18 स्थित नजीर फूड पर दो लाख, द तंदूरी विलेज पर 5 लाख और सेक्टर-18 स्थित राधे श्याम पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इन सभी को जुर्माना भरने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेट दिया गया है। यदि यह ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो सभी संस्थानों को सीज कर दिया जाएगा।

# आजम खां के सियासी दांव में उलझ गए अखिलेश यादव, रामपुर और मुरादाबाद सीट पर उलझी सपा



**मुरादाबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में टिकट फाइनल करने को लेकर समाजवादी पार्टी में घमासान जारी है। अखिलेश यादव आजम खां के सियासी दांव में उलझ गए हैं। रामपुर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी का फैसला नहीं हो सका है। वहीं, मुरादाबाद सीट पर भी असमंजस की स्थिति है। लोकसभा चुनाव में रामपुर सीट को लेकर आजम खां ने ऐसा सियासी दांव खेला है जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उलझ कर रह गए हैं। आजम खां ने अखिलेश यादव से कहा था कि वो रामपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ लें। अखिलेश यादव इसके लिए मन नहीं बना पाए। ऐसे में नामांकन दाखिल होने के एक दिन पहले तक सपा अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है और दूसरी ओर सपाइयों ने रामपुर में चुनाव के बहिष्कार का एलान कर दिया है। एक तरह से आजम खां ने गेंद अखिलेश यादव के पाले में डाल दी है। आजम खां सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। कोई भी रणनीति वो भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार करते हैं। आजम खां पिछले कुछ महीनों से जेल में हैं। ऐसे में कई स्थानीय सपाइयों ने लोकसभा का चुनाव लड़ने के मंसूबे पालने शुरू कर दिए थे। टिकट के कई दावेदारों ने इसको लेकर सीतापुर की जेल में आजम खां से मुलाकात भी की थी।

कई नेताओं ने अपने स्तर से चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी थी। इस बीच आजम खां से मुलाकात करने से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सीतापुर की जेल पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच बातचीत के यह लगने लगा था कि रामपुर सीट से प्रत्याशी तय कर दिया जाएगा। पार्टी के जानकारों की माने तो आजम खां ने अखिलेश यादव से कहा था कि वो खुद रामपुर से चुनाव लड़ें। हालांकि अखिलेश यादव ने इसको लेकर साफ-साफ कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि आजम खां ने जो सुझाव दिए हैं उस पर विचार किया जाएगा।

इसके बाद रामपुर के सपाई 24 मार्च को अखिलेश यादव से मुलाकात करने लखनऊ पहुंचे थे। रामपुर के सपाइयों ने अखिलेश यादव से आजम खां के प्रस्ताव पर विचार करने को कहा। हालांकि अखिलेश यादव ने 24 मार्च को भी खुलकर कुछ नहीं कहा और 26 मार्च को प्रत्याशी के एलान की बात कही। इस बीच तेजप्रताप यादव का नाम चर्चा में आया।

राजनीतिक हलको में यह कहा जाना लगा कि तेज प्रताप यादव को सपा रामपुर से प्रत्याशी बना सकती है। इससे आजम खां की बात भी रह जाएगी। लेकिन मंगलवार की शाम रामपुर के सपाइयों ने अचानक से चुनाव के बहिष्कार का एलान कर दिया। उन्होंने आजम खां का पत्र भी जारी किया। हालांकि रामपुर के सपाइयों ने यह भी कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो फैसला करेंगे वह उनको मंजूर होगा।

### नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि है आज

रामपुर लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि 27 मार्च है। चुनाव लड़ने के लिए दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल करना अनिवार्य है। ऐसे में पार्टी को बुधवार सुबह तक कोई न कोई फैसला लेना पड़ेगा। वैसे इस सीट का इतिहास रहा है कि सपा अंतिम समय पर अपने पत्ते खोलते है। सपा विधानसभा सीट पिछले साल हुए उपचुनाव के लिए प्रत्याशी के बारे में लोगों को तब पता चला जब उन्होंने अपना नामांकन दाखिल कर दिया।

### रामपुर से पिछला चुनाव जीता था आजम खां ने

रामपुर । 2019 के लोकसभा चुनाव में आजम खां रामपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी थे । इस चुनाव में आजम खां ने एक लाख से अधिक मतों से भाजपा की प्रत्याशी जयाप्रदा को मात दी थी । सांसद बनने के कुछ महीने के बाद 2020 वारंट जारी होने पर उन्होंने पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ कोर्ट में आत्मसर्मपण कर दिया था । तीनों को सीतापुर की जेल भेज गया था ।
आजम खां जेल में रहते हुए 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था । विधायक बनने के बाद उन्होंने लोकसभा की सीट छोड़ दी थी । इसके बाद इस सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी ने जीत हासिल कर दी थी । बाद में कोर्ट से सजा होने के बाद आजम खां की विधायकी भी चली गई । रामपुर विधानसभा सीट हुए उपचुनाव में भाजपा के आकाश सक्सेना ने जीत हासिल कर ली थी । इन दोनों उपचुनावों सपा के प्रत्याशी आसिम राजा थे ।

### टिकट कटने की मुझे नहीं जानकारी - एसटी हसन

उधर, मुरादाबाद सीट से मंगलवार को सपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराने वाले सांसद डॉ. एसटी हसन की टिकट कटने और पूर्व विधायक रुचि वीरा की चर्चा तेज है । इस बाबत पूछने पर डॉ. हसन ने कहा कि उन्हें बी फॉर्म मिल गया है, यह जानकारी हुई है लेकिन इस बारे में पार्टी की तरफ से मुझे कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है । वहीं, चर्चा है कि पार्टी ने रुचि वीरा को भी नामांकन करने से रोक दिया है ।



### 40वीं बार दूल्हा बने, फेरे की रस्में हुई फिर भी न मिली दुल्हन, अनोखी शादी

**लखीमपुर, एजेंसी।** यूपी के लखीमपुर खीरी में यह कहानी दिलचस्प है। ईसानगर के नरगड़ा गांव में होली के दिन अनोखी रस्म निभाई गई। सोमवार को 40वीं बार दूल्हा बारात लेकर निकला। गाजे-बाजे के साथ दुल्हन के दरवाजे पहुंचे। बारात का स्वागत सत्कार हुआ। फेरे की रस्में हुई और विदाई भी। पर हर साल की तरह 40वीं बार बारात बिना दुल्हन के बैरंग वापस हुई। होली का दिन रंगों से सराबोर बारातियों का जत्था ट्रैक्कर पर सवार दूल्हे के साथ गांव के बीच निकला। बारात में करीब करीब पूरा गांव शामिल है। बारात दुल्हन के दरवाजे पर पहुंची। बारातियों का स्वागत हुआ। परम्परानुसार बारातियों को जलपान कराकर जनवासे में ठहरा दिया गया। बारात में शामिल लोगों के पांव भी पखारे गए। उधर वधु पक्ष की महिलाओं ने घर में मंगलगीत गाये। द्वारपूजन के बाद विवाह की रस्में निभाई गईं। बारात और दूल्हे के साथ वे सारी रस्में निभाई हुईं। लेकिन दूल्हे को नहीं मिलती तो बस दुल्हन। बात हो रही है कि ईसानगर के मजरा नरगड़ा में निकाली जाने वाली बारात की। इस बारात की खासियत यह है कि इसमें एक ही परिवार के सदस्य सैकड़ों वर्षो से दूल्हा बनते आए हैं। होली के दिन पूरा गांव दूल्हे के साथ नाचते गाते रंग से सराबोर होकर दूल्हे के साथ बरात लेकर पहुंचते हैं। सारी रस्में शादी बरात वाली ही होती है। पुरानी परम्परा के अनुसार आज भी हम लोग भी इस प्रथा को निभा रहे है। यह भी परम्परा है कि बारात को बिना दुल्हन के विदा किया जाता है। इस परंपरा में गांव के विश्वम्भर दयाल मिश्रा 40वीं बार दूल्हा बने। विश्वम्भर की ससुराल गांव में ही है। होली के पहले उनकी पत्नी मोहिनी को कुछ दिन पहले मायके बुला लिया जाता है। शादी के स्वांग के बाद जब बारात विदा होकर आ जाती है। तब उसके कुछ दिन बाद मोहिनी को ससुराल भेज दिया जाता है। यह अनोखी शादी देखने और बारात में शामिल होने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। सैकड़ों सालों से चली आ रही यह परंपरा आज भी लोक संस्कृतियों की यादें समेटे हुए है।

## मौलाना जमील अहमद बने बनारस के दूसरे शहर-ए-काजी, ईद बाद होगी दस्तारबंदी

**वाराणसी , एजेंसी।** आजादी के बाद मौलाना गुलाम यासीन को पहले शहर-ए-काजी की जिम्मेदारी मिली थी। उनके इंतकाल के बाद मौलाना जमील अहमद कादरी नए काजी-ए-शहर बनाए गए। उनकी दस्तारबंदी ईद के बाद होगी। शहर-ए-काजी मौलाना गुलाम यासीन के इंतकाल के बाद मौलाना जमील अहमद कादरी नए काजी-ए-शहर बनाए गए। सदर-उस-शरीया मौलाना जियाउल मुस्तफा रिजवी कादरी ने नए काजी-ए-शहर का एलान बरेली शरीफ के प्रमुख अल्लामा मौलाना मुफ्ती असजद रजा खां की अनुमति से किया। एलान का ऑडियो आने के बाद तिलभांडेश्वर पार्क स्थित मौलाना गुलाम यासीन के आवास पर पहुंचकर उलेमा और लोगों ने मौलाना जमील की गुलपोशी कर उन्हें मुबारकबाद दी। उनकी दस्तारबंदी ईद के बाद होगी।



अशफाक नगर निवासी मौलाना मोहम्मद जमील अहमद मशहूर उलेमा हैं। उनके मुरीदों ने उम्मीद जताई है कि मौलाना गुलाम यासीन की तरह ही मौलाना जमील भी बनारस को साथ लेकर चलेंगे और हक पर रहेंगे। अहले सुन्नत अल जमात खासकर बरेलवी के उलेमा नए शहर-ए-काजी के फैसले को मानेंगे। आजादी के बाद मरहूम मौलाना गुलाम यासीन पहले शहर-ए-काजी बने थे।

जानकारों का मानना है कि आजादी के पहले हजरत अलवी शहीद, याकूब शहीद, लाटशाही बाबा भी अपने दौर के शहर ए काजी रहे थे। रमजान को देखते हुए नए शहर-ए-काजी का एलान हुआ क्योंकि ईद के चांद का एलान, शरिया की जानकारी देने सहित अन्य दीनी कार्यों में दिक्कत न आए।

## संगीत की फुहार, इत्र और गुलाबजल की खुशबू से निखरा बुढ़वा मंगल, सुबह-ए-बनारस के मंच पर सजी महफिल



**वाराणसी, एजेंसी।** होली के बाद पहले मंगलवार को गंगातट पर बुढ़वा मंगल की महफिल सजी। इस दौरान पुरुष दुपलिया टोपी, सफेद कुर्ता-पायजामा तो महिलाएं गुलाबी साड़ी में नजर आईं। महफिल में इत्र व गुलाबजल की खुशबू के साथ संगीत का रस घुला तो सभी मदमस्त हो गए। बनारसी ठाटबाट का हिस्सा रहा बुढ़वा मंगल मंगलवार को जवां दिखा। अस्सी घाट के सुबह-ए-बनारस के मंच पर सजी बुढ़वा मंगल की महफिल में इत्र व गुलाबजल की खुशबू के साथ संगीत का रस घुला तो सभी मदमस्त हो गए। पुरुष दुपलिया टोपी, सफेद कुर्ता-पायजामा तो महिलाएं गुलाबी साड़ी में नजर आईं। आरंभ होली पर काव्यार्चन से हुआ। अरविंद मिश्रा हर्ष के संचालनत्व में कंचनलता चतुर्वेदी, प्रियंका अग्निहोत्री, प्रियंका सिंह, डॉ. अलका दुबे, डॉ. धर्म प्रकाश मिश्रा, डॉ. प्रवीण तिवारी, रुद्रनाथ त्रिपाठी पुंज, अंकित खत्री नादान, जगदीश्वरी चौबे, डॉ. जयप्रकाश मिश्रा, डॉ. नागेश शांडिल्य, सूर्य प्रकाश मिश्रा आदि ने काव्य पाठ किया। इसके बाद संगीतज्ञ डॉ. राजेश्वर आचार्य की अगुवाई में सजी संगीत की महफिल में तेजस्वनी वर्णेकर ने उपशास्त्रीय गायिकी से आनंद की वर्षा की। उन्होंने कौन तरह से खेलत होरी देखो लला..., ना खेलूंगी मैं तोसे होरी कन्हैया... आदि सुनाया। बुढ़वा मंगल में अभिनव प्रयोग करते हुए काशी के युवा रॉकस्टार अमित त्रिवेदी और उनकी टीम ने भगवान शिव की रॉकिंग होली की अद्भुत प्रस्तुति दी। संचालन अंकिता खत्री ने किया। इस मौके पर पं. प्रमोद मिश्र, मंजू मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह, अभय श्रीवास्तव, पं. रमेश तिवारी, कृष्णमोहन आदि रहे।

## वेटरनरी फार्मा कंपनी की गोदाम में आग से 40 लाख की दवाइयां जली

**दिबियापुर, एजेंसी।** कस्बा के राणा नगर में पशुओं की दवाइयों की कंपनी के गोदाम में आग लग गई। आधा घंटे की मशक्कत के बाद मोहल्ले के लोगों ने आग पर काबू पाया। आग से लाखों की दवाइयां और लोडर जलकर खाक हो गया। पीड़ित कंपनी मालिक घर पर ही दुकान में गोदाम बनाए थे। सोमवार की रात वेट नीड वेटरनरी फार्मा कंपनी मालिक राणा नगर निवासी भारत सिंह राजपूत अपने परिजनों के साथ काम से बाहर गए थे। घर पर उनकी पत्नी मंजू देवी अकेली थी। वह घर की छत पर सो रहीं थीं। रात लगभग डेढ़ बजे घर के नीचे हिस्से में आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से घर में ही दवाइयों की गोदाम में भी आग लग गई।

दवाइयों के जलने की बदबू आसपास पहुंची तो लोग दौड़ पड़े। लोगों ने सबमर्सिबल पंपों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया, लेकिन आग से दवाइयां और एक लोडर जलकर खाक हो गया। पीड़ित का कहना है कि आग से लगभग 40 लाख की दवाइयों और लोडर आदि की क्षति हुई है।

बताया कि गोदाम में आग बुझाने के उपकरण भी थे, लेकिन घर में केवल पत्नी ही थी और वह भी छत पर फंसी थीं। इसलिए आग बुझाने के उपकरणों का प्रयोग नहीं हो सका। आग लगने का कारण अभी ठीक से पता नहीं है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि लोगों ने शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई है।

## जून से वरुणा में शुरू होगी कोस्टल रोइंग, काशी की इन नदियों में रोमांचक खेलों का उठा सकेंगे लुत्फ

**वाराणसी, एजेंसी।** काशी की गंगा व वरुणा नदी में जल्द ही रोमांचक खेलों का लुत्फ उठा सकेंगे। रोमांचक खेलों को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी रोइंग एसोसिएशन ने खेल निदेशालय से दो नाव और कोच की मांग की है।

गंगा और वरुणा नदी में जल्द ही रोमांचक खेलों की शुरुआत होगी। वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी रोइंग एसोसिएशन ने खेल निदेशालय से दो बोट और कोच की मांग की है। एसोसिएशन के मुताबिक जून तक सेलिंग उपकरण मिलने की संभावना है। रोइंग के लिए ढाई फीट पानी होना चाहिए। गर्मियों में गंगा का जलस्तर काफी कम हो जाता है। ऐसे में राइंग के लिए ये समय सर्वाधिक उपयुक्त होगा। रोइंग शुरू हो जाने पर काशी के खिलाड़ियों को बाहर सेलिंग सीखने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। काशी में ही खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार होंगे। वाराणसी रोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि गंगा और वरुणा नदी को नौकायन शुरू करने के लिए चुना गया है। अप्रैल में प्रयागराज के विशेषज्ञों की टीम काशी आकर खेल तैयारियों का जायजा लेगी। इसके साथ ही सुरक्षा उपायों की जानकारी भी लेगी। इससे पहले राष्ट्रीय संघ के सदस्य काशी का दौरा कर काशी को स्पोर्ट्स पर्यटन से जोड़ने को हरी झंडी दे चुके हैं। इसमें प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के अलावा खेल विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण की मदद ली जाएगी।



# होली के बाद परदेस लौटने वाले यात्रियों की बढ़ी भीड़

## मुंबई दिल्ली की ट्रेनों में फर्श पर करना पड़ा सफर

**वाराणसी, एजेंसी।** होली के बाद कर्मभूमि की ओर लौटना भी मुश्किल हो गया है। पूर्वांचल से दिल्ली- मुंबई समेत विभिन्न महानगरों में जाने वाले यात्रियों को ट्रेनों में कंफर्म सीट नहीं मिल पा रहा। ऐसे में उन्हें फर्श पर बैठकर यात्रा करनी पड़ रही है। होली मनाने के बाद कर्मभूमि की ओर लौटने वालों का सिलसिला शुरू हो गया है। हालांकि, जिनकी टिकट कंफर्म नहीं है, उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ीं और आगे भी उन्हें दिक्कत उठानी पड़ेगी। मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, नई दिल्ली, पंजाब जाने वाली ट्रेनों में 31 मार्च तक सीटें वेटिंग हैं। मंगलवार को कैंट रेलवे स्टेशन और बनारस स्टेशन से खुलने वाली मुंबई और दिल्ली की ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म सीटें नहीं मिलने से फर्श पर यात्रा करनी पड़ी। रनिंग कर्मचारियों के अनुसार दो दिन बाद से लौटने वालों से ट्रेनें फुल होकर चलेंगी। अभी से लेकर अप्रैल के पहले सप्ताह तक ट्रेनें ठसाठस रहेंगी। कैंट स्टेशन स्थित मुख्य आरक्षण केंद्र के कर्मियों के अनुसार दिल्ली जाने वाली शिवगंगा, स्वतंत्रता सेनानी, नीलांचल एक्सप्रेस, 22415 वंदे भारत, 22435 वंदे भारत, एक्सप्रेस, फरक्का, सद्भावना, काशी विश्वनाथ, श्रमजीवी, बनारस सुपरफास्ट में 31 मार्च तक लंबी वेटिंग चल रही है। यही हाल कैंट से खुलने वाली मुंबई की ट्रेनों में जैसे महानगरी, जयनगर-एलटीटी, बीएसबीएस-एलटीटी, जीकेपी-एलटीटी, कामायनी एक्सप्रेस, दरभंगा स्पेशल में भी कंफर्म सीट नहीं हैं। सभी श्रेणियों में लंबी वेटिंग है। उत्तर रेल अधिकारियों के अनुसार होली पर लौटने वालों के लिए स्पेशल ट्रेनें 31 मार्च और अप्रैल के पहले सप्ताह तक संचालित हैं। कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी बढ़ाए गए हैं।



### रोडवेज बसों में भीड़, ई-बसों में यात्रियों की कमी

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम वाराणसी परिक्षेत्र की बसों में मंगलवार से भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। कैंट बस स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ दिखी। जबकि ई-बसों को उतने यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि लंबी दूरी की बसों का लोड बढ़ गया है। आजमगढ़, जौनपुर, शक्तिनगर और प्रयागराज रूट के यात्रियों की संख्या ज्यादा है।



## बिजनौर में अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी, चार की मौत

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, गांव गुनियापुर के नजदीक एनएच- 74 पर बुधवार सुबह सड़क के किनारे बड़े गड्ढे में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में पिता और दो बेटे शामिल बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान अमरोहा के सिकहेराड़ा गांव निवासी मेहर सिंह के बेटे प्रवेंद्र और रतन तथा उनके साले देवेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजा गया है। बताया जाता है कि ये सभी लोग अमरोहा से ऋषिकेश जा रहे थे। आगे घटना की जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों का 3 दिन में हिसाब चुकता, छत्तीसगढ़ में बड़ा एनकाउंटर

**बीजापुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर में जवानों और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने गोलीबारी करते हुए 6 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इस घटना की पुष्टि एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने की है। बतादे कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। सुरक्षा बलों की टीम में कोबरा 210, 205, सीआरपीएफ 229 बटालियन व डीआरजी की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। जवानों ने जंगल में नक्सलियों पर जमकर गोली बरसाई है।? जवानों के द्वारा की गई फायरिंग में 6 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। इस मुठभेड़ के बाद बासागुड़ा के जंगल में जवानों के द्वारा सर्चिंग करते हुए नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया है।? बता दे कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा क्षेत्र में होली के त्यौहार के दिन तीन ग्रामीणों की अज्ञात लोगों के द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या की गई थी। इस हत्याकांड के पीछे पुलिस ने नक्सली वारदात की बात कही थी। बताया जा रहा है कि अज्ञात लोगों के द्वारा दोपहर के वक्त गांव के अंदर घुसकर तीनों ग्रामीणों पर हमला किया गया था। जिसमें से दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं एक ग्रामीण को अस्पताल में गंभीर रूप में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस के मुताबिक हमलावरों के द्वारा कुल्हाड़ी से इन ग्रामीणों के सिर पर एक के बाद एक कई बार हमला किया गया है। इस हमले में जिन लोगों की हत्या हुई है उनके नाम चंद्राया मोडियम, अशोक भंडारी और कारम रमेश बताया जा रहा है।

### श्रीलंका जाएंगे राजीव गांधी के हत्यारे, तमिलनाडु सरकार ने हाईकोर्ट को बताया



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय को बताया कि यहां स्थित श्रीलंकाई उच्चायोग ने राजीव गांधी हत्याकांड मामले में दोषी करार दिये गए श्रीहरन उर्फ मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार को यात्रा दस्तावेज प्रदान कर दिया है। स्वदेश वापस भेजने का आदेश जारी होने पर वह घर लौट सकते हैं। अतिरिक्त लोक अभियोजक आर मुनियप्पाराज ने न्यायमूर्ति आर सुरेशकुमार और न्यायमूर्ति के कुमारेश बाबू की खंडपीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही थी। बताया कि उन्हें एक सप्ताह के भीतर या विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) द्वारा निर्वासन आदेश जारी होने के बाद श्रीलंका भेज दिया जाएगा। मुरुगन ने याचिका दायर कर त्रिची में अधिकारियों को फोटो पहचान प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश देने की मांग की थी। आपको बता दें कि मुरुगन उर्फ श्रीहरन श्रीलंकाई नागरिक हैं। वह इस हत्याकांड के उन सात दोषियों में से एक हैं जिन्हें 30 वर्ष से अधिक समय जेल में बिताने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2022 में रिहा कर दिया था। राज्य सरकार द्वारा एफआरआरओ को लिखे पत्र पर जवाब देते हुए मुनियप्पाराज ने दलील दी कि अस्थायी यात्रा दस्तावेज मूल रूप से श्रीलंकाई उच्चायोग ने याचिकाकर्ता को जारी किया था, जिसके आधार पर एफआरआरओ द्वारा आवश्यक स्वदेश वापसी आदेश जारी किया जाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 25 मार्च 2024 को एक पत्र के जरिये यह विषय एफआरआरओ के पास भेज दिया है। उन्होंने कहा कि स्वदेश वापस भेजने का आदेश एफआरआरओ द्वारा जारी किये जाने के बाद याचिकाकर्ता श्रीलंका लौट सकते हैं।

# लोस चुनाव 2024: अलीगढ़ से अब तक सात बार महिलाएं बनी सासंद, लगातार 4 बार बीजेपी ने जीती सीट

**अलीगढ़, एजेंसी।**
अलीगढ़ लोकसभा चुनावों में महिलाओं का भी दबदबा रहा है। 17 लोकसभा चुनाव में सात बार महिलाएं सांसद निर्वाचित होकर संसद पहुंची हैं। सबसे अधिक शीला गौतम के नाम चार बार लगातार सांसद चुने जाने का रिकार्ड है। अभी तक यह रिकार्ड कोई तोड़ नहीं पाया है। 1980 में पहले जनता पार्टी की उम्मीदवार इंद्रा कुमारी जिले की सांसद बनीं थीं।

देश के विभिन्न संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी के साथ राजनीति में भी सक्रियता बढ़ रही है। लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय चुनावों में महिलाओं को पार्टियां उम्मीदवार के रूप में चुनावी अखाड़े में उतार रही हैं। यही कारण है कि महिलाएं सियासी रण में बाजी मारने में कामयाब हो रही हैं। अलीगढ़ लोकसभा सीट पर महिलाओं की भागीदारी व राजनीति में उनकी सक्रियता की बात करें तो वह पुरुष उम्मीदवारों से कम नहीं हैं।



अलीगढ़ में 17 लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें सात बार महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कराई है। राष्ट्रपति से लेकर राज्यपाल के पद पर महिलाएं आसीन हैं। केंद्र में कई महिलाओं के हाथों अहम जिम्मेदारी है। 17 लोकसभा चुनाव में सात बार आधी आबादी अलीगढ़ की सांसद बनकर प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। 1980 के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट से ऊषा रानी तोमर जीत दर्ज कराकर संसद पहुंचीं थीं। उस समय चुनाव में 20 प्रत्याशियों में तीन महिला प्रत्याशी थीं। अभी तक नहीं टूटा सांसद के रूप में शीला गौतम का रिकार्ड 1984 के बाद 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा से पहली बार शीला गौतम अलीगढ़ की सांसद बनी थीं। अब तक के इतिहास में अकेली ऐसी सांसद हैं जो लगातार चार बार हुए चुनाव में जीत दर्ज कराने में कामयाब हुई थी। 1999 तक लगातार भाजपा से वह जीतीं थीं। बसपा से राजकुमारी चौहान पहली बार 2009 में सांसद बनीं थीं। बसपा से अभी तक राजकुमारी चौहान के नाम ही महिलाओं में सांसद का चुनाव जीतने का रिकार्ड है। आजादी के बाद पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुए थे। अलीगढ़ संसदीय सीट पर 1980 में हुए लोकसभा चुनाव में पहली बार महिला प्रत्याशी इंद्रा कुमारी ने जनता पार्टी से जीत दर्ज कराई थी। उस चुनाव में 26 प्रत्याशियों में से चार महिला प्रत्याशी थीं। पहली बार सांसद बनने का रिकार्ड अपने नाम करने वालीं इंद्रा कुमारी जालौन जिले के जगम्मनपुर राज्य की राजकुमारी होने के साथ ही गभाना एस्टेट के चेतनराज की पत्नी थी। 18वें लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। फिलहाल इस बार अभी तक भाजपा व कांग्रेस-सपा गठबंधन से कोई महिला उम्मीदवार नहीं है। बसपा ने अभी तक अपने पते नहीं खोले है।

## आकाश आनंद को मायावती ने दी प्रचार की जिम्मेदारी, बीएसपी के लिए 25 ताबड़तोड़ रैली करेंगे

**लखनउ, एजेंसी।** यूपी में लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी पूरा जोर लगा रही है। बसपा जनता तक पहुंचाने की पूरी कोशिश में लगी है। इस बीच मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद की भी एंट्री होने जा रही है। मायावती ने इस बार आकाश आनंद को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी है। यूपी की सियासत में धमाकेदार एंट्री के साथ आकाश आनंद ताबड़तोड़ 25 रैलियां करेंगे। यूपी में मायावती अपनी सभाएं भी करेंगी। पहले की तरह वह मंडलवार सभाएं करेंगी। कुछ मजबूत प्रत्याशियों के लिए उनके क्षेत्र में सभाएं करने जा सकती हैं। आकाश आनंद भी इन सभाओं में उनके साथ शामिल हो सकते हैं। आकाश आनंद को हाल ही में मायावती ने अपना राजनितिक उत्तराधिकारी घोषित किया है। आकाश के पास यूपी और उत्तराखंड को छोड़कर दूसरे राज्यों में बीएसपी के संगठन को विस्तार देने की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर बनने के बाद आकाश आनंद बसपा को दूसरे राज्यों में मजबूत करने में जुटे हैं। अब इस लोकसभा चुनाव के आकाश आनंद की यूपी में एंट्री होगी। अब वह चुनाव प्रचार के दौरान जनता को बसपा को वोट देने को लेकर रिझाएंगे। आकाश आनंद 6 अप्रैल से पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। 6, 7, 8, 11, 13, 17, 25, 25. 26, 28 अप्रैल, 1 मई को आकाश आनंद यूपी में लोकसभा चुनाव प्रचार करेंगे। आकाश आनंद बरेली मंडल, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, सहारनपुर, कैराना, गोरखपुर, बस्ती मंडल, वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, अयोध्या और कई लोकसभा क्षेत्रों में जाकर बसपा के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।



## भाजपा ने दिलीप घोष से मांगी सफाई, ममता बनर्जी को लेकर दिया था विवादित बयान

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पार्टी नेता दिलीप घोष से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनकी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। बीजेपी सुप्रीमो ने एक पत्र लिखकर कहा है कि दिलीप घोष की टिप्पणी अशोभनीय और असंसदीय होने के साथ-साथ पार्टी के लोकाचार और मूल्यों के खिलाफ है। भाजपा ने कहा कि वह इस तरह की टिप्पणियों की कड़ी निंदा करती है और इस मुद्दे पर दिलीप घोष से स्पष्टीकरण मांगती है।

आपको बता दें कि दिलीप घोष के बयान पर विवाद खड़ा हो गया। इस पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पलटवार करते हुए कहा कि यह टिप्पणी भाजपा के डीएनए को दर्शाती है। टीएमसी ने इस वीडियो को लेकर घोष के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उन्होंने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया है। टीएमसी ने घोष की आलोचना करते हुए कहा कि यह वीडियो क्लिप साझा किया।

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को टीएमसी के चुनावी नारे बांग्ला निजेर मेयेके चाई (बंगाल अपनी बेटी चाहता है) का मजाक उड़ाते हुए देखा जा सकता है। वह इस बार बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## बिजनौर में अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी, चार की मौत

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, गांव गुनियापुर के नजदीक एनएच-74 पर बुधवार सुबह सड़क के किनारे बड़े गड्ढे में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में पिता और दो बेटे शामिल बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान अमरोहा के सिकहेराड़ा गांव निवासी मेहर सिंह के बेटे प्रवेंद्र और रतन तथा उनके साले देवेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजा गया है।



# केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, पूर्व सीएम नबाम तुकी ने अरुणाचल में नामांकन पत्र दाखिल किया

**ईटानगर, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार किरेन रिजिजू ने मंगलवार को अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू, विधायक केंटो जिनी और न्यामार कारबाक के साथ रिजिजू ने पश्चिम सियांग जिले के मुख्यालय आलो में अपना पर्चा दाखिल किया।

रिजिजू ने अपना उम्मीदवारी पर्चा जमा करने के बाद एक्स पर लिखा मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उपस्थिति और समर्थन के लिए माननीय मुख्यमंत्री पेमा खांडू जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भाजपा के साथ अरुणाचल प्रदेश प्रगति और सफलता की राह पर है। इस बीच, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष नबाम तुकी ने भी अरुणाचल पश्चिम सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। छह बार





के विधायक, 60 वर्षीय कांग्रेस नेता तुकी 1991 से पापुमपारे जिले के सागली निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में भाजपा के प्रमुख नेताओं में से एक रिजिजू ने 2019 के चुनाव में लगातार तीसरी बार सीट जीती थी और 204,553 वोट हासिल किए थे। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी को 1,74,843 वोटों के अंतर से हराया था। वह पहली बार 2004 में अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र से 14वीं लोकसभा के लिए चुने गए, लेकिन 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार तकम संजय से चुनावी लड़ाई हार गए थे।

53 वर्षीय नेता को 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए फिर से चुना गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद में शामिल किया। न्यीशी जनजाति से ताल्लुक रखने वाले रिजिजू को 2019 में उसी अरुणाचल पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से 17वीं लोकसभा के लिए चुना गया और उन्हें युवा मामलों और खेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और अल्पसंख्यक मामलों का राज्यमंत्री नियुक्त किया गया।

दो लोकसभा सीटों - अरुणाचल पश्चिम और अरुणाचल पूर्व - के साथ अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे। पूर्वोत्तर राज्य में 60 विधानसभा क्षेत्र हैं। विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती 2 जून को और लोकसभा चुनाव के लिए 4 जून को होगी।

## टिकट कटने के बाद आज बड़ा एलान कर सकते हैं अश्विनी चौबे

**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे सक्रिय राजनीति से संन्यास ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि वह टिकट कटने से नाराज चल रहे हैं।अश्विनी चौबे बिहार के बक्सर क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर लगातार दो बार से चुनाव जीतकर सांसद हैं। 2014 से ही नरेन्द्र मोदी सरकार में राज्यमंत्री हैं।उन्होंने गुरुवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर मीडिया को आमंत्रित किया है। ऐसा माना जा रहा है कि उसी समय वह अपने राजनीतिक संन्यास की घोषणा कर सकते हैं।भाजपा ने इस बार बक्सर से अश्विनी चौबे का टिकट काटकर मिथिलेश तिवारी को दिया है। बिहार में चौबे लंबे समय से भाजपा की राजनीति में सक्रिय हैं। सांसद बनने के पहले वह 2010 में बिहार विधानसभा के लिए चुने गए थे और बिहार सरकार में मंत्री बने थे।उन्होंने राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से की थी। बक्सर से पहले वह भागलपुर क्षेत्र (में सक्रिय थे।इस बार भी उन्हें बक्सर या भागलपुर से भाजपा से टिकट मिलने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों जगह से निराशा हाथ लगी। उनके निकटस्थ सूत्रों का कहना है कि राजनीति से उनका मन अब ऊब गया है।

## प्रतिदिन देंगे 400 रुपये न्यूनतम मजदूरी, कांग्रेस का वादा: मोदी सरकार के 10 साल रहे 'अन्याय काल'

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के पिछले 10 वर्ष श्रमिकों के लिए 'अन्याय काल' वाले रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि यदि वह सत्ता में आती है, तो 'श्रमिक न्याय' के माध्यम से कामगारों के लिए अन्याय काल का अंधकार दूर करेगी। कांग्रेस ने वादा किया कि अगर सत्ता में आई तो देशभर में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर प्रतिदिन 400 रुपये कर देगी। विपक्षी पार्टी ने कहा कि यही मजदूरी मनरेगा के लिए भी लागू होगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस पार्टी 'श्रमिक न्याय' क्यों लाई है? मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014-15 और 2021-22 के बीच वास्तविक मजदूरी की वृद्धि दर प्रति वर्ष 1त्न से भी कम थी। यह खेत मज़दूरों के लिए केवल 0.9त्न, निर्माण कर्मियों के लिए मात्र 0.2त्न और गैर-कृषि श्रमिकों के लिए सिर्फ़ 0.3त्न रही।'' उन्होंने दावा किया, ''संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (क्र) के दूसरे कार्यकाल के दौरान वास्तविक कृषि और गैर-कृषि ग्रामीण मजदूरी क्रमशः 8.6त्न और 6.9त्न प्रति वर्ष की दर से बढ़ी। इसके विपरीत मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक ग्रामीण मजदूरी की वृद्धि दर कृषि में (-0.6त्न) और गैर-कृषि ग्रामीण मजदूरी (-1.4त्न) दोनों के लिए नकारात्मक हो गई है।'' खरगे ने आरोप लगाया कि मनरेगा में आधार के जरिये भुगतान संबंधी अनिवार्यता लाकर मोदी सरकार ने पिछले दो वर्षों में सात करोड़ लोगों से ''काम का अधिकार'' छीना है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के 'श्रमिक न्याय' के अंतर्गत दी गई पांच 'गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा, ''हाथ बदलेगा हालात।''

## अनोखी शादी- 40वीं बार दूल्हा बने, फेरे की रस्में हुई फिर भी न मिली दुल्हन

**लखीमपुर खीरी, एजेंसी।**
यूपी के लखीमपुर खीरी में यह कहानी दिलचस्प है। ईसानगर के नरगड़ा गांव में होली के दिन अनोखी रस्म निभाई गई। सोमवार को 40वीं बार दूल्हा बारात लेकर निकला। गाजे-बाजे के साथ दुल्हन के दरवाजे पहुंचे। बारात का स्वागत सत्कार हुआ। फेरे की रस्में हुई और विदाई भी। पर हर साल की तरह 40वीं बार बारात बिना दुल्हन के बैरंग वापस हुई।

होली का दिन रंगों से सराबोर बारातियों का जत्था ट्रैक्टर पर सवार दूल्हे के साथ गांव के बीच निकला। बारात में करीब करीब पूरा गांव शामिल है। बारात दुल्हन के दरवाजे पर पहुंची। बारातियों का स्वागत हुआ। परम्परानुसार बारातियों को जलपान कराकर जनवासे में ठहरा दिया गया। बारात में शामिल लोगों के पांव भी पखारे गए। उधर वधु पक्ष की महिलाओं ने घर में मंगलगीत गाये। द्वारपूजन के बाद विवाह की रस्में निभाई गईं। बारात और दूल्हे के साथ वे सारी रस्में निभाई हुईं। लेकिन दूल्हे को नहीं मिलती तो बस दुल्हन। बात हो रही है कि ईसानगर के मजरा नरगड़ा में निकाली जाने वाली बारात की। इस बारात की खासियत यह है कि इसमें एक ही परिवार के सदस्य सैकड़ों वर्षो से दूल्हा बनते आए हैं। होली के दिन पूरा गांव दूल्हे के साथ नाचते गाते रंग से सराबोर होकर दूल्हे के साथ बरात लेकर पहुंचते हैं। सारी रस्में शादी



बरात वाली ही होती है।

पुरानी परम्परा के अनुसार आज भी हम लोग भी इस प्रथा को निभा रहे है। यह भी परम्परा है कि बारात को बिना दुल्हन के विदा किया जाता है। इस परंपरा में गांव के विश्वम्भर दयाल मिश्रा 40वीं बार दूल्हा बने। विश्वम्भर की ससुराल गांव में ही है। होली के पहले उनकी पत्नी मोहिनी को कुछ दिन पहले मायके बुला लिया जाता है। शादी के स्वांग के बाद जब बारात विदा होकर आ जाती है। तब उसके कुछ दिन बाद मोहिनी को ससुराल भेज दिया जाता है। यह अनोखी शादी देखने और बारात में शामिल होने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। सैकड़ों सालों से चली आ रही यह परंपरा आज भी लोक संस्कृतियों की यादें समेटे हुए है।

# सिर्फ चेहरे बदलने में लगी बीजेपी, सरकार बदलने के मिशन पर चल रही कांग्रेस : भूपेंद्र हुड्डा

**रोहतक, एजेंसी।**
बीजेपी ने पहले अपने मुख्यमंत्री का चेहरा बदला और अब लोकसभा के पांच सांसदों का चेहरा बदल डाला। यानी भाजपा सिर्फ चेहरे बदलने में लगी हुई है जबकि, कांग्रेस और हरियाणा की जनता सरकार बदलने के मिशन पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का।

हुड्डा रोहतक में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया और हरियाणा के ब्राह्मण, ओबीसी व एससी समाज को बधाई दी। क्योंकि, उच्च न्यायालय ने कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए भूमि सुधार कानून को मान्यता दी है। हाईकोर्ट ने इसे पूरी तरह संवैधानिक करार देते हुए इसकी



सराहना भी की है।

दरअसल, बरसों पहले हरियाणा के अलग-अलग गांवों में अन्य स्थान से आकर कई वर्ग बस गए थे। उन वर्गों को पंचायतों व अन्य किसी ने जमीन दान में दी थी। इन वर्गों को दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेमार और मुकरारीदार कहा जाता है। इनमें ब्राह्मण, पुरोहित, पुजारी, जांगड़ा ब्राह्मण, नाई, प्रजापत, लोहार, वाल्मिकी, धानक, गोस्वामी, स्वामी, बड़बुजा, धोबी, तेली अन्य कारीगर आदि वर्गों के लोग शामिल थे।

बरसों से उस जमीन पर रहने, बसने व खेती करने के बावजूद इन वर्गों को जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल पाया था। इसलिए, ना वो इस जमीन को आगे बेच सकते थे और ना ही किसी तरह का लोन ले सकते थे। इन तमाम वर्गों को मालिकाना हक दिलवाने के लिए कांग्रेस सरकार ने भूमि अधिनियम 2010 लागू किया था। लेकिन, 2018 में बीजेपी सरकार ने उस कानून को निरस्त कर दिया।

कांग्रेस ने इस मुद्दे को बार-बार विधानसभा में भी उठाया। लेकिन बहुमत के जोर पर बीजेपी ने 2010 के कानून में संशोधन करके लाभार्थियों से जमीन वापिस लेने का कानून पास कर दिया। बीजेपी ने लाभार्थियों से जमीन खाली करवाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी। इसके बाद ये पूरा मामला कोर्ट पहुंच गया। अब न्यायालय ने ना सिर्फ हमारी सरकार द्वारा बनाए गए कानून को वैधानिक करार दिया है बल्कि इसकी प्रशंसा भी की है।

हुड्डा ने न्यायालय के निर्णय पर खुशी का इजहार किया और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर सर्वसमाज के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता भी जताई। पत्रकारों से बातचीत में राजकुमार सैनी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि 32 दलों द्वारा दिल्ली में एआईसीसी ऑफिस जाकर इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देने की पेशकश की गई है। जहां तक हरियाणा का विषय है, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी या उसके प्रमुख राजकुमार सैनी का कांग्रेस में शामिल होने का सवाल ही नहीं है। क्योंकि, ना तो वो कांग्रेस में शामिल हुए, ना ही कांग्रेस के सदस्य बने। इसलिए किसी गैर-कांग्रेसी नेता के कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की बात कोरी अफवाह है।

कांग्रेस 36 बिरादरी की पार्टी है और वो कभी जात-पात की राजनीति नहीं करती। कांग्रेस में जात-पात और जातिवादी मानसिकता की कोई जगह नहीं है। प्रदेश में बढ़ते अपराध पर टिप्पणी करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश के सामने आज यह सबसे विकराल समस्या है। अपराधी बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और आमजन डर के साये में जी रहा है। ऐसा लगता है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है।

## केजरीवाल के खिलाफ उतरी पंजाब कांग्रेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के साथ पंजाब में गठबंधन करने से इनकार करने वाली कांग्रेस की स्टेट यूनिट अब अरविंद केजरीवाल के समर्थन के भी पक्ष में नहीं है। पंजाब कांग्रेस का कहना है कि ईडी की हिरासत में गए अरविंद केजरीवाल का सपोर्ट नहीं करना चाहिए। दोनों दल पंजाब में सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं और दिल्ली में 4-3 का समझौता हुआ है। इस तरह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस आईएनडीआईए अलायंस का हिस्सा हैं। यही नहीं अरविंद केजरीवाल को जब ईडी ने अरेस्ट किया तो दिल्ली कांग्रेस के कई नेता उनके घर पहुंचे और परिवार के लोगों से मुलाकात की। यही नहीं 31 मार्च को आईएनडीआईए अलायंस ने एक रैली की भी योजना बनाई है, जो दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी। उसका कहना है कि यूं अरविंद केजरीवाल का खुलकर समर्थन नहीं करना चाहिए। ऐसा यदि हम करेंगे तो पंजाब में पार्टी की संभावनाओं पर असर होगा और हम कैसे उसी आम आदमी पार्टी के खिलाफ चुनाव में उतर पाएंगे, जिसका हम राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन कर रहे हैं। बहरहाल पंजाब से इतर आप और कांग्रेस में लोकसभा चुनाव के लिए गोवा, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और गुजरात में समझौता हुआ है। अब तक कांग्रेस हाईकमान ने 31 मार्च की रैली में शामिल होने की पुष्टि नहीं की है, लेकिन पंजाब कांग्रेस इसके सख्त खिलाफ है। यही नहीं पंजाब यूनिट ने तो भगवंत मान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किए हैं। दरअसल मंगलवार को पंजाब कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव की अध्यक्षता में मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में अमरिंदर राजा वड़िंग, नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मंत्री ओपी सोनी, परगट सिंह, सुखजिंदर सिंह रंधावा, ब्रह्म मोहिंद्रा और तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा समेत कई नेता मौजूद थे।



# मुंबई में हार्दिक पांड्या को करना पड़ सकता है हूटिंग का सामना: मनोज तिवारी



**मुंबई, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी को लगता है कि मुंबई इंडियन्स एक अप्रैल को यहां जब अपना पहला घरेलू आईपीएल मैच खेलेगा तो कप्तान हार्दिक पांड्या को और अधिक हूटिंग का सामना करना पड़ सकता है। तिवारी का हालांकि मानना है कि इस ऑलराउंडर के पास इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी धैर्य है। सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक रविवार को जब अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलने उतरे तो अहमदाबाद में प्रशंसकों ने उनकी हूटिंग की।

मुंबई इंडियन्स की टीम टाइटंस से छह रन से हार गई और अगले सप्ताह सोमवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी। तिवारी ने कहा, 'आपको यह देखना होगा कि यहां मुंबई में उसका स्वागत कैसे किया जाता है। मुझे लगता है कि यहां उसकी थोड़ी अधिक हूटिंग होने वाली है क्योंकि एक प्रशंसक के रूप में मुंबई या रोहित शर्मा के प्रशंसक के रूप में, किसी ने भी उम्मीद नहीं की थी कि कप्तानी हार्दिक को दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'रोहित ने मुंबई इंडियंस को पांच ट्रॉफियां दीं, इसके बावजूद उन्हें कप्तानी गंवानी पड़ी। मुझे नहीं पता कि क्या कारण है लेकिन मुझे लगता है कि यह प्रशंसकों को पसंद नहीं आया। और मैदान पर आपको इसी की प्रतिक्रिया दिख रही है। हालांकि हार्दिक इस स्थिति से जिस तरह निपटे उससे तिवारी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हाल ही में टेलीविजन के माध्यम से जो कुछ भी देख रहा हूं, हूटिंग के बावजूद उसने धैर्य बनाए रखा, वह नर्वस नहीं हुआ जो अच्छे स्वभाव की निशानी है।

पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री तिवारी ने कहा कि हार्दिक को अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे कि वह एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में रहें।

# धोनी को नंबर-8 पर भेजना क्रेजी

## लेकिन स्टीफन फ्लेमिंग चाहते हैं कि...



**चैन्नई, एजेंसी।** 2024 का इंतजार चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) फैन्स को बेसब्री से था। महेंद्र सिंह धोनी को मैदान पर खेलते हुए देखने के लिए लोग तरस रहे थे।

चेन्नई सुपरकिंग्स अभी तक दो मैच खेल चुका है और दोनों ही मैच में जीत दर्ज करके आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में टॉप पर भी है। सीएसके ने पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ जीता और फिर 26 मार्च को गुजरात टाइटन्स को बड़े अंतर से हराया। इन दोनों मैचों में महेंद्र सिंह धोनी का जादू विकेट के पीछे तो देखने को मिला, लेकिन उनकी बैटिंग का मजा फैन्स अभी तक नहीं उठा पाए हैं। शिवम दुबे जब आउट हुए थे, तो सीएसके के कुछ ओवर बचे थे, ऐसा लगा था एमएस धोनी बैटिंग के लिए आएंगे, क्योंकि उनको ड्रेसिंग रूम में शैडो बैटिंग करते हुए भी देखा गया था। खैर समीर रिजवी आए और धोनी को बैटिंग करते हुए देखने के लिए सीएसके फैन्स का इंतजार और भी बढ़ गया। सीएसके के मौजूदा बैटिंग ऑर्डर में देखें तो धोनी आठवें नंबर पर नजर आते हैं।

सीएसके के बैटिंग कोच माइक हस्सी ने कहा, स्टीफन फ्लेमिंग का निर्देश है कि इम्पैक्ट प्लेयर के साथ गेम को आगे बढ़ाते रहो, हमारे पास एक एक्स्ट्रा बैटर है और एक एक्स्ट्रा बॉलर भी है, तो इससे बैटिंग ऑर्डर और बेहतर हो जाता है।

हमारे बैटिंग ऑर्डर में धोनी आठवें नंबर पर हैं, जो क्रेजी है, और अगर अभी की बात करें तो नेट्स पर धोनी अच्छी बैटिंग भी कर रहे हैं। हमारी बैटिंग में इतनी गहराई है कि अगर टॉप ऑर्डर के बैटर्स दो माइंडसेट के साथ उतरते हैं, तो वो पॉजिटिव माइंडसेट से बैटिंग कर सकते हैं।

# गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल पर लगा जुर्माना



**चेन्नई, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को मंगलवार को दोहरा झटका लगा। एक तो चेन्नई के खिलाफ गुजरात को हार का सामना करना पड़ा और फिर टीम की धीमी ओवर गति के लिए कप्तान पर जुर्माना भी लगाया गया।

आईपीएल के एक बयान में कहा गया, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए शुभमन गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

बात अगर मैच की करें तो, सीएसके ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले साल के फाइनलिस्ट गुजरात टाइटंस को 63 रनों से हराया। गुजरात टाइटंस फिलहाल एक जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है, जबकि गत चैंपियन सुपर किंग्स दो जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



# हरियाणा सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में दोनों वर्गों में बना चैंपियन, कुल मिलाकर 19 पदक जीते

**नोएडा, एजेंसी।** हरियाणा की सात में से छह मुक्केबाजों ने आसानी से 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। दिया (61 किग्रा) ने दिल्ली की यशिका को 5-0 से हराया और 'सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज' चुनी गई।

हरियाणा यहां मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लड़कों और लड़कियों दोनों में टीम खिताब के साथ कुल 19 पदक जीतकर चैंपियन बना। लड़कियों के वर्ग के मौजूदा चैंपियन हरियाणा ने 64 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहकर अपने खिताब का बचाव किया। उसने सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। हरियाणा की सात में से छह मुक्केबाजों ने आसानी से 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। दिया (61 किग्रा) ने दिल्ली की यशिका को 5-0 से हराया और 'सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज' चुनी गई। उनके अलावा बालिका वर्ग में उसके लिए भूमि (35 किग्रा), निश्चल शर्मा (37 किग्रा), राखी (43 किग्रा), नैतिक (52 किग्रा), नव्या (55 किग्रा) और सुखरीत (64 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली 34 अंक से दूसरे और महाराष्ट्र 31 अंक से तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जबकि महाराष्ट्र ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते।

## बालक वर्ग में उत्तराखंड दूसरे और यूपी तीसरे स्थान पर

अरुणाचल प्रदेश की कांस्य पदक विजेता हिलांग (37 किग्रा) बालिका वर्ग में सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार जीतने में सफल रहीं। लड़कों के वर्ग में हरियाणा ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य से कुल नौ पदक जीते जिससे वह 62 अंक लेकर पहले स्थान पर रहा। उदय सिंह ने 37 किग्रा में तमिलनाडु के एस सुजीत को 5-0 से मात दी। नितिन (40 किग्रा), रवि सिहाग (49 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा), नमन (58 किग्रा) और अनमोल दहिया (64 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। उत्तराखंड तीन स्वर्ण और तीन रजत से 34 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।उत्तर प्रदेश ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक से तीसरा स्थान हासिल किया।

## मियामी ओपन टेनिस

# बोपन्ना और एबडेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, शीर्ष वरीय जोड़ी ने निस-जिलिंस्की को परास्त किया



**मियामी (अमेरिका), एजेंसी।** एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम-8 में बोपन्ना और एबडेन ऑस्ट्रेलिया के जान पैट्रिक और नीदरलैंड के सेम वरबीक से भिड़ेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने चार एस लगाए और 84 प्रतिशत अंक पहली सर्विस पर जीते। इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष युगल खिताब जीतने वाली जोड़ी रोहन बोपन्ना और मैथ्यु एबडेन ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शीर्ष वरीय 43 वर्षीय बोपन्ना और एबडेन ने दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में मोनाको के ह्यूगो निस और पोलैंड के जान जिलिंस्की को कड़े संघर्ष में 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट चला।

## अब पैट्रिक-वरबीक से भिड़ेंगे

एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम-8 में बोपन्ना और एबडेन ऑस्ट्रेलिया के जान पैट्रिक और नीदरलैंड के सेम वरबीक से भिड़ेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने चार एस लगाए और 84 प्रतिशत अंक पहली सर्विस पर जीते। दोनों ने पहले सेट के 11वें गेम में निस-जिलिंस्की की सर्विस तोड़ी। इसके बाद दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए 7-5 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में निस-जिलिंस्की के डबल फॉल्ट की बदौलत बोपन्ना-एबडेन को जीत मिली। पहले दौर में बोपन्ना-एबडेन ने इटली के साइमन बोलेली और वावासोरी को 4-6, 7-6 (4), 10-4 से हराया था।

## शीर्ष वरीय स्वियातेक और गॉफ बाहर

इस टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबलों में दो बड़े उलटफेर हुए। शीर्ष वरीय पोलैंड की इगा स्वियातेक और तीसरी वरीय कोको गॉफ को पराजय मिली। स्वियातेक को एकतेरीना एलेक्जेंड्रोवा से 4-6, 2-6 और गॉफ को नंबर 23 फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के हाथों 3-6, 6-1, 2-6 से हार मिली।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं गार्सिया की इस टूर्नामेंट में ग्रैंड स्लैम विजेता पर यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने नाओमी ओसाका को हराया था। एलीना रिबाकीना ने मेडिसिन कीज को 6-3, 7-5 और विक्टोरिया अजारेंका ने कैटी बोल्टर को 7-5, 6-1 से हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने गेल मोंफिल्स को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया।

# सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में दागा गोल

## पर भारत हारा, अफगानिस्तान 2-1 से जीता



**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारत को फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को गुवाहाटी में खेले गए मैच में अफगानिस्तान की टीम ने 2-1 से जीत हासिल की। टीम इंडिया की हार के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। फैंस भारत के अपने घर में ही हार से निराश हैं।

खास बात यह है कि यह भारतीय कप्तान सुनील छेत्री का 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच था और उन्होंने इस खास मुकाबले में एक गोल भी किया, लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इस हार से टीम इंडिया के फीफा विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे राउंड में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। भारत ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी।

अपना 150वां मैच खेल रहे छेत्री ने 38वें मिनट पर पेनल्टी किक पर टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। पहले हाफ तक भारतीय टीम की बढ़त जारी रही। हालांकि, दूसरे हाफ में भारत को निराशा हाथ लगी। 70वें मिनट में रहमत अकबरी के शॉट पर गेंद भारतीय डिफेंडर से डिफ्लेक्ट होकर गोलकीपर गुरमीत सिंह को छकाते हुए गोलपोस्ट में घुस गई। अफगानिस्तान ने स्कोर 1-1 से बराबर किया। इसके बाद 88वें मिनट में अफगानिस्तान को पेनल्टी मिला, जिस पर शरीफ मुखाम्मद ने गोल दाग अपनी टीम को 2-1 से जीत दिलाई।

# भारत और पाकिस्तान महिला टी20 एशिया कप के एक ही ग्रुप में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन भारत को आगामी महिला टी20 एशिया कप 2024 में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जो 19 से 28 जुलाई तक श्रीलंका के दांबुला में होने वाला है। टूर्नामेंट के संस्करण में आठ टीमें शामिल होंगी, जो 2022 में पिछले संस्करण की तुलना में एक अधिक है, जो पूरे एशिया में महिला क्रिकेट में बढ़ती रुचि और भागीदारी को दर्शाता है। मंगलवार को यहां एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार ग्रुप बी में बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड शामिल होंगे। एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में कहा कि महिला एशिया कप 2024 क्षेत्र में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एसीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हम टीमों के बीच बढ़ती भागीदारी और प्रतिस्पर्धा को देखकर उत्साहित हैं, जो महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है। शाह ने आगे कहा कि यह विस्तार, 2018 में छह टीमों से बढ़कर 2022 में सात और अब आठ टीमों तक, महिलाओं के खेल और एशियाई क्रिकेट में बढ़ते प्रतिभा पूल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

हम एक रोमांचक टूर्नामेंट की आशा करते हैं जो खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों को प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के अनुसार, आयोजन के शुरुआती दिन 19 जुलाई को होने वाले दो मैचों में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा, जबकि भारत संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा। भारत 21 जुलाई को पाकिस्तान से खेलेगा जबकि बांग्लादेश 24 जुलाई को अंतिम लीग मैचों में मलेशिया से और श्रीलंका थाईलैंड से भिड़ेगा।

# भारत-पाक द्विपक्षीय श्रृंखला को लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दिखाई रुचि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है, क्या बीसीसीआई और पीसीबी दोनों के बीच मैचों के लिए आपसी सहमति से सहमत होंगे।

भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है और दोनों देश केवल विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे वैश्विक आईसीसी आयोजनों में ही भिड़ते हैं। दोनों एशियाई देश इस नवंबर में एक ही समय पर ऑस्ट्रेलिया में होंगे, क्योंकि सीए ने 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारत के पहुंचने से कुछ समय पहले पाकिस्तान के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें तीन एकदिवसीय मैच और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार सीए के क्रिकेट संचालन प्रबंधक पीटर रोच ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय संस्था भारत और पाकिस्तान के बीच मैच की मेजबानी करने में सक्षम होना पसंद करेगी और दोनों देशों के बोर्डों के प्रति रुचि व्यक्त करना जारी रखेगी।



रोच ने कहा, हम हमेशा मैचों और सामग्री के अवसरों में रुचि रखते हैं जो हमारे प्रशंसकों को शामिल करेंगे और यह कहना उचित है कि दुनिया का हर देश भारत और पाकिस्तान को अपने देश में प्रतिस्पर्धा करते देखना पसंद करेगा। हम रिकॉर्ड पर कह रहे हैं कि हम उन देशों में से एक हैं जिन्होंने सवाल पूछा है।

इस समय कार्यक्रम में ऐसा करने के लिए कोई जगह नहीं है लेकिन हम उनसे किसी भी अन्य अवसर के बारे में बात करते रहेंगे। लेकिन इस विशिष्ट उदाहरण में, उस शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है। 2022 में एमसीजी में प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच टी20 विश्व कप मुकाबले के टिकट पांच मिनट के भीतर बिक गए थे जिससे 90,000 से अधिक प्रशंसक आकर्षित हुए। इसी तरह 2015 में एडिलेड में हुई भिड़ंत भी काफी चर्चित रही थी। इस मांग ने सुझाव दिया होगा कि भविष्य में पाकिस्तान-भारत मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया एक आदर्श तटस्थ स्थल हो सकता है।

सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने भी द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए दो एशियाई देशों की मेजबानी करने की इच्छा दोहराई। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो कोई भी एमसीजी में भारत-पाकिस्तान मैच के लिए यहां आया था, वह इसे सबसे यादगार अवसरों में से एक के रूप में याद रखेगा, न कि केवल खेल के अवसरों में, जहां मैं कभी गया हूं। अगर अवसर मिला तो हम इसकी मेजबानी करना पसंद करेंगे यदि हम कोई भूमिका निभा सकते हैं, तो हमें अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम भारत की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

अगर हम मदद कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा है। लेकिन मुझे लगता है कि कई मायनों में, यह एक द्विपक्षीय श्रृंखला है।

## एक नजर

### बिहार में इस तारीख से हाइवे पर फर्राटा भरना होगा महंगा

**पटना (नि. सं.)**। आगामी एक अप्रैल से देश में अधिक टोल टैक्स लगेंगे। बिहार में भी दो से तीन फीसदी के बीच टोल टैक्स की वृद्धि हुई है। एनएचएआई की ओर से इसका आदेश जारी कर दिया गया है। बढ़ी हुई दर के तहत लोगों को पांच रुपये से लेकर 20 रुपये अधिक देने होंगे। एनएचएआई के परियोजना कार्यान्वयन इकाई के परियोजना निदेशक ने पत्र जारी कर सभी टोल प्लाजा पर आगामी एक अप्रैल से नई दरों से टोल टैक्स की वसूली का निर्देश दिया है। बिहार में 32 टोल प्लाजा हैं। नई दर 31 मार्च की रात 12 बजे से ही लागू हो जाएगी। वर्तमान में पटना के बख्तियारपुर टोल प्लाजा पर कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहन का टोल टैक्स 130 रुपए है। हल्के व्यावसायिक वाहनों और मिनी बसों का टैक्स 200 रुपए लगता है। बस, ट्रक और छह चक्के वाले 400 रुपए लगता है। इससे अधिक चक्का वाले 605 रुपए टोल टैक्स लगता है। बिहार के नेशनल हाईवे पर प्रमुख टोल प्लाजा में पटना-बख्तियारपुर के अलावा फुलपरास-फारबिसगंज, मोकामा-मुंगेर, पूर्णिया-दालकोला, इसके अलावा छपरा-सीवान-गोपालगंज, वाराणसी-औरंगाबाद, भोजपुर-बक्सर, फारबिसगंज-पूर्णिया, रजौली-बख्तियारपुर, गलगलिया-रहमान चौक, खगड़िया-पूर्णिया, कोईलवर-भोजपुर, मुजफ्फरपुर-दरभंगा-पूर्णिया, खगड़िया-पूर्णिया, छपरा-रेवाघाट-मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर-सोनबरसा आदि शामिल हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश में साफ किया गया है कि टोल प्लाजा पर यातायात का दबाव अधिक हो तब भी गाड़ियों को अधिक देर तक नहीं रोकना है। अविलंब हर वाहन से टैक्स लेकर उसे रवाना कर देना है।

### चारा घोटाला मामले में 89वें गवाह का बयान कलमबंद

**पटना (नि. सं.)**। बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

### चैती नवरात्र 9 अप्रैल से, सुबह से होगी कलश स्थापना

**पटना (नि. सं.)**। चैत्र माह की नवरात्रि इस वर्ष 9 अप्रैल से शुरू होगी। 17 अप्रैल को रामनवमी के साथ ही महापर्व का समापन होगा। इस वर्ष चैत्र का प्रतिपदा 8 अप्रैल की देर रात शुरू हो रहा है। इसलिए अगले दिन उदयातिथि को नवरात्र के पहला दिन मानकर घट (कलश) की स्थापना होगी। पंडित प्रेम सागर पांडेय के अनुसार चैत्र प्रतिपदा मंगलवार 9 अप्रैल रात 9. 44 बजे तक है। घट स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 05.46 बजे से सुबह 9.08 बजे तक किया जा सकता है। इसके बाद सुबह 11.36 बजे से 12.24 दोपहर तक अभिजीत मुहूर्त में भी घट स्थापित करना भक्तों के लिए लाभकारी होगा। ज्योतिषाचार्य पीके युग बताते हैं कि अभिजीत मुहूर्त में किसी भी तरह का कोई शुभ कार्य किया जा सकता है। इस वर्ष मां भगवती घोड़े पर सवार होकर नवरात्र में आ रही हैं। घोड़े पर सवार मां को कल्याणकारी नहीं माना जाता है।

### होली पर कई इलाकों में कटी रही बिजली

**पटना (नि. सं.)**। होली के दिन मंगलवार को शहर के कई इलाकों में बिजली कटी रही। कदमकुआं इलाके में जंफर कटने से उपाध्याय लेन, पश्चिमी लोहानीपुर, घरौंदा अपार्टमेंट, हंटर रोड में शाम सात से साढ़े सात बजे तक बिजली कटी रही, जिसके कारण गली-मोहल्लों की सड़कें अंधेरे में डूब गई। इस बीच गर्मी से भी लोग परेशान रहे। दिन के 10.45 बजे 33 केवीए का टेलकम फीडर केबल फॉल्ट के कारण बंद हो गया। इससे सिंचाई भवन और विद्युत भवन पावर सबस्टेशन की बिजली कुछ देर के लिए प्रभावित हो गई। यह फीडर दो घंटे बाद चालू हो सका। हालांकि, यहां अतिरिक्त सोर्स की सुविधा थी, जिससे कुछ ही देर में बिजली बहाल कर दी गई।

# होली खेलकर नहाने गये युवक की तालाब में डूबने से मौत

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के चरकावां उपरीडिह तालाब में मंगलवार को 6 दोस्तों के साथ नहाने गए शहर के डाक बंगला निवासी लालजी चौधरी के 19 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार उर्फ रंजन कुमार का दो घंटा बाद तालाब से ग्रामीणो ने निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर चिकित्सक देखते ही मृत घोषित किया।अन्य पांच दोस्तों को सुरक्षित किसी तरह निकल गये।मृतक के दोस्तों ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 10:00 बजे के आसपास हम लोग एक साथ इकट्ठा होकर एक टेंपू से चरकावां निचलीडिह जा रहे थे।रेलवे गुमटी बंद होने के कारण हम लोग चरकावां उपरीडिह चले गए। वहां तालाब में अन्य बच्चों को नहाते देखकर हम लोग भी टेंपू खड़ा कर नहाने लगे। इसी बीच नहाने के क्रम में हम लोग तालाब मे ही खेलने लगे।काफी गड्ढा के कारण घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही एस आई रविकांत कुमार यादव अपने दल बल के साथ पहुंचे।शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि कागजी प्रक्रिया उपरांत मुआवजा राशि दी जाएगी।

## झांड़-फूंक कराने आई महिला की कुएं में डूबकर मौत

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महुआ धाम में बुधवार की सुबह कुएं में गिरकर एक 19 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला यहां झाड़ फूंक कराने आई थी। मृतका की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के चेचाढ़ी गांव निवासी बली कुमार राजवंशी की पत्नी मुंगी कुमारी के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पार्षद अनिल यादव, पूर्व सरपंच शिव कुमार चौधरी, खैरा मिर्जा पंचायत के मुखिया केदार रजक घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से निकाला। फिर पोस्टमार्टम के लिए



औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया और पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया। जिला पार्षद अनिल यादव ने बताया कि महिला पिछले छह माह से महुआ धाम में रहकर झाड़ फूंक करा रही थी। बुधवार की अहले सुबह वह शौच के लिए निकली। अंधेरे होने के कारण वह कुएं को नहीं देख सकी जिसके कारण वह उसमे गिर गई और उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विज्ञान ने काफी उन्नति कर ली है फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के हृदय में अंधविश्वास की जड़े काफी असर छोड़ चुकी हैं। सरकार को इसको लेकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की जरूरत है। ताकि लोग झाड़ फूंक से दूर रहें।

## लोकसभा चुनाव 2024 : सुशील कुमार सिंह समेत आधा दर्जन प्रत्याशियों ने भरा नामांकन का पर्चा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में औरंगाबाद संसदीय सीट के लिए होली की छुट्टी होने के पहले सोमवार तक बीजेपी के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह समेत आधा दर्जन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सोमवार तक कुल छह प्रत्याशियों के नामांकन प्राप्त हुए है। नाम निर्देशन करने वालों में बीजेपी उम्मीदवार के रूप में सुशील कुमार सिंह, शोषित समाज दल के राजबल्लभ सिंह, निर्दलीय धीरेंद्र कुमार सिंह, वली उल्लाह खां, विनोद प्रसाद चौधरी एवं सुरेश राम शामिल है। वही नामांकन के पूर्व बीजेपी उम्मीदवार के रूप में निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह अपने आवास से समर्थकों के साथ जुलूस लेकर समाहरणालय के मुख्य द्वार पहुंचे, जहां समर्थकों को रोक दिया गया और कुछ गिने चुने लोगो को ही रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष तक जाने की इजाजत दी गई।

इजाजत के बाद नामांकन का पर्चा दाखिल करने निवर्तमान सांसद रिटर्निंग ऑफिसर सह डीएम के कक्ष तक पहुंचे। इसके बाद उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दो सेट में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, कर्नल सुधीर सिंह, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता आदित्य शेखर, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह एवं शुभेन्दु शेखर समेत एनडीए के सैकड़ों नेता- कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से मना होली का त्योहार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धुमधाम के साथ होली मनायी गयी। मंगलवार की सुबह से ही रफीगंज, पौथू, जाखिम, लट्टा, नीमा, चतुर्भुज, भदवा, बराही, कासमा, खडवां,शहर के कलाली मोड़ सहित अन्य क्षेत्रों में युवाओं की टोली कुर्ता फाड़ होली खेले डीजे की धुनों पर लोग थिरके। होली पर्व को लेकर बच्चे, वृद्ध, महिला, युवक सहित अन्य लोग एक दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दिए। भाजपा नेता बिनय सिंह, सुबोध सिंह, संतोष साहू, जद यू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, राजद नेता विक्की यादव, हलूवाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू गुप्ता ने बताया कि होली पर्व को लेकर शिवजी से जुड़ी कथा, राधाकृष्ण से जुड़ी कथा, भक्त प्रह्लाद की कथा तथा कई अन्य होली मनाने के पीछे की पौराणिक कथाएं हैं। मंगलवार को बच्चों ने छत, बॉलकनी और बरामदों से हर आने-जाने वालों पर रंगों की बौछार की। शहर के महाराजगंज, कलाली मोड़, थाना गली, बाबूगंज, कासमा बस स्टैंड, डाक बंगला चौराहा, हाजीपुर गोला, न्यू एरिया, चरकावां उपरीडिह, चरकावां निचलडीह सहित अन्य क्षेत्रों में होली के रंग-गुलाल जमकर उड़े।

## रिश्वत मामले में पूर्व सिविल सर्जन को चार वर्षों की कठोर कैद

**पटना (नि.सं.)**। पटना की एक विशेष अदालत ने रिश्वत के मामले में स्वास्थ्य विभाग के एक पूर्व असैनिक शल्य चिकित्सक सिविल सर्जन को आज चार वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 20 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद रोहतास जिले के तत्कालीन सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

## मतदान कर्मियों का तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण संपन्न

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को ले प्रशिक्षण कोषांग औरंगाबाद द्वारा मतदान कर्मियों एवं माइक्रो आब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण जिले के छः प्रशिक्षण केन्द्रों पर रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि पिछले शुक्रवार से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 26372 कर्मियों को मतदान प्रक्रिया तथा ईवीएम संचालन के बारे में जिले के प्रशिक्षण केंद्रों अंबिका पब्लिक स्कूल, बीएल इंडो पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, टाउन इंटर विद्यालय, मिशन स्कूल तथा नगर भवन औरंगाबाद में बताया गया। इस कार्य में 210 मास्टर प्रशिक्षक सहित कोषांग के



मास्टर प्रशिक्षक शामिल थें। तीन दिनों तक चले इन प्रशिक्षणों में 16569 पुरुष कर्मी तथा 9803 महिला कर्मी थें। रविवार को नगर भवन औरंगाबाद में 1152 माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्य एवं दायित्वों के बारे में बताते हुए मुख्य मास्टर प्रशिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि माइक्रो आब्जर्वर सीधे सामान्य प्रेक्षक के नियंत्रण में कार्य करते हैं। ये मतदान दल के सदस्य नही होते हैं। इनकी नियुक्ति मतदान केंद्र के लिए पोल डे के एक दिन पहले रैंडेमली सामान्य प्रेक्षक के द्वारा किया जाता है। माइक्रो आब्जर्वर को अपने संबद्ध मतदान केंद्र पर मतदान के पूर्व संध्या पर पहुंच जाना चाहिए तथा मतदान केंद्र की व्यवस्था को देखना पड़ता है। साथ ही मतदान के दिन की सभी गतिविधियों का प्रेक्षण कर एक रिपोर्ट तैयार कर सामान्य प्रेक्षक को देना होता है। माइक्रो आब्जर्वर की चुनाव की पूरी प्रक्रिया तथा ईवीएम मशीन के संचालन से अवगत होना चाहिए। मतदान के दिन माइक्रो आब्जर्वर पोलिंग एजेंट की नियुक्ति, मॉक पोल प्रक्रिया, मतदाताओं की सही पहचान, ए एस डी वोटर की पहचान, अमिट स्याही का प्रयोग, मतदाता रजिस्टर का सही संधारण, मतदान की गोपनीयता, मतदान केंद्र पर घटने वाली अन्य घटनाओं सहित अन्य जानकारियों का प्रेक्षण करना होता है। वही दूसरी ओर अन्य प्रशिक्षण केन्द्रों पर पीठासीन पदाधिकारियों, प्रथम द्वितीय तथा तृतीय मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया गया। मतदान कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण 9 एवं 10 अप्रैल को आयोजित होना है। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार, रवि कुमार रौशन, अजीत कुमार, शशिधर सिंह, महेश कुमार, अंकित कुमार, अमित भाष्कर, श्रवण कुमार, अखिलेश शर्मा, मनोज कुमार, चंचल सिंहा, राहुल कुमार, प्रीति निमेष, पूनम कुमारी, नूतन गुप्ता, अर्पणा सिंहा सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## पुराने विवाद में मारपीट, महिला समेत दो घायल, एक रेफर





निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)**। गोह थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में पुरानी विवाद को लेकर एक दंपत्ती पर जानलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दंपत्ती को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां के चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज को लेकर मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है। मीरपुर गांव निवासी घायल नूर अंसारी ने बताया कि पुरानी विवाद को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति आया और जानलेवा हमला कर दिया जिससे मैं और मेरी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन अभी नही मिली है। आवेदन मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## शमशान में दाह संस्कार के दौरान भवंरों के समूह ने किया हमला, एक की मौत, कई घायल

- शव को चिता पर रख कर आग लगाए जाने के बाद चिता के धुएं से पास के पीपल के पेड़ पर भंवरे के दो छत्तों में रह रहा भंवरों का समूह व्याकुल होकर उग्र हो उठा।

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के बौर गांव के शमशान घाट में सोमवार को दाह संस्कार के दौरान भंवरों के एक समूह ने वहां मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया। भंवरा के डंक से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं कई लोग घायल हो गए। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। मृतक की पहचान बौर गांव निवासी अलखदेव पासवान के रूप में की गई है। वहीं एक घायल नीमा हूंडरही गांव निवासी राजदेव पासवान ने बताया कि अकौनी गांव में सौदी पासवान का आकस्मिक निधन हो गया था। दाह संस्कार के लिए शव शमशान घाट लाया गया। लाश को चिता पर रख कर आग लगाए जाने के बाद चिता के धुएं से पास के पीपल के पेड़ पर भंवरे के दो छत्तों में रह रहा भंवरों का समूह व्याकुल होकर उग्र हो उठा। उग्र भंवरों के समूह ने दाह संस्कार में शामिल करीब डेढ़ सौ लोगों पर हमला बोल दिया। मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोग भंवरों के डंक से बचने के लिए भागने लगे। इस दौरान भंवरों के काटने से कई लोग घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर एस नारायण ने सबका प्राथमिक उपचार किया। वहीं बौर गांव निवासी अलखदेव पासवान को देखते ही मृत घोषित कर दिया। बौर पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया रामस्वरूप सिंह ने बताया कि मृतक का दाह संस्कार बौर गांव के घाट पर किया गया है। मृतक की तीन लडकियां है। एक की शादी हुई है। सबसे छोटी पुत्री प्रिया कुमारी ने मुखाग्नि दी। सरपंच शीला देवी, परिजन बबन पासवान, ललन पासवान ने अंचलाधिकारी से मुआवजा की मांग की है। कहा है कि अभी भी वहां भौंरा का आतंक है। वहीं बुधवार को भी अकौनी गांव के बिहारी चौधरी को भी उसी स्थान पर भौंरा ने काटा है। काफी संख्या मे गांव से पश्चिम श्मशान घाट पर नदी किनारे पीपल के पेड पर भौरा है। ग्रामीणो ने वन विभाग से शीघ्र ही भौंरों को हटाने की मांग की है। अंचलाधिकारी भारतेन्दु ने कहा कि मुआवजा के प्रावधान बारे में वरीय अधिकारियों से बात करेंगे।

## 56वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप

**नई दिल्ली(ए.)**। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 56वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार की पुरुष और महिला टीम दिल्ली पहुंच चुकी है। खो-खो एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता का आयोजन 27 मार्च से 1 अप्रैल तक किया जाएगा। कुल 72 टीमें इसमें भाग ले रही हैं। गुरुवार को महिला टीम का उत्तराखंड और पुरुष टीम का पश्चिम बंगाल से मुकाबला होगा। खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने बताया कि सीनियर पुरुष टीम में अश्विनी रंजन (कैप्टन), विष्णु कुमार, धीरज कुमार, गौरव कुमार सिंह, मो. गुलसाद शाह, अमित कुमार, मिलन कुमार सिंह, सत्यम कुमार है।

## दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प, छह महिला समेत दर्जनभर लोग घायल

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। जिले के गोह प्रखंड में जहां रंगों के उमंग में खेल रहे बच्चे आपस में भिड़ गए और मामला तुल्य पकड़ लिया। जिसके बाद दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में 6 महिला समेत दर्जनभर लोग घायल हुए है। मामला बंदेया थाना क्षेत्र के झिकटीया पंचायत के घोंटा गांव की है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बीते मंगलवार होली के दिन संध्या घोंटा गांव निवासी कृष्णा यादव का 14 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार अपने घर से बाहर गांव के ही स्व शिवकुमार पासवान के 13 वर्षीय पुत्र मिन्टू कुमार के साथ रंग गुलाल लगा रहा था। इसी बीच दोनों बच्चे आपस में भिड़ गए। बच्चों का झगड़ा देखकर दोनों पक्ष के महिलाएं पहुंची और बच्चे को अलग



कराया। इसके बाद दोनों पक्ष के महिलाओं में कहा सुनी हुई और धीरे धीरे तु तु मैं मैं होते-होते बात बढता गया। जिसमें दोनों पक्षों के परिजनों के साथ जमकर लाठी डंडे चलें। जिसमें स्व. शिवकुमार पासवान की ओर से 53 वर्षीय सुरेन्द्र पासवान, 45 वर्षीय अवधेश पासवान अवध पासवान 35 वर्षीय निर्मला देवी 18 वर्ष करिश्मा कुमारी 14 वर्ष से नंदनी कुमारी 60 वर्ष से उग्रह पासवान एवं 56 वर्षीय अनीता देवी घायल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से 61वर्षीय कृष्ण यादव 57 वर्षीय अनीता देवी 23 वर्षीय कुंदन कुमार 40 वर्षीय प्रभा देवी 14 वर्षीय आकाश कुमार घायल हो गए हैं। सभी घायलों को पीएचसी गोह में भर्ती कराया गया भर्ती के दौरान चिकित्सक प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। वहीं थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। आवेदन मिलने पर कारवाई की जाएगी।

## पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को डाक विभाग से मिलेगी नागरिकता

निज संवाददाता | पटना

नागरिकता संशोधन अधिनियम कानून (सीएए) के तहत भारत में रह रहे वैसे शरणार्थी, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 के पहले भारत की नागरिकता मांगी थी। उन्हें डाक विभाग मदद करेगा। इस कानून के तहत ऐसे लोगों को नागरिकता दिलाने के लिए डाक विभाग को नोडल सेंटर बनाया गया है। इसे लेकर डाक विभाग बिहार सर्किल के तीनों प्रक्षेत्रों में निर्देश जारी कर दिया गया है। नागरिकता देने के संबंध में विचार-विमर्श के लिए अधिकारियों की एक कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें विदेश मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के राज्य सूचना अधिकारी, इंटेलिजेंस ब्यूरो के अफसर और पोस्टमास्टर जनरल शामिल रहेंगे, जिन्हें नागरिकता देने के लिए अधिकृत किया जाएगा। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कमेटी में पोस्टमास्टर जनरल की ओर से नामित डाक अधिकारी भी इस कमेटी में शामिल हो सकते हैं। शरणार्थी डाक विभाग में नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। अभी इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रंगों का त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं
शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट
बिहार सरकार और राज्य नर्सिंग काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त
अब नर्सिंग की पढाई हुई आसान
नामांकन प्रारंभ नामांकन प्रारंभ नामांकन प्रारंभ



नामांकन हेतु संपर्क करें
ADMISSION OPEN
Hostel Available
ANM
Auxiliary Nurse Midwifery
द्विवर्षीय पाठ्यक्रम
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
9546392904, 7991187121
डा. शोभा रानी सिन्हा
(निदेशक)
ग्रोथ सेन्टर, जसोइया मोड़, औरंगाबाद

रंगों का त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं
ESTD-2014
Reg. No. BEP/SSA/AU-259
UDISE CODE-10340301904
बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
STAR BRAINS ACADEMY
A Fully English Medium School
Based on C.B.S.E. Board, New Delhi
Class From Play to $X^{th}$
Facilities
» Smart Class
» Computer Class
» Vehicle on All Route
» Sports, Music & Dance
» Play Ground
» Everyday Doubt Clearing Class
» Corridors Under CCTV Surveillance
» Hostel Facilities
» Teacher's from kerela



ADMISSION IS GOING ON
Director
Dhananjya Kumar
(MBA)
Laldev Complex, S.K. Nagar, Aurangabad (Bihar)
Mob.:- 8539970212. 888251 15546
Email: info@starbrainsacademy | www. starbainsacademy.in

रंगों का त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता
मंगल मणि ज्वेलर्स
मोति साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स के बगल में
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
केवल हॉलमार्क सोने हीरे के आभूषणों के विक्रेता
रूप अलंकार ज्वेलर्स
सदर अस्पताल के सामने, औरंगाबाद
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता